दैनिक नव प्रदेश
आदिवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 12 मार्च 2026 | कृष्ण पक्ष-नवमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 32 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते हैं न कि उस जीत का अपना अलग ही मजा है जब आपके दुश्मन आपकी हार की दुआ कर रहे हों। हमारे देश में भी ऐसे कई गद्दार हैं जो टीम इंडिया को टी ट्वंटी वर्ल्ड कप के फायनल मैच में हारते हुए देखने के लिए मरे जा रहे थे। उनके मंसूबों पर पानी फिर गया और भारत तीसरी बार विश्व कप जीत गया। नतीजतन ये जलकुकड़े अब विश्व कप को मंदिर में ले जाए जाने पर कोहराम मचा रहे हैं। विश्व कप 140 करोड़ भारतीयों का है, ले जाओ उसे गुरुद्वारा,चर्च और मस्जिद में कौन रोक रहा है?

13 साल से कोमा में बेटा, माता-पिता की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दी 'इच्छा मृत्यु'

■ हरीश राणा केस में फैसला सुनाते भावुक हो गए सुप्रीम कोर्ट के जज जेबी पारदीवाला

नई दिल्ली (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं।

देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे।

पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया। परिवार ने बताया कि बेटे के इलाज के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में शेक्सपीयर का जिक्र किया

जस्टिस पारदीवाला ने फैसला सुनाते वक्त अमेरिकी धर्मगुरु हेनरी वार्ड बीचर के शब्दों का हवाला देते हुए कहा, 'ईश्वर मनुष्य से यह नहीं पूछते कि वह जीवन स्वीकार करता है या नहीं, उसे जीवन लेना ही पड़ता है।' उन्होंने विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक हेलमेट की पंक्ति 'To be or not to be' का भी जिक्र करते हुए कहा कि अदालतों को कई बार इसी तरह के प्रश्नों के संदर्भ में 'मरने के अधिकार' पर विचार करना पड़ता है।

हरीश हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरा था

दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है। यह स्थिति हरीश के लिए बहुत दर्दनाक है। परिवार के लिए उन्हें ऐसे देखना मानसिक रूप से बेहद कठिन हो गया है। वेंटिलेटर, दवाइयों, नर्सिंग और देखभाल पर कई साल से इतना खर्च हो चुका है कि परिवार आर्थिक रूप से टूट चुका है।

लाल आतंक का अंत जल्द: 3.61 करोड़ कैश और 101 हथियार लेकर सरेंडर, फोर्स के दबाव में बैकफुट पर संगठन

बस्तर में एक किलो 'सोना' के साथ 108 नक्सलियों का सरेंडर

जगदलपुर-कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में आज 108 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने इनके सरेंडर में रेड कार्पेट बिछाया। नक्सली अपने साथ जंगल से 1.64 करोड़ का 1 किलो सोना, 3 करोड़ 61 लाख कैश और 101 हथियार भी साथ लेकर आए, जो पुलिस को सौंप दिया।

लेवी वसूली के दौरान नक्सलियों ने यह पैसा इकट्ठा किया था। नक्सलियों के पास 7 एके-47, 10 इंसास राइफल, 5 एसएलआर राइफल, 4 एमजी राइफल, 20 नग 303 राइफल, 11 बीजीएम लॉन्चर बरामद हुए हैं। इन्हें सरकार की नीतियों का पूरा लाभ दिया जाएगा। पुलिस ने अपील की है कि, जो भी नक्सली बचे हैं, वो भी समय रहते सरेंडर कर दें। इन सरेंडर नक्सलियों पर 3.95 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित है। सरेंडर कार्यक्रम में बस्तर संभाग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ सरेंडर करने वालों में कई बड़े कैडर के नक्सली | **■ पुनर्वास नीति का लाभ, रेड-कार्पेट बिछाकर स्वागत** | **■ नक्सलियों पर 3.95 करोड़ रुपए का इनाम था**

जगदलपुर में 3.29 करोड़ के इनामी 108 सशस्त्र माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इनमें 44 महिला माओवादी भी शामिल हैं। यह बस्तर में शांति, सुशासन और विकास की जीत का प्रमाण है। भयमुक्त और विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण हमारा अटल संकल्प है।
– विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हमारी सरकार की नीतियों और सुरक्षा बलों के निरंतर अभियान के कारण माओवादी अब हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। सरकार उन्हें पुनर्वास की सभी सुविधाएं प्रदान कर रही है। बचे नक्सली भी सरेंडर कर दें। 31 मार्च 2026 तक राज्य में नक्सलवाद समाप्त करने का हमारा लक्ष्य पूरा होगा।
– विजय शर्मा, गृहमंत्री, छत्तीसगढ़

जगदलपुर में डीकेएसजेसी के 108 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनमें 44 महिला और 64 पुरुष नक्सली शामिल हैं। सभी सरेंडर करने वाले नक्सलियों पर कुल 3.२९ करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा बस्तर रेंज के विभिन्न जिलों में चलाए गए अभियानों से माओवादी संगठन बैकफुट पर है।
– सुंदरराज पी., आईजी, बस्तर

05	डिवीजनल कमेटी के सदस्य
02	PLGA कंपनी के प्रमुख पदाधिकारी
15	प्लाटून पार्टी कमेटी के सदस्य
21	एरिया कमेटी सदस्य (ACM)
63	पार्टी सदस्य (PM)

ओडिशा में 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

इधर ओडिशा के कंधमाल जिले में भी माओवादी संगठन को झटका लगा है, जहां स्टेट कमेटी मेंबर सनू पोटाम उर्फ नीतू समेत 10 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इन सभी पर कुल 1 करोड़ 65 लाख 62 हजार रुपये का इनाम घोषित था। बताया जा रहा है कि आत्मसमर्पण करने वाले ये सभी माओवादी मूल रूप से छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के रहने वाले हैं।

देशभर में एलपीजी की किल्लत एजेंसी के बाहर लगी लंबी लाइन

■ बिहार में पुलिस की सुरक्षा में बंट रहे सिलेंडर, राजस्थान में कालाबाजारी

नई दिल्ली/एजेंसी। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में एलपीजी की किल्लत हो रही है। गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगी हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है।

मध्य प्रदेश: कैटरर्स बोले- ये इमरजेंसी जैसी स्थिति: कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप होने से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट पर है। वहीं घरेलू रसोई गैस लेने के लिए गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें लगी है। जिन घरों में शादी है, वे टेंशन में हैं। अकेले भोपाल में ही 20 दिन में एक हजार से ज्यादा शादियां ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक: साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर आमजन को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एलपीजी के साथ ही पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रसोई गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को गैस एजेंसियों के स्टॉक की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आपूर्ति व्यवस्था पर सतत नजर रखने को कहा गया है।

न्यूज गैलरी

हाईकोर्ट ने निरंजन दास की जमानत अर्जी की खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में फंसे पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास की जमानत अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच ने कहा कि आर्थिक अपराध में आरोपी की मुख्य भूमिका है। लिहाजा, जमानत नहीं दी जा सकती। दूसरी ओर हाईकोर्ट ने एक अन्य आरोपी दीपेन चावड़ा की जमानत मंजूर की है।

नोवा स्पंज-आयरन प्लांट में हादसा, चार मजदूर झुलसे

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नोवा स्पंज आयरन प्लांट के फर्नेस सेक्शन में काम के दौरान अचानक पिघला हुआ लोहा (मोल्टन मेटल) मजदूरों पर गिर गया। जिससे काम कर रहे 4 मजदूर बुरी तरह झुलस गए। उन्हें इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र की है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश को हटाने का प्रस्ताव तैयार

नई दिल्ली/ए.। विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के लिए सांसदों के दस्तखत जुटा लिए हैं। सूत्रों के अनुसार यह प्रस्ताव गुरुवार या शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों में पेश किया जा सकता है। एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि हस्ताक्षर जुटाने का काम पूरा हो गया है। अब तक लोकसभा में प्रस्ताव देने के लिए लगभग 120 सांसदों और राज्यसभा में लगभग 60 सांसदों ने इस नोटिस पर दस्तखत किए हैं।

बिना टेंडर जंबूरी, ऐसी क्या थी मजबूरी!

■ बालोद जंबूरी खर्च पर सदन में हंगामा, नारेबाजी, मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का वॉकआउट

हेमंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में जंबूरी आयोजन में अनियमितता और विधायक रिकेश सेन को जान से मारने की धमकी पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने जंबूरी आयोजन में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। टेंडर खुलने से पहले ही काम शुरू हो गया था। उन्होंने सवाल किया कि जंबूरी के लिए निविदा कितनी बार ■ शेष पृष्ठ 8 पर



विधायक रिकेश सेन पूरी तरह सुरक्षित: कश्यप

शून्य काल में विधायक रिकेश सेन को जान से मारने की धमकी का मुद्दा सदन में गूंजा। उमेश पटेल ने सुरक्षा और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। संसदीय मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि विधायक पूरी तरह सुरक्षित हैं, जबकि विपक्ष ने स्पष्टीकरण से असंतुष्ट होकर नारेबाजी और सदन से वॉकआउट किया।

जवाब आने तक कार्यवाही में भाग नहीं लेगा विपक्ष: भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विधायक से बात की गई है और जवाब आने तक विपक्ष कार्यवाही में भाग नहीं लेगा। इसके बाद आसंदी ने संसदीय कार्यमंत्री को मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप इस मामले में दुर्ग के पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से बात करेंगे।

दुर्ग के सभी फॉर्म-हाउस की होगी जांच: कलेक्टर

■ अफीम की खेती का खुलासा होने के बाद आदेश

■ कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दूसरी बार दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

दुर्ग/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के समोदा गांव में अफीम की अवैध खेती को लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी विकास विश्नोई ने अफीम की खेती करना यूट्यूब वीडियो देखकर सीखा था। उसके मोबाइल की हिस्ट्री में खेती से लेकर अफीम तैयार करने और खपाने तक के सैकड़ों वीडियो मिले हैं। इधर अब कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के सभी फार्म हाउस की जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने मौके से अफीम की फसल नष्ट कर दिया है। ट्रैक्टर, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

6 साल से दुर्ग में रह रहा था आरोपी विश्नोई

आरोपी विकास विश्नोई पिछले करीब 6 साल से दुर्ग में रह रहा था। वो भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के कपास के फॉर्म हाउस में अपनी पत्नी के साथ रहता था। 3 मार्च को खेत में लगी अफीम की फसल की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तो पत्नी को दुर्ग से राजस्थान भेज दिया।

फूलों की खेती करना बताकर लीज में जमीन का इकरारनामा, उगाया अफीम

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर के त्रिपुरी क्षेत्र के सरनाटोली गांव में करीब 5 एकड़ में अफीम की फसल मिली, जिसे नष्ट करने की तैयारी की जा रही है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम मौके पर फसल को उखड़वा रही है और पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जा रही है। पुलिस ने खेतों की काम करने वाले झारखंड के 5 लोगों को हिरासत में लिया है। अफीम की खेती करने वाले सरगना की तलाश की जा रही है। इधर कांग्रेस ने जांच टीम बनाई है।

बलरामपुर जिले के छापेमारी के दौरान मौके पर बड़ी मात्रा में अफीम के डोडे सूखते मिले। पुलिस ने करीब 5 बोरी डोडा जब्त किया है। जिनमें चीरे लगे थे। ये डोडे सूखाने के लिए तोड़े गए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि झारखंड के एक व्यक्ति ने जशपुर जिले के ग्राम राझाडीपा निवासी भाजपा नेता और पूर्व सरपंच जिरमल राम के माध्यम से किसानों से संपर्क किया था। जमीन लीज में लेकर फूलों की खेती करना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

संवैधानिक मर्यादाओं का सम्मान जरूरी, आदिवासी समाज और मातृशक्ति का अपमान देश कभी स्वीकार नहीं करेगा: विष्णु देव

राष्ट्रपति के अपमान पर साय सख्त, ममता को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी को कड़ा पत्र लिखकर भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के साथ हाल ही में हुए व्यवहार पर गहरी आपत्ति जताई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि जनजातीय समाज से आने वाली देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति के साथ किया गया यह व्यवहार केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था, आदिवासी समाज और मातृशक्ति का अपमान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने पत्र में कहा है कि भारत की लोकतांत्रिक परंपराएं और शिष्टाचार पूरी दुनिया में सम्मानित रहे हैं। मतभेद को कभी भी मनभेद में न बदलने की हमारी संस्कृति रही है, लेकिन राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पद के प्रति न्यूनतम शिष्टाचार का भी पालन न किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से ठीक पहले एक जनजातीय समाज से आने वाली महिला राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं में लापरवाही और उनका अपमान किया जाना अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह घटना देश के करोड़ों आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों और मातृशक्ति की भावनाओं को गहराई से आहत करने वाली है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्य सरकार के व्यवहार को लेकर स्वयं राष्ट्रपति जी को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संवैधानिक पदों का सम्मान किया जाना चाहिए: साय

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्रपति देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था का प्रतीक हैं और उनके सम्मान से ही लोकतंत्र की गरिमा जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर संवैधानिक पदों का सम्मान किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट कहा कि जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति के सम्मान से जुड़ा यह विषय पूरे देश की अस्मिता और स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है, इसलिए देश और समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस प्रकरण में जिम्मेदारी के साथ कदम उठाए जाना आवश्यक है।

छत्तीसगढ़ में तैनात एयरफोर्स के विंग कमांडर ने की आत्महत्या

रायपुर/नवप्रदेश। विधायक विश्राम गृह के बंगला नंबर 79 में परिवार के साथ निवासरत एयरफोर्स के विंग कमांडर के खुदकुशी करने की खबर है। हरियाणा निवासी विपुल यादव की खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं है। घटना तेलीबांधा थाना इलाके की है, जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे।

बताया जा रहा है कि विंग कमांडर की पत्नी बेंगलुरु में जॉब करती है और दो दिन पहले ही दिल्ली चली गई। उसके दो बच्चे पिता के साथ रायपुर में ही रहते थे। पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

एसीपी सिविल लाइन रमाकांत साहू ने बताया कि विंग कमांडर विपुल यादव एंटी नक्सल ऑपरेशन के लिए छत्तीसगढ़ में पदस्थ थे। कमरे से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। खुद के बेडरूम के पंखे से लटकर फांसी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कर्मा जयंती सहित विभिन्न आयोजनों को लेकर जिला साहू संघ की बैठक

धमतरी/नवप्रदेश। जिला साहू संघ धमतरी की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को तेली सती सभा हॉल परिसर में आयोजित की गई इस अवसर पर जिले भर से साहू समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमे बैठक में समाज के सामाजिक, शैक्षणिक एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की शुरुआत समाज के आराध्य देवी-देवताओं एवं जननायकों को स्मरण करते हुए की गई। इस दौरान समाज के विभिन्न जन्मोत्सव कार्यक्रमों को भव्य रूप से मनाने तथा समाज के प्रत्येक गांव से युवाओं को जोड़कर सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही शिक्षा, खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई।बैठक में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, खेल प्रतिभाओं तथा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा समाज में एकता, सहयोग और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने पर भी सहमति बनी।जिसमे जिला साहू संघ धमतरी अध्यक्ष गणेश राम साहू ने कहा कि आगामी 14 मार्च को जिला धमतरी में साहू समाज की बाइक रैली निकाली जाएगी तथा 15 मार्च को

कर्मा जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए ग्रामीण अध्यक्षों एवं परिक्षेत्रीय अध्यक्षों को आसपास के गांवों में जाकर लोगों को कर्मा जयंती के महत्व के बारे में जागरूक करने और कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपस्थित लोग

बैठक में पूर्व विधायक लेखराम साहू के द्वारा जिला साहू संघ को 100 नग कुर्सियां भेंट की घोषणा की गई। अंत में अध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए जिसमे बैठक में गणेश राम साहू (अध्यक्ष), दया राम साहू (संरक्षक), चित्तरजन साहू (संरक्षक), सुभाष चंद साहू (संगठन सचिव), राजेंद्र साहू (उपाध्यक्ष), निर्मला साहू उपाध्यक्ष,विजय साहू (महासचिव), संत राम साहू (कोषाध्यक्ष), लीलाराम साहू लोकेश्वर साहू ,रामगोपाल साहू, अरुण साहू अध्यक्ष युवा प्रको.जागृति साहू सयोजिका , सीमात साहू अ.ब्या.प्रको. डीहूराम साहू अंक.गोवर्धन साहू , ठाकुर राम साहू , कामत प्रसाद साहू, रोहित साहू रेखा साहू , लोकेंद्र साहू, नारायण वर्मा ,अनीता, मंजू साहू, उमेश कुमार साहू, देवेंद्र कुमार साहू, तुलाराम साहू सहित जिला साहू संघ के सभी पदाधिकारी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, ग्रामीण अध्यक्ष एवं महिला प्रकोप की पदाधिकारी बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश प्रवक्ता बने गजेंद्ररथ गर्व

खरोरा/नवप्रदेश। प्रदेश की सबसे बड़ी गैर राजनीतिक संगठन छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश प्रवक्ता व मुख्य सलाहकार नियुक्त हुए गजेंद्ररथ गर्व छत्तीसगढ़ में लगातार एक दशक से आम छत्तीसगढ़ियों के अधिकार की लड़ाई लड़ने वाली प्रदेश की सबसे बड़ी गैर राजनीतिक संगठन छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार गजेंद्ररथ गर्व को संगठन का प्रदेश प्रवक्ता व मुख्य सलाहकार नियुक्त किया है। गजेंद्ररथ वर्तमान में छत्तीसगढ़िया पत्रकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं और लंबे समय से छत्तीसगढ़ की अस्मिता के लिए लड़ते रहे हैं, एक दशक से वे छ्यस के सक्रिय सदस्य रहते हुए विभिन्न पदों की जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष रहते गजेंद्ररथ ने लगभग दर्जनों गांवों में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित कर क्षेत्रीय अस्मिता को जगाने का प्रयास किया जिसका परिणाम आज दिखता है, वे लगातार अपने सोशल मीडिया शो इतवार जोहार स्ढ्ढ्ङ्क्ष के माध्यम से प्रदेशवाद की विचारधारा स्थानीय नवजवानों में भर रहे हैं।

ढारा-खैरागढ़ मार्ग की हालत जर्जर नवरात्रि में श्रद्धालु होंगे परेशान

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं। माता बमलेश्वरी के दरबार में हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रि को सुरक्षित, व्यवस्थित और भव्य तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक स्तर पर बैठकों और निरीक्षण का दौर जारी है।हाल ही में जिला मुख्यालय में जिला प्रशासन की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधायक हर्षिता बघेल, मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी तथा नगर पालिका के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में नवरात्रि के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।बताया जाता है की बैठक में विशेष रूप से पदयात्री मार्ग, सेवा पंडाल, चिकित्सा सुविधाएं, विद्युत और पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान तथा मंदिर परिसर में प्लास्टिक पर प्रतिबंध जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई है । अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और हर वर्ष की तरह इस बार भी व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाएं।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। विकासखंड कोरबा के दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण रूप से पहुँच सके, इसके लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कार्य की धीमी प्रगति देखकर उन्होंने नाराज़गी व्यक्त की और त्वरित सुधार हेतु स्पष्ट निर्देश दिए।कलेक्टर ने निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय, आंगनबाड़ी भवन तथा शिक्षक एवं चिकित्सक आवास की संरचना का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करते हुए किए जाएँ। साथ ही, इंजीनियरों को समय-समय पर स्थल पर उपस्थित रहकर कार्य की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए। ग्राम लेमरू में चिकित्सक आवास निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता को संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

स्कूल सुबह पाली में लगाए जाने की मांग

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन करने की मांग की है। स्कुल शिक्षा विभाग प्रशासन को पत्राचार कर शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है द्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में गर्मी का तापमान अधिकतम की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश मैं शालाए दो पाली मैं संचालित की जा रही है। द्वितीय पाली मैं लगने वाले स्कूलों मैं दोपहर के समय स्कूल से घर लौटते वक्त बच्चों को डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक (लू लगना) जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। विशेषकर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के छोटे बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

तांदुला ओवरब्रिज से राजहरा चौक तक हटाया गया अतिक्रमण

हाईवे किनारे अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर, तनाव की स्थिति, पुलिस रही तैनात

बालोद/नवप्रदेश। शहर में मंगलवार को प्रशासन का बड़ा बुलडोजर एक्शन देखने को मिला। तांदुला ओवरब्रिज से राजहरा चौक तक नेशनल हाईवे किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई शुरू की। इस दौरान टीन शेड, अस्थायी दुकानें, प्लेटफॉर्म और पक्के चबूतरे तक तोड़े गए। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में गहमागहमी का माहौल रहा और कुछ स्थानों पर विरोध की स्थिति भी देखने को मिली।

सुबह से ही राजस्व विभाग, नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंच गई थी। बुलडोजर और जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। कई दुकानों के सामने बने टीन शेड और प्लेटफॉर्म हटाए गए, वहीं कुछ स्थानों पर पक्के चबूतरों को भी तोड़ा गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमण करने वाले कुछ लोग नाराज नजर आए।

जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। हाल ही में इस मार्ग पर डिवाइडर का निर्माण किया गया है ।और अब सड़क को और चौड़ा करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाना जरूरी बताया गया है।

प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण हटाने से पहले संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने का समय दिया गया था, लेकिन तय समय में अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के कारण बुलडोजर चलाकर कार्रवाई करनी पड़ी।

पुलिस की मौजूदगी में जारी रही कार्रवाई

संभावित विरोध को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में बुलडोजर कार्रवाई लगातार जारी रही। पुलिस जवानों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर रखी थी ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से की जा रही है।

शहर में बना चर्चा का माहौल

मंगलवार को दिनभर शहर में इस कार्रवाई को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा। सड़क किनारे बने कई अस्थायी और स्थायी ढांचे हटने के बाद इलाके की तस्वीर बदलती नजर आई।प्रशासन का कहना है कि जहां-जहां अतिक्रमण किया गया है, वहां आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क चौड़ीकरण का कार्य बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके। फिलहाल तांदुला ओवरब्रिज से राजहरा चौक तक चले इस बुलडोजर एक्शन ने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है और अतिक्रमण करने वालों में हलचल मचा दी है।

नगरी में पेंशनर्स समाज ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, अतिथियों का किया सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी द्वारा जोन स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के योगदान और समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव अध्यक्षता पेंशनर्स समाज की इंद्राणी मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में आर.एल. देव, ए.एल. बनपेला तथा नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सहित पार्षदगण उपस्थित है । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से किया गया। इसके बाद इंद्राणी मिश्रा ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने महिला दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि महिलाएं आज राष्ट्र, प्रदेश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रही हैं।

कार्यक्रम का संचालन अलका गजपाल ने किया। उन्होंने महिलाओं को प्रथम पूज्य बताते हुए समाज में उनकी महिमा का उल्लेख किया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं शक्ति का स्वरूप हैं और आज वे पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर देश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं। जिसमे

कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष आर.एल. देव, संरक्षक ए.एल. बनपेला, सचिव पी.आर. चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जी.एस. वर्मा, डी.एस. ध्रुव, सुश्री शकुन कश्यप, एल.एस. गजपाल, अलका गजपाल, योगेंद्र गौर, जे.के. साहू, शारदा प्रसाद ग्वाले, नरेश ध्रुव, यशवंत नाग, एस.के. नाग, मोहन साहू सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

नंदी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 को

नगरी/नवप्रदेश। सांकरा के नंदी चौक की पहचान नन्दी की मूर्ति से हुआ करती थी। यह मूर्ति न सिर्फ चौक की रौनक थी बल्कि आसपास के लोगो और व्यापारियों की आस्था का केंद्र भी थी। कई व्यापारी ऐसे है जो नंदी महाराज से आशीर्वाद लेकर ही अपना कारोबार शुरू करते है।

विभिन्न पर्व व धार्मिक उत्सवों के अवसर पर नन्दी मूर्ति के आसपास खास माहौल रहता था लेकिन विगत दिनों नंदी चौक में पूर्व में स्थापित नंदी की मूर्ति को दूसरे स्थान ले जाया गया। उसके बाद से नंदी चौक के सभी दुकानदार चौक में सूनापन महसूस

कर रहे थे। चौक का न सिर्फ नाम बल्कि पहचान भी नंदी के नाम पर थी, मूर्ति हटने से पहचान ही खो गयी थी। पुराना वैभव लौटाने के किए आसपास के लोगो व दुकानदारों ने बैठक लेकर चर्चा की, जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नंदी चौक के पुराने स्थान पर फिर मूर्ति स्थापना की जाएगी। यह प्रस्ताव पारित करते हुए नंदी समिति का गठन भी किया गया। समस्त ग्रामीणों का सहयोग लेकर नन्दी मूर्ति की स्थापना का निर्णय लिया गया ताकि कोई व्यक्ति विशेष मूर्ति पर अपना अधिकार जताते हुए उसे अन्यत्र न ले जा सके। सांकरा के लोगो ने नन्दी चौक ने नन्दी महाराज की फिर से स्थापना के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाया, जिससे नंदी चौक में नंदी बाबा की मूर्ति बनकर तैयार हो गयी है। पश्चिमबंगाल के मूर्ति कलाकार को बुलाकर भव्य मूर्ति बनवाया गया है। 17 मार्च को पंडित डोमन प्रसाद के द्वारा पूरे विधि विधान से वेदी पूजा का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

सेवानिवृत्त पर निगम के 4 कर्मचारी को दी गई विदाई

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश/ नगर निगम के सभागृह में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में सहायक राजस्व निरीक्षक श्री कांतिलाल कोसरे, सहायक ग्रेड-3 श्री राजेन्द्र कुमार रामटेके, वाहन चालक श्री बैन्जामिन युनूस एवं सफाई कामगार श्रीमती श्यामबाई डोंगरे को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके, राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज हमारे 4 कर्मचारी जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए उनके लिये बिदाई समारोह आयोजित किया गया है। कर्मचारियो का सेवानिवृत्त होकर संस्था से जाना दुखद तो होता है, लेकिन शासकीय प्रक्रिया से सभी बंधे हुए है। उन्होंने कहा कि हमारे चारो कर्मचारी निगम के महत्वपूर्ण विभाग में काम किये है। श्री कांतिलाल कोसरे ने विधि विभाग में अपने दायित्वों का बहुत कुशलता से निभाया है। इसी प्रकार श्री राजेन्द्र रामटेके ने प्रधानमंत्री आवास जैसे महत्वपूर्ण विभाग में काम किया, वही बैजामिन यूनूस ने मोटर विभाग के साथ साथ नगर सेना में फायर ब्रिग्रेड का सफल संचालन किया तथा श्रीमती श्यामबाई ने सफाई जैसे कार्य को बखुबी निभाया। उन्होंने कहा कि इनका स्थान कोई नही ले सकता, लेकिन जुनियर कर्मचारियो को इनसे सीख लेकर काम करनी चाहिए।

मोदी युग में महिला सशक्तिकरण ख्वाब नहीं हकीकत है : बजाज

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि भारत की नारी ने हर युग में अपनी महानता सिद्ध की है। रामचरित मानस में माता सीता के त्याग एवं तपस्या की अमर गाथा हर नारी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अभनपुर क्षेत्र के ग्राम बेलर एवं भटगांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित रामकथा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास की भावना के कारण भारत की नारी और अधिक सशक्त होकर उभर रही है। महिला सशक्तिकरण के कारण देश में तेजी से विकास हो रहा है। श्री बजाज ने कहा कि मोदी युग में महिला सशक्तिकरण ख्वाब नहीं हकीकत है। उन्होंने आगे कहा कि रामायण प्रेरणादायी ग्रंथ है, इससे हमें कर्तव्य पथ पर चलने की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि राम की भक्ति में ही राष्ट्र की शक्ति निहित है। श्री बजाज ने कहा कि वर्तमान दौर में पूरी दुनिया के देशों में अंतर द्वंद चल रहा है लेकिन भारत एक मात्र ऐसा देश है जहां शांति और सद्भाव है।

बहुआयामी दृष्टिकोण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्षन एवं डॉ.अष्वनी कुमार ध्रुव विभागाध्यक्ष हिन्दी के संयोजन में महाविद्यालय के विगत 42 वर्शो में प्रथम बार दिनांक 11 एवं 12 मार्च 2026 को हिन्दी विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में पीएम-उशा द्वारा प्रायोजित भारतीय ज्ञान परंपरा का समकालीन विमर्षः बहुआयामी दृश्टिकोण विशय पर दो दिवसीय राश्ट्रीय संगोश्ठी का षुभारंभ हुआ

जिसका उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध वैचारिक विरासत को समकालीन संदर्भों में समझना तथा उसके विविध आयामों पर सार्थक अकादमिक विमर्श को प्रोत्साहित करना है।

प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, वंदेमातरम एवं राजकीय गीत से हुआ ।

सत्र के कीनोट स्पीकर डॉ.एन.जी.पेंडसे सेवानिवृत्त प्राध्यापक रानी दुर्गावती वि.वि.जबलपुर, चेयरपर्सन-डॉ.प्रभा वेरुलकर प्राचार्य, षास.महा.मगरलोड, कोचेयरपर्सन-डॉ.रमेष कुमार देवांगन प्राध्यापक वाणिज्य, षास.महा.नगरी, रिपोर्टर-प्रो.आर.आर.मेहरा एवं डॉ.कविता षास.महाविद्यालय नगरी रहें । अतिथियों का स्वागत पुश्पगुच्छ एवं बैच, मेमेंटो से किया गया । अतिथियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा की व्यापकता और उसकी समकालीन प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

सुशासन में सशक्त होती महिलाएं : मजदूरी से शुरू हुआ सफर, आज 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान

आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं सारंगपुरी की मधु कंवर

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में नई पहचान स्थापित कर रही हैं। धमतरी जिले की सारंगपुरी पंचायत निवासी मधु कंवर इसकी एक प्रेरणादायी मिसाल हैं, जिन्हें आज क्षेत्र में लोग सम्मानपूर्वक ÷लखपति दीदी÷ के नाम से जानते हैं।कभी आर्थिक तंगी के कारण दूसरों के खेतों में मजदूरी करने वाली मधु कंवर ने अपने संघर्ष, मेहनत और शासन की योजनाओं के सहयोग से जीवन की दिशा बदल दी। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया।

आज मधु कंवर अपने गांव में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का संचालन कर रही हैं। इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, आधार कार्ड अपडेट, श्रम कार्ड पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, बिजली बिल भुगतान सहित विभिन्न ई-गवर्नेंस सेवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध हो रही हैं।इस पहल से ग्रामीणों को अब छोटी-छोटी शासकीय सेवाओं के लिए शहर नहीं जाना पड़ता। मधु को इस कार्य से प्रतिमाह लगभग 10 से 12 हजार रुपये की नियमित आय भी हो रही है, जिससे उनका परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हुआ है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लेकर मधु कंवर जैसी महिलाएं आज आत्मनिर्भर बन रही हैं।

आजीविका मिशन से मिला आत्मविश्वास

मधु कंवर ने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च चलाना भी कठिन हो गया था। इसी दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जय माँ कर्मा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर नई शुरुआत की।समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने धान खरीदी-बिक्री, मशरूम उत्पादन और छोटे स्वरोजगार के कार्य शुरू किए। समूह के सहयोग से उन्हें ऋण की सुविधा भी मिली, जिससे उन्होंने अपने घर में ही कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की। धीरे-धीरे यह केंद्र उनके आत्मनिर्भर बनने का मजबूत माध्यम बन गया।

गोढ़ी में जिला स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन

धरसीवां/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में परियोजना धरसीवां 2 अंतर्गत ग्राम पंचायत गोढ़ी में आज जिला स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन परियोजना अधिकारी श्रीमती अलका सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर नवीन अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत 7 गर्भवती माताओं का सुपोषण टोकरी देते हुए गोद भराई किया गया एवं 6 माह पूर्ण किए 7 शिशुओं का खीर के द्वारा अन्नप्राशन किया गया।

विधानसभा बजट सत्र : आयुष्मान योजना का लाभ सही तरीके से हितग्राहियों को नहीं मिल रहा, आसंदी ने भी कहा- मंत्री को जल्द निर्णय लेना चाहिए

आयुष्मान मुद्दे पर घिरे स्वास्थ्य मंत्री, विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के विधायकों ने घेरा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आयुष्मान कार्ड का समुचित लोगों को नहीं मिलने, बड़े अस्पतालों में सुविधा का लाभ नहीं मिलने जैसे मुद्दे पर आज स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सदन में घिर गए।

विपक्ष की विधायक कविता प्राण लहरे के साथ सत्ता पक्ष के वरिष्ठ विधायकों ने मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया। ध्यानाकर्षण में कविता प्राण लहरे ने कहा कि निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना का लाभ सही तरीके से हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है. यही नहीं योजना में गम्भीर बीमारियों का इलाज नहीं हो रहा है।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, धर्मजीत सिंह और अमर अग्रवाल ने कहा कि यह जनहित से जुड़ा हुआ बहुत संवेदनशील मामला है. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना है. इस योजना में किसी भी तरह की कोई कोताही नहीं होनी चाहिए. योजना का लाभ पूर्णतया कार्डधारियों को मिलना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री को कहा कि इस पर घोषणा करनी चाहिए। आसंदी ने भी निर्देशित करते हुए कहा कि इस पर मंत्री को जल्द से जल्द निर्णय लेना चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस पर घोषणा की आवश्यकता नहीं है. इसके लिए नियम-निर्देश की आवश्यकता पड़ती है. स्वास्थ्य मंत्री ने ऐसा कहते ही सत्ता पक्ष के विधायक अजय चंद्राकर भड़क उठे. उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों को नकारा कोई घोषणा नहीं कर सकती इसके नियम क्या है? इसे टेबल किया जाना चाहिए। धर्मजीत सिंह और अमर अग्रवाल ने भी कहा कि घोषणा क्यों नहीं करते सकते मंत्री? उन्हें किस नियम-निर्देश की आवश्यकता बताना चाहिए। सुशांत शुक्ला ने कहा कि अपोलो अस्पताल बिलासपुर में आयुष्मान योजना को लेकर मैं सात बार पत्र स्वास्थ्य विभाग को लिख चुका हूँ।

भाजपा विधायक ने उठाया जर्जर पुल-पुलियों की मरम्मत का मुद्दा, साव ने दिया जवाब

आसंदी ने कहा- काम नहीं कर पा रहे ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करना चाहिए

विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक विक्रम उसेंडी ने कांकेर जिले के जर्जर पुल-पुलियों की मरम्मत का मुद्दा उठाया। संबंधित मंत्री के जवाब पर आसंदी ने काम नहीं कर पा रहे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करने की बात कही।

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक विक्रम उसेंडी ने कांकेर जिले अंतर्गत जर्जर पुल पुलियों के निर्माण की स्वीकृति का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि निर्माण कब तक होगा? क्योंकि पुलिया काफी संकरा है, और अब डेमेज हो गए हैं, रेलिंग भी नहीं हुई है? क्या इसकी वजह से दुर्घटनाएं घटित हुई है? हां तो किस तरीके की व्यवस्था की गई है?

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि जो कांकेर जिले से भानुप्रतापपुर पखांजूर की ओर जाने वाली सड़क काफी महत्वपूर्ण है. यह सही है कि आज की अवधि तक यह कार्य पूरा करना चाहिए था. जो कि अनुबंधक के चले जाने की वजह से नहीं हो पाया है. अब तक 134 में से 114 पुल-पुलियों का काम किया गया है। लेकिन जो अनुबंध में शामिल था, उसका निर्माण नहीं किया गया है। मामला उच्च न्यायालय में लंबित है।

उन्होंने बताया कि 11 पुल-पुलिए संकरे हैं, लेकिन विभाग ने उसे ठीक करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की है। सड़कों की स्वीकृति के लिए क्षेत्रीय अधिकारी को पत्र भी लिखा है। मंत्री जी ने निर्माण की घोषणा की है, बजट में शामिल है। एक पुल का काम अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। दूसरे के कार्य में भी हम लगे हुए हैं। हम चाहते हैं कि यह निर्माण कार्य जल्द हो जाए।

न्यूज गैलरी

बेटियों की पढ़ाई में सहारा बनी महतारी वंदन योजना: बिन्दा बाई

रायपुर/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना अंतर्गत अब तक 25वीं किस्त जारी हो चुकी है। मुंगेली जिले के 02 लाख 09 हजार 600 से अधिक महिलाओं के खाते में 19.22 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया जा चुका है। यह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य की माताओं, बहनों और बेटियों को सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रयास है। इसी कड़ी में विकासखण्ड पथरिया के ग्राम पीपरलोड की बिन्दा बाई घृतलहरे ने योजना के अंतर्गत मिलने वाली प्रतिमाह की सहायता राशि का अपनी बेटियों की पढ़ाई और आवश्यक शैक्षणिक खर्चों में उपयोग कर रही है। बिन्दा बाई ने बताया कि एक गरीब परिवार से है और मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करती है।

मानवता की सेवा के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी से जुड़ने का आह्वान

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार सीएमओ गोबरा-नवापारा श्री लोकेश कुमार के आग्रह पर एक दिन में 15 नए सदस्य बने जिसमें सीएमओ श्री लवकेश कुमार, श्री रोशन लाल, श्री संतोष यादव, सुश्री शीतल साहू, श्री मिट्ठू राम साहू, श्री बैसाखू राम साहू, श्री मुन्ना साहू, श्री गौकरण पाटकर, श्री भारत निषाद, श्री पंचराम साहू, श्री रमेश साहू, श्री जंगी राम निषाद, श्री निखिल चंद्राकर, श्री नवीन साहू, श्री दिनेश कुमार जांगड़े ने रेडक्रॉस सोसाइटी की सदस्यता ग्रहण की। गोबरा नवापारा में 15 आजीवन सदस्य के रूप में सदस्यता ली। श्री लोकेश कुमार ने सभी सदस्यों की सदस्यता राशि कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी डॉ. गौरव सिंह को दी। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एक स्वतंत्र मानव समाजसेवी संस्था है, जो आपदा एवं संकट की परिस्थितियों में पीड़ितों की सहायता के लिए समर्पित है। संस्था द्वारा भूकंप, आग, बाढ़ एवं सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन किया जाता है। संस्था से जुड़ने के लिए विभिन्न श्रेणियों में सदस्यता प्रदान की जाती है, जिसमें संरक्षक सदस्य के लिए 25,000 रुपए, उप संरक्षक सदस्य के लिए 12,000 रुपए, आजीवन सदस्य के लिए 1,000 रुपए तथा वार्षिक सदस्यता के लिए 100 रुपए निर्धारित किए गए हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से संस्था से जुड़कर मानव सेवा में योगदान देने का आह्वान किया गया।

वन तस्करों पर वन विकास निगम की कार्रवाई, लकड़ी से भरा ट्रैक्टर जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड के कवर्धा परियोजना मंडल ने वन अपराधों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सागौन और हल्दू की लकड़ी का अवैध परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। यह कार्रवाई पंडरिया परिक्षेत्र के कुकदूर क्षेत्र में की गई। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 मार्च की रात लगभग 11:45 बजे वन विकास निगम की टीम संरक्षित वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक पी एफ/1467 में गश्त कर रही थी। इसी दौरान डालामौहा से भेड़ागढ़ बैगापारा की कच्ची सड़क पर बिना नंबर प्लेट का एक संदिग्ध ट्रैक्टर आता हुआ दिखाई दिया। टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रोका और तलाशी ली। जांच के दौरान ट्रैक्टर में सागौन और हल्दू की लकड़ी लदा हुआ पाया गया, जिसका परिवहन बिना किसी वैध दस्तावेज के किया जा रहा था। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1), 41, 42 तथा छत्तीसगढ़ वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 के तहत कार्रवाई करते हुए वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18353/12 दिनांक 06 मार्च को दर्ज किया है। इस कार्रवाई के दौरान स्वराज ट्रैक्टर (मॉडल 735 एफई) को जप्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 7.5 लाख रुपए बताई गई है। इसके अलावा ट्रैक्टर से सागौन और हल्दू की लकड़ी सहित कुल लगभग 0.667 घन मीटर वनोपज बरामद की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक आयोजित

योजनाबद्ध विकास से छत्तीसगढ़ को मिलेगा नया ग्रोथ: साय

महानगरों की तर्ज पर विकसित होगा स्टेट कैपिटल रीजन, आधुनिक अधोसंरचना और कनेक्टिविटी को मिलेगी गति

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय में छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (स्टेट कैपिटल रीजन – SCR) की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण के उद्देश्य, कार्यप्रणाली, गतिविधियों तथा राजधानी क्षेत्र के समग्र और योजनाबद्ध विकास की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की परिकल्पना शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार-वाणिज्य और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की पहली बैठक अत्यंत सार्थक रही है और विभिन्न विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा के सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजधानी रायपुर और आसपास के शहर तेजी से विकसित होते हुए एक बड़े शहरी क्षेत्र का रूप ले रहे हैं, इसलिए महानगरों की तर्ज पर इनके संतुलित और योजनाबद्ध विकास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्टेट कैपिटल रीजन की घोषणा से जनता की अपेक्षाएँ भी बढ़ी हैं और इन अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित योजना और समयसीमा के अनुरूप पूरे किए जाएं तथा प्रगति की नियमित रूप से उच्चस्तरीय समीक्षा सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि राजधानी रायपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों को स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें रायपुर, दुर्ग-भिलाई, नवा रायपुर अटल नगर और आसपास के क्षेत्र शामिल होंगे। यह क्षेत्र बड़े महानगरों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा और भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास का एक प्रमुख ग्रोथ इंजन बनेगा।

बैठक में राजधानी क्षेत्र में क्षेत्रीय मोबिलिटी और लॉजिस्टिक्स के विकास, मेट्रो संचालन के लिए टेक्नो-इकोनॉमिक फिजिबिलिटी स्टडी, सर्वेक्षण कार्यों के संचालन तथा इसके लिए विशेषज्ञ सलाहकारों की नियुक्ति पर विचार किया गया। साथ ही प्राधिकरण के प्रशासकीय और वित्तीय अधिकारों के प्रत्यायोजन, ऑडिट सेवाओं के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की नियुक्ति और प्लानिंग प्रभाग के लिए विशेषज्ञ सलाहकारों की सेवाएं लेने के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में राजधानी क्षेत्र विकास एवं निवेश योजना तैयार करने की कार्ययोजना पर भी विचार किया गया। इसके अंतर्गत निवेश क्षेत्रों का विधिवत चिन्हांकन, आवश्यक सर्वेक्षण, अनुसंधान एवं अध्ययन तथा चरणबद्ध रूप से परियोजनाओं के क्रियान्वयन की रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही राजधानी क्षेत्र में भूमि विकास और आबंटन की प्रक्रिया को सरल बनाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी करने पर सहमति बनी। बैठक में प्राधिकरण की प्रारंभिक गतिविधियों के लिए 27 करोड़ रुपये के प्रावधान की जानकारी भी दी गई।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, मुख्य सचिव श्री विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अंकित आनंद, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., एनआरडीए के सीईओ श्री चंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि भौगोलिक दृष्टि से देश के मध्य में स्थित छत्तीसगढ़ व्यापार, वाणिज्य और उद्योग के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। स्टेट कैपिटल रीजन के विकास से राजधानी और आसपास के शहरों में योजनाबद्ध शहरी विस्तार, बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी, आधुनिक अधोसंरचना और निवेश के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

कबीरधाम में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए शुरू होगी मुहिम

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव में लिए वृहत ''एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान'' शुरू होने जा रहा है। राज्य शासन की संवेदनशील पहल पर यह वृहत कार्यक्रम प्रारंभ होने जा रहा है। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक गत दिवस आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने इस टीकाकरण अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को एच.पी.वी. टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान जिले के चिन्हांकित स्वास्थ्य संस्थाओं में संचालित किया जाएगा तथा एच.पी.वी. का टीका पूरी तरह सुरक्षित है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए 14-15 वर्ष की बालिकाओं के चिन्हांकन, पालकों को जानकारी प्रदान करना और आवश्यक सहमति लेने का कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में एक बड़ी समस्या है। ऐसे में यह टीकाकरण कार्यक्रम बच्चियों जरूरी सुरक्षा कवच प्रदान करेगी। इसका लाभ जिले की हर पात्र बालिका को मिलना चाहिए। सीएमएचओ डॉ. डी.के. तुरे ने अभियान के बारे में बताया कि प्रतिवर्ष विश्व में लगभग 74 हजार से 77 हजार महिलाओं की मृत्यु सर्वाइकल कैंसर से होती है, जिसमें से लगभग एक-तिहाई मौतें भारत में होती हैं। करीब 48 प्रतिशत मामलों को समय रहते पहचान कर बचाया जा सकता है।

चंदन को राजधानी विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर आंशिक फेरबदल करते हुए दो अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अलग-अलग आदेशों में यह निर्णय लिया गया। जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2011 बैच के भा.प्र.से. अधिकारी चंदन कुमार को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्तमान में वे वित्त विभाग में विशेष सचिव के साथ ही बजट तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के पद पर कार्यरत हैं। वहीं दूसरे आदेश में राज्य शासन ने तीर्थराज अग्रवाल, भा.प्र.से., उप सचिव (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) को धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। अब वे केवल अपने मूल दायित्व यानी योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में उप सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

नवा रायपुर में परम्परा से पहचान तक 'आदि परब-2026' का भव्य आयोजन

राज्य के चिन्हांकित 43 जनजातियों और उपजातियों की संस्कृति, परिधान और चित्रकला का प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की परिकल्पना और निर्देश पर 13 और 14 मार्च 2026 को नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 'परम्परा से पहचान तक' - आदि परब - 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कला और परंपराओं को राष्ट्रीय मंच देने के उद्देश्य से 'आदि परब-2026' का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से आदिम जाति विकास विभाग के अंतर्गत आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी आज टीआरटीआई में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा और प्रशिक्षण संस्थान के संचालक श्रीमती हिना अनिमेष नेताम ने दी।

आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा और आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संचालक श्रीमती हिना अनिमेष नेताम ने प्रेसवार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की परिकल्पना और निर्देश पर 'आदि परब-2026' का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में विभाग इस आयोजन को सफल बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की 43 जनजातियों के साथ-साथ मध्यप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और झारखंड के जनजातीय समुदाय भी शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य जनजातीय पहचान, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा पारंपरिक ज्ञान के संवर्धन को बढ़ावा देना है। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत ÷आदि-परिधान जनजातीय अटायर शो÷ का आयोजन 13 मार्च को सुबह 10.30 बजे से शाम 8 बजे तक और 14 मार्च को शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा।

कार्यक्रम : राज्यपाल ने संत शदाराम साहिब भाषा भवन का शिलान्यास किया, आइडियाथॉन का शुभारंभ

अपनी भावनाओं, सुख-दुख को व्यक्त करने का सबसे सरल माध्यम है मातृभाषा: डेका

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज संत शदाराम साहिब भाषा भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अंतर्गत इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर के तहत आयोजित आइडियाथॉन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अपनी भावनाओं, दुख और खुशी को व्यक्त करने का सबसे सरल और सशक्त माध्यम हमारी मातृभाषा होती है। उन्होंने मातृभाषा की समृद्धि और विकास पर बल देते हुए कहा कि मातृभाषा से हम सब का आत्मीय जुड़ाव होता है। किसी अनजान जगह पर जब हम किसी मातृभाषी से मिलते है तो उनसे तुरंत एक स्नेह के बंधन में बंध जाते हैं।

हमारा देश अपनी समृद्ध संस्कृति और विविध भाषाओं के लिए जाना जाता है। हमारा देश बहुभाषी होते हुए भी आपस में एकता के सूत्र में बंधा हुआ है। इसमें संस्कृत भाषा का महत्वपूर्ण योगदान है। हमारी प्राचीनतम भाषा संस्कृत है। अगर बारीकी से अध्ययन किया जाए तो आप देखेंगे कि संस्कृत भाषा शब्द सभी भारतीय भाषाओं-हिन्दी, तमिल, तेलुगू, बंगाली, असमिया आदि में सम्मिलित है। हमारी सांस्कृतिक विविधता ही हमारी सबसे बड़ी विशेषता है।

श्री डेका ने कहा कि संत शदाराम साहिब भाषा भवन का शिलान्यास करते समय उन्हें प्रसन्नता हो रही है, सिंधी भाषा संवर्धन की दिशा में यह उल्लेखनीय कदम है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में सिंधी भाषा में एक वर्ष का डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर (एम.ए.) पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं, जो भाषा को जीवित रखने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत में अनेक भाषाएं एवं बोलियां बोली जाती है। इनमें से एक सिंधी भाषा है, जिसमें साहित्य और संस्कृति निरंतर प्रवाहमान है। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद सिंधी समाज के लोग भारत देश का हिस्सा बनकर रह रहे है, सिंधी समाज के लोगों ने अपनी मेहनत के दम पर आज संपन्नता हासिल की और समाज ने देश के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश का ऐसा कोई राज्य नहीं होगा जहां सिंधी भाषी न रहते हों। छत्तीसगढ़ में भी बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करना अच्छी बात है लेकिन जिस प्रदेश में हम रहते है। वहां की भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। तभी समाज में समरसता आती है। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं का इतिहास अत्यंत प्राचीन एवं समृद्ध रहा है। भारतीय भाषाएं हमारी सांस्कृतिक अस्मिता हैं। राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी भाषाएं मिलकर सांस्कृतिक सम्पन्नता को अभिव्यक्त करती हैं। इनका संरक्षण एवं संवर्धन करना हमारा कर्तव्य है। हमें मातृभाषाओं तथा भारतीय भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। इनका प्रचार-प्रसार करना चाहिए। आधुनिक तकनीकी से जोड़ने का प्रयास भी आवश्यक है, जिससे आने वाली पीढ़ियों तक इन भाषाओं में समाहित ज्ञान-विज्ञान, इतिहास-विरासत, साहित्य एवं कला-संस्कृति आदि को सहज रूप में हस्तांतरित किया जा सके।

सुविचार

लोग यदि आपका विरोध करें तो डरो मत क्योंकि लोग उसी पेड़ पर पत्थर मारते हैं जिन पर फल लगे होते हैं। - अज्ञात

महिलाओं की हो सकती है बल्ले-बल्ले

संसद के बजट सत्र में ही नारी वंदन अधिनियम में एक बार फिर संसोधन होने की अटकलें लगाई जा रही है। यदि ऐसा हुआ तो 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव के पूर्व ही महिलाओं की बल्ले बल्ले हो जाएगी और उन्हें लोकसभा तथा देश के सभी राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल जाएगा। गौरतलब है कि 2023 में सरकार ने नारी वंदन अधिनियम के नाम से महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा था जो सर्वसम्मति से पारित हो गया था। यही नहीं बल्कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने तो इस महिला आरक्षण विधेयक को कानून का रूप देकर तत्काल लागू करने की पूर्जोर मांग भी उठाई थी। उल्लेखनीय है कि इस महिला आरक्षण कानून में यह प्रावधान किया गया था कि इसे जनगणना पूरी होने के बाद और लोकसभा सीटों का नये सिरे से परिसीमन करने के बाद लागू किया जाएगा। इस प्रावधान के चलते ही महिला आरक्षण और लंबे समय तक टलने की संभावना बन गई थी। भारत में जनगणना का काम ही पिछले पांच सालों से टलता रहा है लेकिन अब इसके प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है और 2027 तक जनगणना का काम पूरा होने की उम्मीद की जा रही है। किन्तु परिसीमन का काम और लंबी अवधि तक चल सकता है क्योंकि अभी तक परिसीमन आयोग का गठन ही नहीं किया गया है। ऐसे में परिसीमन की जटिल प्रक्रिया को पूरा होने में चार पांच साल से भी अधिक का समय लग सकता है। जाहिर है इस स्थिति में 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के लाभ से वंचित होना पड़ेगा और उन्हें पांच साल और इसका इंतेजार करना पड़ेगा। अब सरकार ने आगामी लोकसभा चुनाव में आधी आबादी कही जाने वाली महिलाओं को अपने पक्ष में करने के लिए 2029 से पहले ही महिला आरक्षण कानून को लागू करने का मन बना लिया है जो शुभ संकेत है। सरकार ने इसकी कवायद भी शुरू कर दी है। विपक्षी पार्टियों के साथ उसने चर्चा भी शुरू कर दी है ताकि बजट सत्र में ही महिला आरक्षण कानून में एक बार फिर संसोधन किया जाये और इससे लोकसभा सीटों से परिसीमन का प्रावधान हटाया जाये। यदि सरकार इसमें सफल हो जाती है और विपक्षी पार्टियां भी अपनी सहमति जता देती है तो निश्चित रूप से 2029 के लोकसभा चुनाव में 1 तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी और उसके बाद होने वाले राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिल जाएगा। गौरतलब है कि महिला आरक्षण विधेयक दशकों से संसद में लटका हुआ था। इसके पारित कराने में न तो तात्कालीन सरकारों ने दिलचस्पी दिखाई थी और न ही विपक्षी पार्टियां इसके लिए सहमत हुई थी। खासतौर पर क्षेत्रीय पार्टियां तो महिला आरक्षण विधेयक के सख्त खिलाफ रही हैं। यही वजह है कि महिला आरक्षण विधेयक लंबे समय तक ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। बहरहाल 2023 में एनडीए की सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर गंभीरता दिखाई और पहली बार तमाम विपक्षी पार्टियां भी इससे सहमत हो गई किन्तु जनगणना और परिसीमन की बाध्यता के चलते महिला आरक्षण कानून की राह में रोड़ा आ गया था अब उसे हटाने की तैयारी की जा रही है जो स्वागत योग्य कदम है। वर्तमान में लोकसभा में सिर्फ 74 महिला सांसद हैं जो महिला आरक्षण कानून लागू होने के बाद बढ़कर 179 हो जाएगा। जब इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं देश की संसद में पहुंचेंगी तो महिलाओं के हित में और ज्यादा प्रभावी कानून बनने लगेंगे। इसी तरह देश की विभिन्न विधानसभाओं में सिर्फ 390 महिला विधायक हैं जिनकी संख्या महिला आरक्षण कानून लागू होने से बढ़कर 1360 हो जाएगी। जाहिर है ऐसा होने पर ही सही मायने में महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा और आधी आबादी को पूरा नहीं तो एक तिहाई हक तो मिल ही जाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए की संसद के इस बजट सत्र में महिला आरक्षण कानून मे आवश्यक संसोधन हो जाएगा। बशर्ते सत्ता पक्ष और विपक्ष नूरा कूसती बंद करके इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपना ध्यान केन्द्रित करे और महिला आरक्षण कानून को संसोधित कर तत्काल लागू करें।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ जाएगी नहीं। जो बचपन में सीखा हुआ ज्ञान होता है वो मरता नहीं है, वो बढ़ता ही जाता है ब्याज के साथ इसलिए शिक्षा को बचपन से ही सही रखिए।

◆ अहंकारी कहते किसको हैं? जो कामी है पर स्वयं मानता नहीं, क्रोधी है पर स्वयं मानता नहीं, लोभी है पर स्वयं मानता नहीं; वही तो अहंकारी है। जिसने मान लिया उसका अहंकार जल गया।

◆ मोह रहते प्रेम सदा ढका रहेगा और यह जिंदगी प्रेमहीन रह जाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1872 लॉर्ड मायो को मौत के घाट उतारने वाले शेर अली को फांसी पर लटकाया गया। 1930 गांधी जी ने नमक सत्याग्रह के लिए अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से अपनी दांडी यात्रा शुरू की। उन्होंने इसके साथ ही सविनय अवज्ञा आंदोलन भी शुरू किया और लोगों से ब्रिटिश हुकूमत को कर अदा न करने को कहा। 1938 जर्मनी ने ऑस्ट्रिया पर हमला किया। 1942 दूसरे विश्व युद्ध के समय ब्रिटिश सैनिकों ने अंडमान द्वीप खाली किया। 1954 भारत सरकार ने साहित्य अकादमी की स्थापना की। 1960 भारतीय मनीषी, लेखक और संस्कृत विद्वान क्षितिमोहन सेन का निधन। 1967 इंदिरा गांधी दूसरी बार देश की प्रधानमंत्री बनीं। 1992 मारिशस गणराज्य घोषित। 1993 मुंबई में कई बम धमाकें हुए और उनमें 300 लोग मारे गए और सैकड़ों से अधिक घायल हो गए। 1998 प्रथम टर्बोनेट इंजन निर्माता हेन्स जोशिम पाबस्ट वान ओहेन का निधन। 2003 सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिनजिब की बेलग्रेड में हत्या। 2004 दक्षिण कोरियाई संसद में महाभियोग पारित होने के बाद राष्ट्रपति रोह मू हुन पद से निलम्बित।

प्रेम शर्मा

ट्रंप का खास तरीका है कि वे पहले से बने-बनाए ढांचों को तोड़ देते हैं, यह देखने से पहले कि टुकड़े कहां गिरेंगे और जीत का ऐलान करने का कोई तरीका ढूंढते हैं। मिडिल ईस्ट में यह तरीका लागू होने पर यह रणनीति बहुत ज्यादा रिस्की हो सकता है और साथियों के लिए इस युद्ध के अंजाम का अंदाजा लगाना नामुमकिन है।पश्चिम एशिया बारूद के ढेर पर है। इज़राइल द्वारा ईरान के सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर व्यापक बमबारी के जवाब में ईरान की बहुस्तरीय प्रतिघात रणनीति ने संघर्ष को सीमित झड़प से क्षेत्रीय युद्ध की दिशा में धकेल दिया है। अब यह टकराव केवल दो देशों के बीच नहीं, बल्कि व्यापक त्रासदी का कारण बनता लग रहा है। दोनों पक्ष अपने-अपने नैरेटिव में आत्मरक्षा और निवारण का हवाला दे रहे हैं, किंतु परिणामस्वरूप युद्ध की परिधि बढ़ती जा रही है। बाजारों की घबराहट, तेल की कीमतें, शरणार्थी संकट और साइबर हमलों का जोखिम-सब मिलकर इसे वैश्विक चिंता का सबब बना रहे हैं।

महाविनाशक अर्थव्यवस्था का दौर

अति महात्वकांक्षा एवं सुपर पावर शाक्ति प्राप्त करने के लिए अमरीका ऐसा पहली बार नही कर रहा बल्कि सौ साल पहले भी अमरीका ने हजारों कराड़ों रूपये की होली खेली है। यह युद्ध केवल ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के लिए घातक नही है बल्कि इसका प्रभाव अब वैश्विक स्तर पर दिखाई देने लगा है। लाखों जीवन तबाह होने के साथ जिस तरह से आर्थिक रूप से यह युद्ध तबाही की ओर बढ़ रहा है इसके परिणाम विश्व के अन्य देशों के साथ स्वंय अमरीका और इजराइल को भी भोगनें होगें। युद्ध के दो सप्ताह के अन्दर ही महंगाई की शुरूआत होना इस बॉत का संकेत है कि जितने अधिक दिनों तक यह युद्ध चलेगा इसका असर ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के साथ दुनिया भर में बढ़ता जाएगा। हम केवल आर्थिक दृष्टि से नजर डाले तो ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष में अमेरिका हर दिन करीब 891 मिलियन से 1.43 बिलियन डॉलर तक खर्च कर रहा है। यानी भारतीय मुद्रा में यह रोजाना लगभग 7,000 करोड़ से 12,000 करोड़ रुपये के बराबर है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह संघर्ष लंबा चला तो इसकी लागत सैकड़ों अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। इसका सबसे बड़ा खतरा तेल आपूर्ति और वैश्विक अर्थव्यवस्था जुड चुका है। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था। इसके बाद से ईरान ने जवाबी हमले शुरू किए थे। इस तरह से मंगलवार इस युद्ध का 11 वां दिन था। अब ईरान उन देशों को भी निशाना बना रहा है, जिनमें अमेरिकी सेना के अड्डे हैं। इस वजह से यह युद्ध कई देशों में फैल गया है। इस युद्ध की वजह से तेल-गैस के बाजार में हाहाकार मचा हुआ है। इस युद्ध में ईरान, इजरायल और अमेरिका के अलावा साइप्रस, लेबनान, ईराक, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमिरात, सीरिया, कतर, ओमान भी शामिल हैं। यानि अप्रत्यक्ष रूप से इसका असर विश्व के अंतिम छोर तक के देशों में दिखाई पड़ेगा। यानि कोविड-19 कोरोनावायरस महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाला। 2020 के दौरान, विश्व का कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.4 प्रतिशत गिरा था। अब इस युद्ध ने विश्व को महाविनाशक

अर्थव्यवस्था की ओर धकेल दिया है। ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका की भूमिका व्यापक है। अमेरिका ने ना सिर्फ इजरायल के साथ इस जंग में हिस्सा लिया है बल्कि उसकी सहायता ने जमीन पर समीकरण बदले हैं। अमेरिका ने ही इस युद्ध की दिशा को बदल दिया है। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी सुपरपावर है, उसके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं। यही वजह है कि पिछले कई दशकों में जब दुनिया ने भीषण युद्ध देखे, अमेरिका ने उनमें अपनी अहम भूमिका अदा करते हुए अरबों-खरबों डॉलर खर्च किए। पहले विश्व युद्ध में अमेरिका का खुल खर्च 32 अरब डॉलर रहा था। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में लगभग 4.1 ट्रिलियन डॉलर खर्च किए थे। इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर जो हमला किया है, उसकी आर्थिक कीमत बहुत बड़ी मानी जा रही है। उधर अमरीका में ही यह चर्चा शुरू हो चुकी है कि अमेरिकी सेना कुशल है, लेकिन युद्ध का अंतिम लक्ष्य अस्पष्ट है। यह सैनिकों के लिए खतरा है और प्रशासन की रणनीति लगातार बदल रही है। ट्रंप की सैन्य नीतियाँ तो और भी शानदार हैं। अमेरिकी सेना को फिर से महान बनाने के लिए अरबों डॉलर खर्च किए। ड्रोन हमले बढ़ाए। सीरिया में बम गिराए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति का रातोंरात अपहरण कर लिया। युद्धजीवी पाकिस्तान को गोदी में बिठा लिया। ईरान को तबाह कर दिया। क्या यह शांति है ? इस युद्ध ने वेस्ट और मिडिल ईस्ट के देशों के लिए नई जियोपॉलिटिक्स की परिभाषा लिख दी है। वो ट्रंप के साथ भी नहीं रह सकते और उनके बिना भी नहीं रह सकते। युद्ध का अंत अमेरिकी सहयोगियों के लिए भी एक बारूदी सुरंग जैसा होगा। वहीं, खाड़ी में अमेरिका के प्रति लोगों का नजरिया बदलेगा, लेकिन ईरान के व्यवहार पर भी इसका असर पड़ेगा। ईरान युद्ध के नतीजे गंभीर और लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे दुनिया को बदलने की ओर इशारा कर रहे हैं। ट्रंप का खास तरीका है कि वे पहले से बने-बनाए ढांचों को तोड़ देते हैं, यह देखने से पहले कि टुकड़े कहां गिरेंगे और जीत का ऐलान करने का कोई तरीका ढूंढते हैं। मिडिल ईस्ट में यह तरीका लागू होने पर यह रणनीति बहुत ज्यादा रिस्की हो सकता है और साथियों के लिए इस युद्ध के अंजाम का अंदाजा लगाना नामुमकिन है।पश्चिम एशिया बारूद के ढेर पर है। इज़राइल द्वारा ईरान के सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर व्यापक बमबारी के जवाब में ईरान की बहुस्तरीय प्रतिघात रणनीति ने संघर्ष को सीमित झड़प से क्षेत्रीय युद्ध की दिशा में धकेल दिया है। अब यह टकराव केवल दो देशों के बीच नहीं, बल्कि व्यापक त्रासदी का कारण बनता लग रहा है। दोनों पक्ष अपने-अपने नैरेटिव में आत्मरक्षा और निवारण का हवाला दे रहे हैं, किंतु परिणामस्वरूप युद्ध की परिधि बढ़ती जा रही है। बाजारों की घबराहट, तेल की कीमतें, शरणार्थी संकट और साइबर हमलों का जोखिम-सब मिलकर इसे वैश्विक चिंता का सबब बना रहे हैं।

डॉ. नीलम महेंद्र

भारत आज गर्व से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश होने का दावा करता है। वैश्विक दूध उत्पादन में हमारी हिस्सेदारी लगभग 25त्न है। आंकड़ों की बाजीगरी में हम नंबर वन हैं, लेकिन क्या कभी हमने उस दूध के गिलास की गहराई में झांक कर देखा है जिसे हम 'अमृत' समझकर अपने बच्चों को पिलाते हैं? हालिया रिपोर्ट्स और समाचार पत्रों के दावे चौंकाने वाले ही नहीं, रूह कंपा देने वाले हैं। क्योंकि दुर्भाग्य से आज देश भर में जांचे गए दूध के हर तीन में से एक नमूना जांच में फेल हो रहा है। यह महज एक सांख्यिकीय डेटा नहीं है, बल्कि हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की विफलता का अलार्म है।

दूध में मिलावटः आर्थिक अपराध नहीं, नैतिक पतन की पराकाष्ठा

एफएसएसएआई की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2018 के बीच दूध में मिलावट का ग्राफ16.64त्न था, जो 2022 तक बढ़कर 38% तक पहुंच गया। यानी लगभग हर तीसरा गिलास मिलावटी है। उत्तर भारतीय राज्यों में यह समस्या अधिक विकराल है। दूध के नमूनों में 'नॉन-कन्फर्मिंग' (अमानक) होने की दर उत्तर भारत में करीब 47त्न तक पाई गई है। लेकिन समस्या इतनी भर नहीं है कि दूध में मिलावट के आंकड़े खतरनाक स्तर पर पहुंच गए हैं, चुनौती यह है कि देश की सेहत से जुड़े इस गंभीर मामले को लेकर हमारा तंत्र कितना लापरवाह है। मध्यप्रदेश के ग्वालियर की एक रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 सालों में डेयरी उत्पादों में मिलावट के 490 केस दर्ज हुए, 3.66 करोड़ का जुर्माना लगाया गया, लेकिन वसूली शून्य के बराबर रही। जब कानून का क्रियान्वन ही नहीं हो पाता, तो मिलावटखोरों के हौसले बुलंद होना लाजिमी है।

क्या हमने कभी सोचा है कि उस एक गिलास मिलावट वाले दूध में वास्तव में क्या है?

हम अक्सर सोचते हैं कि मिलावट का मतलब सिर्फ दूध में पानी मिलाना है। काश ऐसा ही होता! पानी से केवल पोषण कम होता है, लेकिन आज जो मिलाया जा रहा है वह सीधे मौत का सामान है!

मुनाफाखोरों के लालच की इंतहा यह है कि दूध में झाग बनाने और फैट दिखाने के लिए वाशिंग पाउडर और यूरिया का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि यूरिया हमारे गुर्दों (किडनी) पर सीधा प्रहार करता है।

इसके अलावा दूध को सफेद और गाढ़ा दिखाने के लिए घटिया दर्जे का तेल और कास्टिक सोडा मिलाया जाता है, जो पाचन तंत्र को पूरी तरह ध्वस्त कर सकता है।

दूध को लंबे समय तक फटने से बचाने के लिए हानिकारक रसायनों का प्रयोग होता है, जो भविष्य में कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

लेकिन लाभ की अंधी दौड़ मासूमों के स्वास्थ्य को कितनी हानि पहुंचा रही है, इस बात की संवेदनशीलता को हम समय रहते समझ जाएं यह आवश्यक है। नहीं तो जो भारत आज इस बात पर इतरा रहा है कि वो विश्व का सबसे

युवा देश है उसे बच्चों और युवाओं के सबसे खराब स्वास्थ्य वाला देश बनने में देर नहीं लगेगी।

एक मां जब अपने बच्चे को दूध पिलाती है, तो इस विश्वास के साथ कि वह उसे स्वस्थ पोषण दे रही है। लेकिन क्या उस मुनाफेखोर को जरा भी आत्मग्लानि होती है जो चंद रुपयों के लिए वो एक मां की ममता से विश्वासघात कर रहा है? यह केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है, यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। दरअसल भारत में दुग्ध उत्पादन निरंतर बढ़ा है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की शक्ति है। परंतु उत्पादन की गति यदि गुणवत्ता की निगरानी से तेज हो जाए, तो संतुलन बिगड़ता है। मांग बढ़ती है, प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, और वहीं से अनैतिक शॉर्टकट का जन्म होता है। यदि निरीक्षण तंत्र अनियमित हो, यदि दंड विलंबित हो, यदि दोषियों को वास्तविक भय न हो–तो मिलावट एक "कम जोखिम, अधिक लाभ" का व्यापार बन जाती है।

समय-समय पर छापेमारी में मिलावटी घी, खोया और दूध की बड़ी मात्रा जब्त होती है। समाचार प्रकाशित होते हैं। पर क्या हमने यह देखा कि कितने मामलों में त्वरित और कठोर दंड हुआ? कितने लाइसेंस स्थायी रूप से निरस्त हुए? कितनी परीक्षण रिपोर्टें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई गईं ताकि नागरिक स्वयं गुणवत्ता जान सकें?

पारदर्शिता के बिना विश्वास संभव नहीं। इस समस्या में समाज भी निष्पक्ष दर्शक नहीं है, हम एक जागरूक नागरिक के नाते अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं चुरा सकते। हम सस्ता विकल्प चुनते हैं, स्रोत नहीं पूछते, लेबल नहीं पढ़ते। हम सुविधा को प्राथमिकता देते हैं और गुणवत्ता को अनुमान पर छोड़ देते हैं। जब उपभोक्ता प्रश्न पूछना बंद कर देता है, तब बाजार उत्तरदायित्व छोड़ देता है।

परिणाम स्वरूप आज मुनाफे की यह अंधी दौड़ हमें वहां ले जा रही है जहां हम ऐसी पीढ़ी तैयार कर रहे हैं जो जवानी आने से पहले ही बीमारियों के बोझ तले दबी जा रही है।

आज 'श्वेत क्रांति' 'श्वेत संकट' बन चुका है।

स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए सरकारी स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि नियमों का कठोरता से पालन हो। नियमित वैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य हों और उनकी रिपोर्ट सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाए। दोषियों के विरुद्ध त्वरित न्यायिक प्रक्रिया और कठोर आर्थिक दंड सुनिश्चित हों, ताकि मिलावट आर्थिक रूप से अलाभकारी बने। उपभोक्ता के स्तर पर भी जागरूकता उपलब्ध करने को प्राथमिकता दी जाए। इसके लिए परीक्षण किट, सूचना और शिकायत तंत्र तक उसकी सहज पहुँच हो जो आज के डिजिटल इंडिया में कोई कठिन लक्ष्य नहीं है।

अगर हम इक्कीसवीं सदी के युवा एवं स्वास्थ्य भारत के स्वप्न को साकार करना चाहते हैं तो हमें अपनी भावी पीढ़ी के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी ही होगी और मिलावट के विरुद्ध कठोर कदम उठाने होंगे।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

स्वयं इतना कभी अभिमान न हो। आँसू का कोई भी अपमान न हो।। मैं नहीं रहा कभी श्राप बन कर। तुम भी वैसे, कोई वरदान न हो।। किस काम के वो रिश्ते जहाँ पर। एक दूजे के वास्ते सम्मान न हो।। सोच लेना गुनाह करने से पहले। जगह बता, जहाँ भगवान न हो।। सच तो केवल वही सच होता है। कमल जैसे सच ही भगवान हो।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो

- कमलकांत डोंगरे

"रिश्ते पहले भी परफेक्ट नहीं थे गलतियाँ तब भी होती थीं। हाँ, यह भी सच है कि कई बार औरतें बहुत कुछ सह जाती थीं और उनके सपने दबा दिए जाते थे। लेकिन एक सच यह भी है कि लोग रिश्तों को छोड़ने से पहले उन्हें सुधारने की कोशिश करते थे। शायद आज जरूरत है संतुलन की न खुद को मिटाना और न ही छोटी बात पर रिश्ता छोड़ देना। आप क्या सोचते हैं?" **- रेनु सिंघल**

आया फागुन खेलों फाग लाल, नीले और हरा रंग आम्र मंजरी पग-पग महके फूले फल गेंदा बेहिसाब भन-भन भन-भन भंवरे डोले आया फागुन खेलो फाग... खेतों की फैली हरियाली चना,सरसों,मसूर गेहूं की फसले कृषकों की तकदीर बदले गोरे-ग़गौरी गाल गुलाबी मृग लोचन भी हुए शराबी तन-मन रोम-रोम जागी आग आया फागुन, खेलो फाग... **- गौरी पटले**

पुरानी एल्बम के पीले पड़ चुके पन्नों से ये याद अब भी ताजा है वो नदी का किनारा वो पत्थर का सहारा वो गुनगुनी धूप और हम जानते हैं ये वक्त अब ना लोटेगा दिल के हाथों मजबूर हैं ज़िन्दगी ढलानों पर दस्तक दे चुकी है यादों के दरीचों में घूमना आज भी अच्छा लगता है।

- अर्विना गहलोत

बारहा मरने की आदत है मुझे, मुश्क़िलों की सदा चाहत है मुझे। महंगा हर शौक मिटाने के लिए, गाँव जाने की ज़रूरत है मुझे। मैं भी अनजाने सफ़र का राही,जल्दी औ भीड़ से नफ़रत है मुझे। दर्दे-मंझधार उठाना था ग़लत,अब किनारों से मुहब्बत है मुझे। ग़म चराग़ों का न देखा जाए, ये हवाओं से शिकायत है मुझे। धन कमाने में फंसा यूँ रहा मैं, ख़ातिरे मुल्क न फ़ुरसत है मुझे। फिर अंधेरों ने बचाया मुझे, अब उजालों से न राहत है मुझे। **- डॉ संजय दानी**

निर्मल नदी हूँ मैं तो, बहती रही हूँ मैं तो, रोक कोई पाया नहीं, तेज इस धार को। तितली सी उड़ती मैं, फूलों सी महकती मैं, गले से लगाती रही, हर एक खार को।। तूफानों की है ये बस्ती, हौसलों की संग कश्ती, रखना सही से प्रभु, मेरी पतवार को। ममता बसी है मन, करुणा है मेरा धन, तरसी कभी जो श्याम, तो वो तेरे प्यार को ।। **- ममता लड़ीवाल**

ख़्वाब बनकर रात आई, तुमने धड़कन थाम ली, गीत तब मैंने सुनाया बस तुम्हारे नाम की। प्रीत के हर इक इशारे में मुकम्मल बात थी, मैंने खुद को सौंप तुझको, ज़िन्दगी तेरे नाम की।

- अनुराधा सिंह

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। हार्डवेयर का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

वृषः आज का दिन आपको कारोबार में लाभ दिलाने वाला है। आज आपको किसी ख़ास रिश्तेदार से मिलने का मौका मिलेगा। सी - टीईटी की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी मेहनत जारी रखने की जरुरत है।

मिथुन :आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको किसी प्रकार का शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर में उत्साह का माहौल रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी, आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कर्क : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको बाहर के मसालेदार खाने से परहेज करने की जरुरत है, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

सिंह : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। रेस्टोरेंट का कारोबार शुरू करने का विचार बना रहे लोगों को किसी बड़े की सलाह लेनी चाहिए। आज विद्यार्थी वर्ग किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल रहेंगे।

कन्या : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर में आ रही परेशानी आज ख़त्म होगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आप चुस्त दुरुस्त बने रहेंगे। साइबर कैफ़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा।

तुला : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बैंक से लोन लेने में आ रही परेशानी आज ख़त्म होगी। राजनीति से जुड़े लोगों को आज सम्मानित किया जाएगा। कॉस्मेटिक का कारोबार कर रहे लोगों का आज ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्ट सेल होगा।

वृश्चिक : आज आपका दिन नए व्यापार को शुरू करने के लिए बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस से जरुरी कॉल आ सकती है, आज आपको मीटिंग अटेंड करनी पड़ सकती है।

धनु : आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप वाहन खरीदने का विचार परिवार के साथ कर सकते हैं।

मकर : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको कार्य क्षेत्र में अपने विरोधियों से सतर्क रहने की जरुरत है। लवमेट को आज काफी देर तक फ़ोन पर बात करने का अवसर मिलेगा। आज वकील वर्ग को किसी केस में जीत हासिल होगी।

कुंभ : आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्या से काफी राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ कई दिनों से चल रही गलत फहमियां आज दूर होंगी, जिससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा।

मीन : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की वृद्धि होगी। आज किसी पर अधिक भरोसा करने से पहले उसे अच्छे से जान लें। विद्यार्थियों को अपने करियर का चुनाव करने का सही समय है।

QUIZ TIME

1) फर्जी एसएमएस से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग ने 29 मई, 2024 को कौन-सी पहल शुरू की?

2) किस निजी बैंक ने लक्षद्वीप में अपनी पहली शाखा स्थापित की हैं?

3) दिदी की लाइब्रेरी पहल किस राज्य द्वारा शुरू की गई थी?

4) भारतीय भाषा उत्सव 2025 का आयोजन कहाँ किया गया था?

5) एशिया का सबसे बड़ा साल वन, सरंडा, भारत के किस राज्य में स्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संचार साथी पहल (2) एचडीएफसी (3) बिहार (4) दिल्ली (5) झारखंड

पहेली

शब्द सामर्थ्य -339

बाएं से दाएं

[illegible]

ऊपर से नीचे

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 338 का हल

भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 20 मिलियन टन हॉट मेटल का उत्पादन किया, बीआरएम ने बनाया नया दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड

बीएसपी में एक साथ दो उपलब्धियां: ब्लास्ट फर्नेस-8 और बीआरएम में उत्पादन का नया कीर्तिमान

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी ने परिचालन दक्षता की दिशा में एक साथ दो महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 (महमाया) ने 20 मिलियन टन (एमटी) हॉट मेटल के संचयी उत्पादन का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। बार एंड रॉड मिल (बीआरएम) ने चुनौतीपूर्ण 12 मिमी टीएमटी बार श्रेणी में नया दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किया है। निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार और संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन ने ब्लास्ट फर्नेस और बीआरएम बिरादरी को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 10 मार्च 2026 को 20 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया। इस फर्नेस का 2 फरवरी 2018 को प्रचालन प्रारंभ हुआ था और मात्र 2,959 दिनों में यह उपलब्धि प्राप्त कर ली गई। अपनी क्षमता वर्ग के अंतर्गत यह फर्नेस अपने समकक्ष इकाइयों में सबसे तेज़ी से 20 एमटी उत्पादन तक पहुँचने वाला फर्नेस बन गया है। 19 एमटी से 20 एमटी तक की यात्रा केवल 123 दिनों में पूरी की गई, जो इसकी उत्कृष्ट परिचालन दक्षता और निरंतरता को दर्शाता है। इस उपलब्धि के अवसर पर बीएफ-8 के सेंट्रल कंट्रोल रूम में केक

काटकर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) मनोज कुमार ने ब्लास्ट फर्नेस टीम के साथ इस उपलब्धि का उत्सव मनाया। मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि यह मील का पत्थर ब्लास्ट फर्नेस टीम की तकनीकी दक्षता और परिचालन उत्कृष्टता का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने टीम के समर्पण और निरंतर बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें सुरक्षा के उच्चतम मानकों के साथ और अधिक उत्पादकता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। एक अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए बार एंड रॉड मिल ने 8 मार्च 26 को 12 मिमी टीएमटी बार श्रेणी में 3,405 टन (1,653 बिलेट) उत्पादन कर नया डे रिकॉर्ड स्थापित किया। इससे पहले 4 अक्टूबर 2025 को 3,390 टन (1,646 बिलेट) का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। बीआरएम के उत्पाद वर्तमान में कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परियोजनाओं में उपयोग किए जा रहे हैं, जिनमें सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट, बुलेट ट्रेन परियोजना, अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर तथा सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निष्पादित विभिन्न परियोजनाएँ शामिल हैं। मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष योगेश शास्त्री ने इस उपलब्धि को टीमवर्क और सतत सुधार की संस्कृति का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मिल भविष्य में भी ऐसे नए मानक स्थापित करती रहेगी। इस दौरान महाप्रबंधक एसएन त्रिपाठी, महाप्रबंधक आशीष, महाप्रबंधक शाश्वत मोहंती, महाप्रबंधक समीर पांडेय, महाप्रबंधक शिखर तिवारी सहित बीआरएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी उपलब्धि के लिए बधाई दी।

न्यूज गैलरी

व्यापारी पर जानलेवा हमला

भिलाई। पाटन ब्लॉक के रानीतराई थाना क्षेत्र में अनिल इंटरप्राइजेस के मालिक अनिल देवांगन पर अज्ञात व्यक्ति ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में देवांगन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। उनका इलाज पाटन अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही रानीतराई पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि हमलावर की पहचान करने और उसे पकडने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार हमले के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। जांच के बाद ही पूरी स्थिति साफ होगी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

पात्र-अपात्र सूची जारी, दावा-आपत्ति 20 तक

दुर्ग। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग में जिले में स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के विभिन्न व्यवसायों के लिए मेहमान प्रवक्ता के आवेदन आमंत्रित किये गए थे। इनमें से व्यवसाय फिटर, मैकेनिक, मोटर व्हीकल, विद्युतकार, वेल्डर व ड्रायवर कम मैकेनिक की पात्र/अपात्र सूची दावा-आपत्ति दर्ज कराने 11 मार्च को संस्था के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग के वेबसाईट पर भी सूची का अवलोकन किया जा सकता है। 20 मार्च को शाम 4 बजे तक कार्य दिवस में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

पुल-पुलिया निर्माण की डिजाइन सुधारने ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

दुर्ग। जिले के थनौद क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण में संशोधन की मांग को लेकर जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्य में वर्तमान डिजाइन के कारण भविष्य में बाढ़ की स्थिति और आवागमन में समस्या उत्पन्न हो सकती है। मांग पत्र में कहा गया है कि बरसात के समय क्षेत्र में लगातार बाढ़ की स्थिति बनने पर किसानों की फसलें और जमीन प्रभावित होती हैं। यदि वर्तमान डिजाइन के अनुसार ही निर्माण किया गया तो लगभग 2500 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि शिवनाथ नदी और नालों के जल प्रवाह को ध्यान में रखते हुए पुल की लंबाई और ऊंचाई बढ़ाना आवश्यक है, ताकि बाढ़ के पानी का दबाव कम हो सके और गांवों में जलभराव की स्थिति न बने। इसके अलावा ग्राम अंजोरा-चौकी मार्ग से जुड़े अन्य गांवों के किसानों और ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए भी पुल के डिज़ाइन में संशोधन की मांग की गई है। मांग पत्र में कहा गया है कि वर्तमान प्रस्तावित पुल की ऊंचाई 4 मीटर है, जिसे बढ़ाकर कम से कम 6 मीटर किया जाए, ताकि भारी वाहनों और कृषि यंत्रों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। क्षेत्र में धान खरीदी केंद्र और कृषि गतिविधियां अधिक होने के कारण बड़े वाहनों का आना-जाना लगा रहता है, इसलिए बेहतर यातायात व्यवस्था आवश्यक है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित सड़क और पुल-पुलिया निर्माण में आवश्यक संशोधन किया जाए, ताकि भविष्य में बाढ़ और आवागमन की समस्या से राहत मिल सके। मांग सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अनिल देवांगन, भीमेश्वर सिन्हा, उमेंद्र सिन्हा, सियाराम निषाद, कृष्णा निषाद, हुमत धनकर, पुराणिक साहू, डॉ कमल सिन्हा, कुमारेश्वर देवांगन, सतीश देवांगन सहित थनौद बिरेंद्र, चंगोरी, अंजोरा के सैकड़ों किसान और ग्रामीण उपस्थित रहे।

बिना अनुमति नलकूप खनन पर रोक

दुर्ग। गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत जिले में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 30 जून 2026 अथवा मानसून आगमन तक जिले में भूजल के अनियंत्रित दोहन को रोकने के लिए बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के नया नलकूप (बोरवेल) खनन नहीं किया जा सकेगा। यह व्यवस्था पेयजल स्रोतों के संरक्षण तथा आम नागरिकों को गर्मी के दौरान पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू की गई है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि शासकीय, अर्धशासकीय एवं नगरीय निकायों को अपने क्षेत्राधिकार में पेयजल व्यवस्था के लिए आवश्यक नलकूप खनन की अनुमति अलग से लेने की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करना होगा। साथ ही, नलकूप खनन अथवा मरम्मत का कार्य केवल पंजीकृत बोरवेल एजेंसियों के माध्यम से ही किया जा सकेगा। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेश के तहत विभिन्न क्षेत्रों के लिए अधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है। नगर निगम दुर्ग, भिलाई और रिसाली क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग को अधिकृत किया गया है। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग दुर्ग के शेष क्षेत्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, राजस्व अनुविभाग धमधा के लिए अनुविभागीय अधिकारी धमधा, राजस्व अनुविभाग पाटन के लिए अनुविभागीय अधिकारी पाटन तथा राजस्व अनुविभाग भिलाई-3 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 को अधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। अधिकारी संबंधित क्षेत्र में आवश्यकतानुसार जांच एवं रिपोर्ट प्राप्त कर नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

भिलाई की पॉश कॉलोनी में सेक्स रैकेट पुलिस ने किया महिला सरगना को गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। नेहरू नगर के विद्याविहार कॉलोनी में किराए के मकान में छापा मारकर पुलिस ने 8 लड़कियों को कस्टडी में लिया है। इस मकान में पिछले करीब 3 महीने से सेक्स रैकेट चल रहा था। पुलिस ने प्वाइंटर भेजकर इसका खुलासा किया। मकान के अंदर से 8 लड़कियां मिली है। इन लड़कियों को बंगाल और छत्तीसगढ़ के कई जिलों से बुलाया गया था। उन्हें दो से तीन दिन के लिए ग्राहकों के पास भेजा जाता था। पुलिस ने सेक्स रैकेट चलाने वाली महिला और एक ग्राहक को गिरफ्तार किया है। स्मृति नगर चौकी पुलिस और महिला रक्षा टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। नेहरू नगर की विद्या विहार कॉलोनी के मकान

बंगाल से बुलाई गई थी लड़कियां

सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि सेक्स रैकेट चलाने वाली महिला बाहर से लड़कियां बुलाकर यहां रूम में रखती थी। ग्राहकों से सौदा तय होने के बाद लड़कियों को बाहर दो से तीन दिन के लिए भेजा जाता था। पुलिस ने मौके से एक पल्सर बाइक, 12 मोबाइल, 5500 रुपए कैश और देह व्यापार में इस्तेमाल होने वाली आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की है। मौके से हुक्का बरामद किया गया है।

नंबर 146/8 को सरगना धनवंती रावत उर्फ रीना सिंह रावत (35) ने किराए पर लिया था। रीना यहां बाहर से लड़कियों को बुलाकर सेक्स रैकेट चला रही थी। पुलिस ने मंगलवार रात को प्वाइंटर भेजकर इन्हें पकड़ने की प्लानिंग की। रेड के दौरान पुलिस को किराए के मकान में कई महिलाएं मिलीं। आसपास के लोगों ने बताया कि काफी समय से सेक्स रैकेट चल रहा था। पुलिस ने जिन महिलाओं को कस्टडी में लिया, उनमें ज्यादातर महिलाएं वेस्ट बंगाल की है। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में रहने वाली युवतियों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कोर्ट के नियमों के अनुसार उन्हें रिहा कर दिया गया। पुलिस ने सरगना धनवंती रावत उर्फ रीना सिंह रावत और दुर्ग निवासी ग्राहक अमन शेख को गिरफ्तार किया है।

केंद्र सरकार के निकम्मेपन का दुष्परिणाम है रसोई गैस की किल्लत: देवकुमार

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस मीडिया कोर्डिनेटर देवकुमार जंघेल ने एक विज्ञप्ति जारी कर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में रसोई गैस की किल्लत को मोदी सरकार के निकम्मेपन का दुष्परिणाम बताते हुए कहा है कि एक ओर तो सरकार पर्याप्त रसोई गैस होने का ढिंढोरा पीट रही है और दूसरी ओर घरेलू रसोई गैस के दाम में 60 रुपये तथा कमर्शियल रसोई गैस के मूल्य में 115 रुपये की वृद्धि कर पहले से ही महंगाई की मार से अधमरी आम जनता के लिए दूबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। उपर से कोढ़ में खाज यह कि बढ़े हुए दाम पर भी लोगों को रसोई गैस नहीं मिल पा रही है। शासन प्रशासन के संरक्षण में गैस एजेंसी वाले अमेरिका-ईरान जंग का

हवाला देकर रसोई गैस का कृत्रिम संकट खड़ा कर रसोई गैस की खुले आम कालाबाजारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर चिंता जताते हुए उज्जवला योजना की घोषणा की थी और विभिन्न त्यौहारों पर मुफ्त रसोई गैस उपलब्ध कराने के सब्ज बाग दिखाए थे और आज पैसे देने पर भी गैस नहीं मिल रही है। नतीजतन फिर से महिलाएं चूल्हे पर लकड़ी और कंडा जलाकर खाना बनाने पर बाध्य हो रही हैं। छत्तीसगढ़ में तो हर हर चूल्हा, घर घर चूल्हा का नारा गूंजने लगा है। कांग्रेस जन मोदी सरकार की इस आपराधिक लापरवाही के खिलाफ संसद से सड़क तक की लड़ाई तब तक जारी रखेगी जब तक लोगों को राहत नहीं मिल जाती।

टैक्स जमा करने शनिवार-रविवार को भी खुलेंगे निगम के कार्यालय

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम द्वारा वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों को ध्यान में रखते हुए करदाताओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि निगम प्रशासन ने शहर के सभी करदाताओं से समय पर टैक्स जमा करने की अपील की है। इसके तहत शनिवार, रविवार तथा अन्य अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय और सभी जोन कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि नागरिक आसानी से अपना बकाया टैक्स जमा कर सकें। निगम द्वारा टैक्स जमा करने के लिए सुबह 9 से शाम 7 बजे तक काउंटर संचालित किए जाएंगे। नागरिक निगम मुख्य कार्यालय के साथ-साथ अपने-अपने जोन कार्यालयों में भी टैक्स की राशि जमा कर सकते हैं। इसके अलावा करदाताओं की सुविधा के लिए घर बैठे ऑनलाइन टैक्स जमा करने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। निगम के ऑनलाइन लिंक के माध्यम से भी टैक्स का भुगतान किया जा सकता है। निगम प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चेक के माध्यम से टैक्स का भुगतान 15 मार्च तक ही स्वीकार किया जाएगा।

जीवन को सही दिशा में ले जाने में मार्गदर्शक है श्रीमद् भागवत गीता

■ पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

भिलाई/नवप्रदेश। ग्राम कोलिहापुरी में श्री यादव पंचायत चंदखुरी सर्किल द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन और गीता पूजन समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भगवान श्री कृष्ण एवं श्री मद् भागवत गीता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उन्होंने समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजनों को सम्मानित भी किया। चंद्राकर ने कहा कि श्री

मद् भागवत गीता हमारे जीवन को सही दिशा में ले जाने में महत्वपूर्ण मार्गदर्शक है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जीवन के मूल्यों और कर्तव्यों के बारे में उपदेश दिया है। गीता हमें कर्म की महत्ता को समझाती है। यह हमें अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है। अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने के लिए प्रेरित करती है। हम गीता के उपदेशों को अपने जीवन में उतारें और अपने जीवन को सही दिशा में ले जाएं। श्री चंद्राकर ने आगे कहा यादव समाज स्वाभिमानी समाज है। समाज ने अपनी संस्कृति और विरासत को संभाल कर रखा है। उन्होंने समाज के सभी क्षेत्रों में यादव समाज को आगे बढ़कर कार्य करने प्रेरित किया। समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा बहुत ज़रूरी हैं। समाज के बेटा-बेटी को अच्छी शिक्षा व संस्कार प्रदान करें।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यादव समाज के अध्यक्ष सुरेश यादव, उपाध्यक्ष सुदामा यादव, रामेश्वर यादव, दशरथ यादव, बरातू यादव, भोजराम यादव, डेमन यादव, मनोहर लाल यादव, संतु यादव, घसिया राम यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के नागरिकजन उपस्थित रहे।

शहर के 10 एसएलआरएम सेंटरों में गीले कचरे से बन रही खाद

■ सूखा कचरा अधिकृत रिसाइक्लर को किया जा रहा विक्रय

■ अवैध डम्पिंग पर सख्ती

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में एकत्रित किए जा रहे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जा रहा है। शहर से एकत्र किये जा रहे कचरे को अलग अलग हिस्से में बने 10 एसएलआरएम सेंटरों में लाकर गीले और सूखे कचरे में पृथक किया जाता है। एसएलआरएम सेंटरों में ट्रॉमिल मशीन, इंसीनरेटर मशीन और कम्पोस्ट मशीन स्थापित हैं। गीले कचरे से खाद बनाई जा रही है। सूखे कचरे जैसे कागज, कार्डबोर्ड, कांच व धातु आदि को अधिकृत रिसाइकलर को विक्रय किया जाता है। जो सामग्री विक्रय योग्य नहीं होती है, उसे बेलिंग मशीन के माध्यम से पैक कर शासन द्वारा अधिकृत जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड अहिवारा को भेजा जाता है, जहां उसका उपयोग निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाता है। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शहर में कहीं भी बिना अनुमति के कचरे की अवैध डम्पिंग नहीं हो रही है। कचरे का निष्पादन निर्धारित एसएलआरएम सेंटरों के माध्यम से किया जा रहा है। सोनकर बाड़ी क्षेत्र में आग लगने के संबंध में निगम अफसरों ने बताया कि खेत मालिक द्वारा अपनी फसल की कटाई के बाद बची पराली को एकत्रित कर जलाया गया था, जिससे धुआं फैल गया। निगम टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर मिट्टी डालकर आग को तत्काल बुझाया गया।

प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त कर वसूला जुर्माना

आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। जिसमें अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर, बाजार विभाग के ईश्वर वर्मा, शशिकांत द्वारा शराब भट्ठी आहता, बटालियन तथा कातुलबोर्ड क्षेत्र के आसपास कई दुकानदारों द्वारा प्रतिबंधित डिस्पोजल गिलास एवं झिल्ली पन्नी का उपयोग करते पाए जाने पर जुर्माना वसूला और डिस्पोजल गिलास और झिल्ली पन्नी को जब्त किया गया।

भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भाजपा कार्यालय में स्वागत

दुर्ग/नवप्रदेश। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश सह संयोजक व दुर्ग संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन, जिला संयोजक दिनेश मिश्रा व सह संयोजक दीपक सिन्हा का आज बीजेपी कार्यालय पहुंचने पर स्वागत-अभिनंदन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक व पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। कौशिक ने गरीबों के हितार्थ चलाए जा रहे शासन की योजनाओं को जनता के बीच प्रचारित करने और पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व नियुक्त पदाधिकारियों ने भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष राकेश पाण्डेय से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर निगम

की महापौर अल्का बाघमार से भी सौजन्य मुलाकात की। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नियुक्ति पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सौंपी गई जिम्मेदारी का निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, सरिता मिश्रा, मनोज सोनी, राजीव पांडे, नीलेश अग्रवाल, राजा महोबिया, अरुण सिंह, रितेश शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, जितेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष कमलेश, हरीश चौहान, मनमोहन शर्मा, महेंद्र लोढ़ा, अनिकेत यादव, नवीन साहू, महेश देवांगन, मदन वाढ़ई, ईश्वर देवांगन, उदय शंकर त्रिपाठी, प्रदीप वर्मा, उमेश गोस्वामी, विकास सेन, उत्तम साहू, निशिकांत मिश्रा, शिव तमेर, कमल सोनी, महेश सार्वा, निशा तिवारी, अंबिका प्रसाद तिवारी, सविता सुलाखे, देवेश शुक्ला सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों के हित में बड़े फैसले: मैदान के उपयोग संबंधी नियमावली में होगा संशोधन

शांति नगर दशहरा मैदान का आयुक्त ने किया निरीक्षण

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय ने आज शांति नगर स्थित दशहरा मैदान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेल मैदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां अभ्यास कर रहे स्थानीय खिलाडियों और आम नागरिकों से संवाद किया।

खिलाडियों ने आयुक्त से कहा कि वर्तमान में निर्धारित सुरक्षा निधि 2 लाख रुपए काफी अधिक है और ईओआई में वार्षिक किराया राशि अधिक प्राप्त होने पर स्थानीय प्रतिभाओं को मैदान का उपयोग करने में कठिनाई हो सकती है। खिलाड़ियों और आम नागरिकों को गंभीरता से सुनते हुए आयुक्त ने मौके पर ही उपस्थित कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया कि मैदान के उपयोग संबंधी नियमावली में आवश्यक संशोधन के लिए महापौर परिषद में पुनर्विचार की कार्यवाही करें, जिससे किराया दरों और सुरक्षा निधि को तर्कसंगत बनाया जा सके, ताकि स्थानीय समितियों और खेल प्रेमियों को इसका भरपूर लाभ मिल सके।

निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि 'रुचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित करने का मुख्य उद्देश्य मैदान के प्रबंधन को व्यवस्थित करना था, जिससे युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें।

आयुक्त ने कहा कि बड़े स्तर के खेल आयोजनों के लिए मैदान का संधारण शुल्क मात्र 10,000 से अधिक प्रस्तावित न किया जाए। मैदान का संधारण सुनिश्चित करने के लिए प्रति व्यक्ति मेंटेनेंस शुल्क 250 रुपए मासिक से अधिक नहीं होना चाहिये, ताकि आयोजन सुगमता से संपन्न हो सकें।

वैशाली नगर क्षेत्र का भी किया सघन निरीक्षण

निगम आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 14, शांति नगर (सड़क 10) में अमृत मिशन योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के कार्य का अवलोकन भी किया। इस दौरान स्थानीय पार्षद अभिषेक मिश्रा उपस्थित रहे। आयुक्त ने निर्देश दिए कि आगामी गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले हर घर में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जल्द से जल्द पाइपलाइन टेस्टिंग का काम पूरा करने कहा। निरीक्षण के समय कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह एवं अन्य विभागीय कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

निगम की टीम ने हटाया अतिक्रमण

भिलाई। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाने की कार्यवाही की गई। अज्ञात व्यक्ति द्वारा निगम स्वामित्व की जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर क्रिकेट कोर्ट बनाया जा रहा था। आयुक्त के निर्देश पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जोन-3 के आयुक्त, राजस्व विभाग व बेदखली टीम द्वारा बेदखली की कार्रवाई की गई। आयुक्त ने कहा कि निगम भूमि का अतिक्रमण किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यवाही के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री साय ने भाजपा के मुखपत्र 'दीपकमल' के केंद्रीय बजट पर आधारित विशेषांक का किया विमोचन

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के मुखपत्र 'दीपकमल' के केंद्रीय बजट 2026-27 पर आधारित विशेषांक का नवा रायपुर स्थित विधानसभा भवन कार्यालय में विमोचन किया। इस विशेषांक में केंद्रीय बजट के साथ-साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास को भी विस्तृत रूप से समाहित किया गया है, जो प्रदेश के विकास और जनकल्याण के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रकाशन की सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि 'दीपकमल' का यह विशेषांक प्रदेशवासियों तक केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। इस अवसर पर प्रदेश प्रकाशन विभाग के संयोजक और 'दीपकमल' के संपादक पंकज झा, पत्रिका के प्रबंध संपादक हेमंत पाणिग्रही समेत पार्टी मीडिया विभाग के सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

एक व्यक्ति से महुआ शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा नगर के बाजारपारा से पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि वार्ड नंबर 11 बाजारपारा बागबाहरा निवासी दुर्गेश कुमार सोनवानी (34) खोटला घठोना नैकिन तालाब के पास शराब बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी से 2.5 लीटर महुआ शराब बरामद की है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

पंचायत सचिव ने गाली देने से किया मना तो पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। गाली देने से मना करने पर ग्राम पंचायत डोंगरीपाली के सचिव के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। सांकरा थाना क्षेत्र के कटंगतराई निवासी प्रकाश सांडे (42) ने थाने में शिकायत की है कि 9 मार्च की रात लगभग 8 बजे उसके घर के सामने गांव के स्वागत गेट के पास शैलेंद्र निषाद और नारायण निषाद उसे गाली दे रहे थे। मना किया तब दोनों ने मारपीट की। बीच बचाव करने पर मां सुरूवाली सांडे के साथ भी मारपीट की गई। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

सांसद प्रतिनिधि बने रामआसरे

महासमुंद/नवप्रदेश। रामआसरे यादव को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

किए जाने पर सामाजिक जनों ने उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं और सांसद रुपकुमारी चौधरी के प्रति आभार जताया। इस दौरान मुख्य रूप से जीवन यादव, मोहन यदु, पुरुषोत्तम पंडा यादव, सतीश यादव, संजय यादव, मनोहर यादव, भुवनेश्वर यादव, विष्णु यादव, धनुष यादव, मोती यादव, बलराम यादव, रोहित यादव, हेमलाल यादव, ओमप्रकाश यादव नोहर यादव, गौतम यादव अधिवक्ता, मनीष यादव, वेदकुमार यादव, छोटकू, संतोष यादव, नथेलू यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

नगरीय सीमा में हेलमेट की अनिवार्यता समाप्त करने कांग्रेसियों ने की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। जनता में व्याप्त आक्रोश को देखते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने यातायात प्रभारी एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय से मुलाकात की और नगरीय सीमा में हेलमेट की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि शहरी सीमा क्षेत्र के भीतर हेलमेट की अनिवार्यता न हो, ताकि स्थानीय लोगों को छोटी दूरियों के लिए बार-बार हेलमेट पहनने की असुविधा से राहत मिल सके। कांग्रेस नेताओं का तर्क है कि शहर के अंदर वाहनों की गति कम होती है, इसलिए यहां हेलमेट की वैसी आवश्यकता नहीं, जैसी नेशनल हाईवे या बाहरी सड़कों पर होती है। एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और इस विषय पर नियमानुसार विचार करने आश्वस्त किया।

नपाध्यक्ष व पार्षदों ने की एसपी से मुलाकात

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू व नपा के सभापति, पार्षदों के साथ आज पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार से मुलाकात कर शहर में हो रहे शराब की अवैध बिक्री, सट्टा, ड्रग्स की खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की। ताकि शहर कानून व्यवस्था मजबूत हो व युवाओं को नशे के गिरफ्त से बचाया जा सके। तथा शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरी भोई, जय देवांगन, गुशन साहू, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, राहुल आवड़े, धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी, ओमिन टोमन कागजी सहित समस्त पार्षद गण उपस्थित थे।

यूपीएससी में चयनित संजय का गांव में हुआ स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। यूपीएससी में चयनित संजय डहरिया का

गृहग्राम बेलटुकरी में जोरदार स्वागत किया गया। गांव पहुंचने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण ढीढी, भाजपा शहर मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, भाजपा नेता राकेश सचदेव, उषा पाल, देवेंद्र राय, कीर्ति बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने हर्ष जताया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि छह दिन पहले जब संजय डहरिया के चयन की खबर मिली थी, तब विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और उन्होने उन्हें दूरभाष पर बधाई दी थी।

बेमचा में 19 सेइ चैत्र नवरात्र महोत्सव

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी सिद्ध शक्तिपीठ मां खल्लारी मंदिर बेमचा में चैत्र नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ 19 मार्च से ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत 19 मार्च की दोपहर 12 बजे ज्योति स्थापना की जाएगी।

पालिका क्षेत्र के निवासियों को आज से मिलेगा तीन समय पानी

पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में सभापति, पार्षदों की हुई बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर वासियों को कल 12 मार्च से तीन समय पानी मिलना शुरू हो जाएगा। नगर पालिका कार्यालय में आज अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में सभापति व पार्षदों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया।

बैठक में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर यह तय किया गया कि प्रतिदिन सुबह 6 बजे, दोपहर 2 बजे व शाम 7 बजे पानी प्रदान किया जाएगा। बैठक में पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि अभी से तेज गर्मी का अहसास होने लगा है। घरों में पानी की खपत बढ़ गई है। ऐसे में तीन समय पानी मिलने से नागरिकों को पेयजल व निस्तारी जल के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। श्री साहू ने कहा कि हमारा प्रयास नगर वासियों को शुद्ध जल उपलब्ध कराना है।

प्रत्येक घरों तक शुद्ध पानी पहुंचे इसके लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है। लेकिन, यह तभी संभव है जब नागरिक भी जागरूकता का परिचय देते हुए, पानी का सही उपयोग करें। नलों में टुल्लू पंप लगाकर पानी न खींचे। ऐसा करने से अन्य घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता, और परेशानी खड़ी होती है। सभी अपने अपने नलों से समयानुसार जो पानी मिल रहा है, उसका उपयोग करें। उन्होंने नगर वासियों से निवेदन किया कि नल में टुल्लू पंप का प्रयोग कदापि न करें। शिकायत मिलने पर टुल्लू पंप जब्ती व कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई होगी। इसके लिए वे स्वतः जिम्मेदार होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, गुलशन साहू, सूरज नायक, पार्षद मुस्ताक खान, ओमिन टोमन कागजी, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, राहुल आवड़े, धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी आदि उपस्थित थे।

अपराधियों पर खरोरा पुलिस का शिकंजा, गिरफ्तारी वारंट भी तामील किए गए

अपराधियों, वारंटियों और शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई

खरोरा/नवप्रदेश। गश्त के दौरान खरोरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही अपराधिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों, वारंटियों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कार्यवाही पुलिस अधीक्षक रायपुर (ग्रामीण) श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशानुसार जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खरोरा निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस द्वारा क्षेत्र में व्यापक कांबिंग गश्त की गई। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा सक्रिय गुंडा-बदमाशों, असामाजिक तत्वों, अवैध शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियो तथा फरार वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान कुल 17 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई, 02 गिरफ्तारी वारंट तामील, तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 02 प्रकरण दर्ज किए गए।

मनोज साहू पिता बिसहत साहू, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम भैसा, थाना खरोरा, जिला रायपुर, त्रिपाल वर्मा पिता दुखहरण वर्मा, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम भैसा, थाना खरोरा, जिला रायपुर, अभिषेक कुर्रे पिता अनिल कुर्रे, उम्र 19 वर्ष, निवासी खरोरा, थाना खरोरा, जिला रायपुर , इमरान हसन पिता साहिद खान, उम्र 21 वर्ष, निवासी खरोरा, थाना खरोरा, जिला रायपुर, एस. कुमार उर्फ गजनी पिता मंथीर साहू, उम्र 19 वर्ष, निवासी खरोरा, थाना खरोरा, जिला रायपुर, रियाज खान पिता शेख रिजवान, उम्र 30 वर्ष, निवासी खरोरा, थाना खरोरा, जिला रायपुर, हीरा चेलक पिता बाबूलाल चेलक, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम चकवे, थाना खरोरा, जिला रायपुर , चंदन गायकवाड़ पिता सुकलाल गायकवाड़, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम चोरभट्ठी, थाना खरोरा, जिला रायपुर, सुरेश चेलक पिता डोमार चेलक, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम चकवे, थाना खरोरा, जिला रायपुर , घनश्याम चेलक पिता बाबूलाल चेलक, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम चकवे, थाना खरोरा, जिला रायपुर, दिलीप यादव पिता सीताराम यादव, उम्र 44 वर्ष, निवासी ग्राम कोसरंगी, थाना खरोरा, जिला रायपुर , प्रेमलाल मनहरे पिता बुधारी मनहरे, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम चोरभट्ठी, थाना खरोरा, जिला रायपुर, दिलेश्वर घृतलहरे पिता कन्हैया लाल घृतलहरे, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम रसौटा, थाना खरोरा, जिला रायपुर, बाबूलाल घृतलहरे पिता पिलकू घृतलहरे, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम रसौटा, थाना खरोरा, जिला रायपुर, गणेश भारती पिता सुकालूराम भारती, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम चकवे, थाना खरोरा, जिला रायपुर, गोपीदास चंद्रदास पिता माखुम चंद्रदास, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम कोसरंगी, थाना खरोरा, जिला रायपुर, आकाश कुर्रे पिता पंचराम कुर्रे, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम रसौटा, थाना खरोरा, जिला रायपुर।

गिरफ्तारी वारंट भी तामील किए गए: जसवंत साहू पिता थानूराम साहू, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम असौदा, थाना खरोरा, जिला रायपुर, वीरेंद्र यादव पिता डोमार यादव, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बिठिया, थाना खरोरा, जिला रायपुर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

दादा नकुलदेव ढीढी के 112वीं जयंती समारोह के लिए सीएम को आमंत्रण

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ मुक्ति केंद्र के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को 12अप्रैल को महासमुंद जिले के भोरिंग चौक तुमगांव में स्थित दादा नकुलदेव ढीढी प्रतिमा स्थल पर आयोजित होने वाले 112 वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण के लिए प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती के अवसर पर आयोजित ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के सौजन्य से उपस्थित प्रतिनिधि गण के रूप में प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार ढीढी, प्रदेश सचिव प्रकाश टंडन, जिला अध्यक्ष सत्यानंद जेंडरे, सचिन गायकवाड़, गुलाब साय, भागचंद चतुर्वेदी, जिला सचिव श्यामलाल मन्नाडे, अमित ढीढी, पोषणलाल बघेल, गेंदलाल जांगड़े ,मेलाराम बंजारे,रामनंद मूर्ति, गोविन्द चतुर्वेदी, भोलू ध्रुव सहित प्रतिनिधि मंडल उपस्थित रहे।

पशुओं में बीमारी की रोकथाम के लिए 15 से टीकाकरण अभियान

महासमुंद/नवप्रदेश। पशुधन में फैलने वाली खुरहा-चपका (एफएमडी) जैसी गंभीर और अत्यधिक संक्रामक बीमारी की रोकथाम के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में व्यापक टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में खुरहा-चपका रोग के टीकाकरण का सातवां चरण 15 मार्च से प्रारंभ होगा। इस अभियान के अंतर्गत पशुधन विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर डोर-टू-डोर पशुओं का टीकाकरण करेंगी। साथ ही टीकाकरण से संबंधित सभी जानकारी भारत पशुधन पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज की जाएगी, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य का डिजिटल रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने बताया कि खुरहा-चपका रोग एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है, जो पिकॉर्नो वायरस के कारण होती है। यह रोग मुख्य रूप से गाय, भैंस, भेड़, बकरी और सूअर जैसे खुर वाले पशुओं को प्रभावित करता है। इस वायरस के सात प्रकार पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह बीमारी संक्रमित पशुओं के सीधे संपर्क, दूषित उपकरण, वाहन, चारा और पानी के माध्यम से तेजी से फैलती है। कई बार यह संक्रमण हवा के जरिए भी फैल सकता है, जिससे पूरे क्षेत्र में पशुधन को खतरा पैदा हो जाता है।

'जीवन के रंग खुशियों के संग' प्रोजेक्ट से आ रहा बदलाव

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के पिथौरा स्थित पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में 'जीवन के रंग खुशियों के संग' प्रोजेक्ट के तहत एक प्रेरणादायक और सकारात्मक पहल देखने को मिल रही है। प्रोजेक्ट संकल्प से प्राप्त प्रशिक्षण के बाद छात्रावास के वातावरण में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जिससे बच्चों के व्यवहार, सोच और आपसी संबंधों में सकारात्मकता का संचार हुआ है। अब छात्रावास के छात्र एक-दूसरे को गुड मॉर्निंग और गुड नाइट के स्थान पर 'हैप्पी मॉर्निंग, हैप्पी इवनिंग और हैप्पी नाइट' कहकर संबोधित करते हैं। इस छोटे से बदलाव ने पूरे छात्रावास में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बना दिया है।

वाहनों पर चालानी कार्रवाई से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा पाना संभव नहीं: पंकज

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व पार्षद व समाजसेवी पंकज साहू ने शहर में हेलमेट नहीं पहनने वालों पर की जा रही चालानी कार्रवाई को एकतरफा कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है, तो इसके लिए सबसे पहले शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करना जरूरी है। बिना व्यवस्था सुधार किए केवल चालानी कार्रवाई से दुर्घटनाओं पर नियंत्रण संभव नहीं है। श्री साहू ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि वर्तमान में शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल स्थिति में है। शहर में दुर्घटनाओं के पीछे मुख्य कारण जर्जर सड़कों की स्थिति, अव्यवस्थित ट्रैफिक, भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही

और तेज रफ्तार से चलने वाले वाहन हैं। इसके अलावा फटाके वाली साइलेंसर लगे वाहनों पर कार्रवाई का अभाव, नो-पार्किंग क्षेत्रों में भी गाड़ियों की लंबी कतारें तथा मुख्य मार्गों पर आएदिन जुलूस और रैलियों को अनुमति दिए जाने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इन समस्याओं पर पुलिस और यातायात विभाग की ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि नगर का क्षेत्र छोटा है और लगभग एक किलोमीटर के दायरे में ही बाजार, शैक्षणिक संस्थान, शासकीय कार्यालय तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्थित हैं। ऐसे में शहर के नागरिकों को छोटी-छोटी दूरी तय करने के लिए बार-बार हेलमेट पहनना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं होता। इसलिए पहले ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाना चाहिए, उसके बाद नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। पंकज साहू ने आरोप लगाया कि शहर की यातायात व्यवस्था को बिगाड़ने में वीआईपी संस्कृति और अधिकारियों की लापरवाही भी एक बड़ा कारण है।

गैस की कीमत बढ़ाना जनता के साथ अन्याय: विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने घरेलू और कमर्शियल गैस

सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि घरेलू सिलेंडर में लगभग 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की वृद्धि कर गरीब, मध्यम वर्ग और मेहनतकश जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन खुद यह कह चुके हैं कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है।

छुरा नपं में बदलाव, हरीश ने दिया इस्तीफा, पंचराम बने नेता प्रतिपक्ष

छुरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत छुरा में कांग्रेस संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष पद में परिवर्तन हुआ है। नगर पंचायत के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष हरीश यादव ने कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें छुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किए जाने के बाद अपने नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हरीश यादव को हाल ही में पार्टी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा का महामंत्री नियुक्त किया है। नई संगठनात्मक जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने नगर पंचायत में नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा देते हुए पार्टी संगठन के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। हरीश यादव के इस्तीफे के बाद कांग्रेस पार्टी ने नगर पंचायत के पार्षद पंचराम टंडन को नया नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। पार्टी पदाधिकारियों की सहमति से यह निर्णय लिया गया, जिसके बाद पंचराम टंडन ने औपचारिक रूप से नेता प्रतिपक्ष का दायित्व संभाल लिया है। नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष पंचराम टंडन ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि

कांग्रेस पार्टी ने जो विश्वास उन पर व्यक्त किया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र की जनसमस्याओं को मजबूती से उठाना, विकास कार्यों की निगरानी करना तथा जनता के हितों की आवाज बनना उनकी प्राथमिकता रहेगी।उन्होंने यह भी कहा कि नगर पंचायत में विपक्ष की भूमिका को मजबूत बनाते हुए वे पार्षदों के साथ मिलकर जनता के हितों के लिए कार्य करेंगे और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को सदन में प्रभावी ढंग से उठाएंगे।

भीषण गर्मी, सुबह पाली में लगे स्कूल

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन करने की मांग की है। स्कूल शिक्षा विभाग प्रशासन को पत्राचार कर शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में गर्मी का तापमान अधिकतम की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश में शालाएं दो पाली में संचालित की जा रही है द्वितीय पाली में लगने वाले स्कूलों में दोपहर में घर लौटते वक्त बच्चों को डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक (लू लगना) जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। विशेषकर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के छोटे बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने शासन स्कूल शिक्षा विभाग से निम्नांकित बिंदुओं के आधार पर शालाओं के संचालन का आग्रह किया है।

राज्य में शालाओं का संचालन सुबह सिर्फ एक पाली में 7:30 बजे से 11:30 बजे तक नियत किया जाए। प्रदेश के समस्त शासकीय अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों का संचालन सुबह की एक पाली में संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने उम्मीद जताई है कि विभाग बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस विषय पर शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लेगा। मुक्तेश्वर देवांगन, तिलक यादव, फारूक कादरी, देवेंद्र साहू, अनुराग श्रीवास्तव, प्रवीण तिवारी, रविंद्र मरकाम, करीम खान, अतुल मिश्रा, विजय वर्मा, अरुण ध्रुव, जिला अध्यक्ष, चंदू चंद्राकर धमतरी, अर्जुन क्षत्री, जांजगीर, एमआर खान, गरियाबंद, दिलीप तिवारी, महासमुंद, शेखर पांडेय, बिलासपुर, दिलीप चंद्रवंशी, कवर्धा, सुचिन वर्मा, बलौदाबाजार आदि जिला अध्यक्ष एवं संघ पदाधिकारियों ने राज्य में शाला समय सुबह पाली में लगाए जाने की मांग की है।

नकदी समेत 7 जुआरी पकड़ाया

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनदादर बांध के पास पुलिस ने दबिश देकर ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 4 सहित बीएनएस की धारा 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोनदादर बांध के पास कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की सूचना मिली थी। सूचना की तस्दीक होने पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखते

ही जुआ खेल रहे लोगों में हड़कंप मच गया और वे भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी 7 आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 14,670 रुपये नकद, 04 एंड्रॉइड मोबाइल (लगभग 55 हजार रुपये) तथा 03 मोटर साइकिल (लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये) जब्त की है। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत 2 लाख 29 हजार 670 रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू साहू, सेवकराम ध्रुव, गामा सिंह राजपूत, अजहर अली, अब्दुल रज्जाक, करण ध्रुव (सभी बागबाहरा निवासी) तथा भुनेश पटेल (खल्लारी निवासी) शामिल हैं।

नवरात्रि पर पदयात्रियों को बांटे जाएंगे रेडियम बेल्ट और रिफ्लेक्टर स्टीकर

■ डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर राजनांदगांव पुलिस ने शुरू की तैयारियां

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आगामी नवरात्रि पर्व के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ़ में दर्शन हेतु प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न जिलों से पदयात्रा करते हुए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने आज अधिकारियों के साथ संपूर्ण मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, डीएसपी अलेक्जेंडर किरो, यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अंजोरा से डोंगरगढ़ तक लगभग 61.8 किलोमीटर लंबे मार्ग का विस्तृत भ्रमण किया गया और मार्ग में पडने़ वाले प्रमुख चौक-चौराहों, पड़ाव स्थलों और संभावित भीड़ वाले स्थानों का जायजा लिया गया। पदयात्रियों और वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टॉपर्स, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्जन, प्रकाश व्यवस्था और रूट प्रबंधन से संबंधित तैयारियों का परीक्षण किया गया। आवश्यक निर्देश दिए गए।

तुमड़ीबोड़ मार्ग से आने वाले पदयात्रियों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था की योजना तैयार की गई। पदयात्रियों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष राजनांदगांव पुलिस द्वारा पदयात्रियों को रेडियम बेल्ट और बैग / शर्ट पर लगाने के लिये रिफ्लेक्टर स्टीकर वितरित किए जाएंगे, ताकि रात्रि के समय भी दूर से ही पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को वाहन चालक स्पष्ट रूप से देख सकें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने इस साल अंजोरा ग्राम से आगे मार्ग को वन-वे किया जाएगा।

मार्ग के एक हिस्से को विशेष रूप से पदयात्रियों के लिए सुरक्षित और आरक्षित किया जाएगा, जिससे पैदल श्रद्धालुओं को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हो सके। समन्वित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने पड़ोसी जिलों दुर्ग और महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की पुलिस से भी समन्वय स्थापित किया गया है। ताकि, अंतरजिला मार्गों पर भी यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस द्वारा संपूर्ण पुलिस बल व स्टॉपर्स के साथ रियल-टाइम रिहर्सल (पूर्वाभ्यास) किया जाएगा, जिससे ड्यूटी पर तैनात होने वाले प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को अपने दायित्वों की स्पष्ट जानकारी हो सके तथा यदि किसी प्रकार की कमी सामने आती है तो उसे नवरात्रि प्रारंभ होने से पूर्व ही दूर किया जा सके। पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि पदयात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, सड़क के निर्धारित हिस्से पर ही चलें और सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से माँ बम्लेश्वरी के दर्शन कर सकें।

नागपुर के अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में सारस्वत अतिथि होंगी पद्मश्री शमशाद

बालोद। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वामा विमर्श मंच नागपुर द्वारा 13 और 14 मार्च को नागपुर में अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में बालोद जिले की पद्मश्री शमशाद बेगम सारस्वत अतिथि के रूप में शामिल होंगी। महोत्सव में स्त्री विमर्श और साहित्य की विभिन्न विधाओं पर चर्चा के लिए देश-विदेश से प्रख्यात विदुषियां, साहित्यकार और चिंतक भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री शमशाद बेगम अंतरराष्ट्रीय मंच पर बालोद की महिला कमांडो द्वारा किए जा रहे कार्यों और अनुभवों को साझा करेंगी। इस आयोजन में पद्मश्री जनक पलटा मगलीगन (पर्यावरणविद्, इंदौर), एसएन विनोद, सीए श्वेताली ठाकरे (अध्यक्ष, महाराष्ट्र जल संपत्ति नियमन प्राधिकरण, मुंबई, डॉ. कीर्ति काले (अंतरराष्ट्रीय कवियित्री, नई दिल्ली), नीतू गुजराल (कवियित्री, सिंगापुर), किशन शर्मा (विविध भारती), अरुण गुनौत (चेन्नई) और डॉ. आभा सिंह (प्रमुख, हिंदी विभाग नागपुर) सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच साझा करने का यह अवसर उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस मंच पर वे बालोद की महिला कमांडो के कार्यों को प्रस्तुत करेंगी और देश-विदेश से आए विद्वानों से सीखने का अवसर भी प्राप्त करेंगी। नागपुर दौरे के दौरान उनके साथ रफीक खान और घनश्याम वैष्णव भी मौजूद रहेंगे।

खनिज परिवहन करने पर 9 वाहन जब्त

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने लगातार निरंतर कार्रवाई की जा रही है। 10 व 11 मार्च को खनिज विभाग की टीम ने गुरूर विकासखण्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध परिवहन करने पर रेत के 8 और मिट्टी का परिवहन करने पर 1 वाहन जब्त किया गया। जब्त वाहनों में 2 हाईवा व 4 ट्रेक्टर मय ट्रॉली शामिल हैं। जब्त वाहनों को थाना आरक्षी केन्द्र मरकाटोला कैम्प, 1 हाईवा थाना आरक्षी केन्द्र कंवर, 1 हाईवा थाना आरक्षी केन्द्र सनौद और 1 ट्रेक्टर मय ट्रॉली थाना आरक्षी केन्द्र गुरूर के अभिरक्षा में रखा गया है। इन सभी प्रकरणों में खान व खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई हो रही है।

मटियामोती जलाशय से छोड़ा पानी

राजनांदगांव। शिवनाथ नदी मोहारा एनीकट का जलस्तर कम होने के कारण रॉ वाटर सप्लाई करने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने जल संसाधन विभाग को पत्र लिखा है। जल संसाधन विभाग बालोद के कार्यपालन अभियंता को मटियामोती जलाशय से नगर निगम राजनांदगांव के लिये आरक्षित पानी छोडने़ पत्र लिखा गया था। कल 10 मार्च को मटियामोती जलाशय से पानी छोडने़ की कार्यवाही की गई। अगले 4-5 दिनों में जलाशय से छोड़ा गया पानी मोहारा स्थित शिवनाथ एनीकट पहुंचेगा। मटियामोती जलाशय के लगभग 600 एमसीएफटी पानी में से 300 एमसीएफटी पानी ग्रीष्म ऋतु के दौरान नगर निगम राजनांदगांव को पेयजल आपूर्ति के लिए सुरक्षित रखा गया है। गर्मी बढने़ पर एनीकट में पानी की संग्रहण क्षमता के अनुसार मोगरा जलाशय से भी पानी लिया जाएगा, ताकि ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराया जा सके। निगम प्रशासन के जल विभाग के अमले ने नहर नाली की सफाई कर पानी की सुरक्षा के लिए मानीटरिंग की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

विवि विद्यार्थियों ने दी बिहू नृत्य की प्रस्तुति

खैरागढ़। लोकभवन रायपुर में असम, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा व उत्तरप्रदेश के स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने असम के लोकनृत्य बिहू की प्रस्तुति दी। कुलपति लवली शर्मा के मार्गदर्शन में कथक, ओडिसी व लोक संगीत विभाग के विद्यार्थियों को लोकभवन भेजा गया था। विद्यार्थियों के साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवाली सिंह, सुशांत दास व डॉ. अजय पांडेय मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने डॉ. शिवाली सिंह के निर्देशन में असम के लोक नृत्य बिहू की मनमोहक प्रस्तुति दी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ने लोकभवन में आयोजित 5 राज्यों के स्थापना दिवस समारोह पर कहा कि यह पहल सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ ही भावनात्मक एकीकरण का माध्यम है। केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते हैं। इसी कड़ी में आज लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में इन राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

विधानसभा में सहायक शिक्षकों की कमी अतिक्रमण और यातायात का मुद्दा गूंजा

■ विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्र की समस्याओं पर मुखर होकर उठाई आवाज

पंडरिया/नवप्रदेश। विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा सत्र के दौरान लगातार जनहित व क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों को मुखरता से सदन में उठाया।

आज विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने शासकीय विद्यालयों में सहायक शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और नगरीय निकायों में अवैध अतिक्रमण और ग्रामीण व आदिवासी खिलाडि़यों को प्रोत्साहन के साथ ही उनकी सुविधा के विषय में सदन में सवाल किये। विधायक भावना बोहरा ने सवाल किया कि वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य

क्षेत्रों में स्थित शासकीय विद्यालयों में क्या बड़ी संख्या में सहायक शिक्षकों के पद रिक्त हैं? शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ड्रॉप-आउट दर में वृद्धि, रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति हेतु कार्ययोजना पर सवाल दागे। लिखित उत्तर में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में लगभग 25 हजार से अधिक सहायक शिक्षकों के पद रिक्त हैं और कबीरधाम जिला अंतर्गत कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया व सहसपुर लोहरा विकासखंड अंतर्गत 172 सहायक शिक्षकों के पद रिक्त हैं।

मंत्री ने बताया कि सहायक शिक्षक पद के रिक्तियों की पूर्ति के लिए बस्तर व सरगुजा संभाग में सीधी भर्ती की गई है और युक्तियुक्तकरण के मध्यम से शिक्षकों की कमी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। भावना बोहरा ने आदिवासी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के विषय में भी प्रश्न किये। लिखित उत्तर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि राज्य शासन द्वारा ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की पहचान, चयन और प्रशिक्षण हेतु विगत 2 वर्षों से बस्तर ओलम्पिक व इस वर्ष से सरगुजा ओलंपिक योजना शुरू की गई है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर, महिला खेलकूद प्रतियोगिता, ग्रामीण खेल अभ्यास योजना, छग क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, खेलो इंडिया लघु केन्द्र संचालित है।

भावना बोहरा ने कृषि बजट अनुदान मांग पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए पंडरिया विधानसभा के गन्ना किसानों के हित, उन्नत बीज की उपलब्धता ,समय पर भुगतान और समर्थन मूल्य में वृद्धि की मांग को प्रमुखता से सदन के समक्ष रखा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पंडरिया क्षेत्र में गन्ना अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जाए, जिससे किसानों को उन्नत किस्म के बीज और वैज्ञानिक तकनीक उपलब्ध हो सके।

अवैध जल संग्रहण रोकने ग्रामीण व नगरीय टीम गठित

■ ग्रीष्मकाल में जलसंकट से निपटने कलेक्टर ने जारी किया आदेश

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल संकट को देखते हुए जल संकट से निपटने विभागीय अफसरों को अलर्ट किया है। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकाल में जिले में सभी लोगों को पेयजल व निस्तार के लिए पर्याप्त जलापूर्ति करना आवश्यक है। जिले में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से जल संचय व अवैध कनेक्शन कर जलापूर्ति को बाधित न करें। किसी भी तरीके से अनुचित तौर पर जल संग्रहण को रोकने के लिये टीम का गठन भी किया गया है। टीम में विकासखण्ड (ग्रामीण) स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत के सीईओ, तहसीलदार व अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगरीय

स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व मुख्य नगर पालिका एवं नगर पंचायत अधिकारी की टीम बनाई गई है। समिति द्वारा नियमित रूप से जिले में पेयजल व निस्तार हेतु जलापूर्ति की मॉनिटिरिंग और जिले में अवैध जल संग्रहण कार्य करने वाले व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

सर्रागोंदी में तीन साल से पानी टंकी का काम अधूरा

खैरागढ़/नवप्रदेश। तीन साल से जलजीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति की राह ताक रहे ग्राम पंचायत सर्रागोंदी में भी जलजीवन मिशन का हाल बेहाल है। तीन साल पहले टंकी का काम शुरू किया गया। पिछले दो साल से यह कार्य पूरी तरह बंद है। काम अधूरा छोड़कर ठेकेदार गायब हो चुका है। शहर से मात्र चार किमी दूर स्थित ग्राम सर्रागोंदी में तीन साल पहले जलजीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने गांव मे 50 लाख रुपए से अधिक की लागत से पानी टंकी निर्माण पाइपलाइन विस्तार कार्य स्वीकृत किए गए थे। तीन साल पहले काम शुरू किया गया। पानी टंकी का निर्माण शुरू किया गया। पाइपलाइन विस्तार

किया गया। अब पूरी योजना दो साल से अधिक समय से ठप्प है। पानी टंकी का निर्माण दो साल से बंद है। गांव में नियम कायदों को ताक पर रखकर बिछाई गई है। ग्रामीणों को इसका लाभ नही मिल सका है। गांव में गर्मी के दिनों मे पेयजल संकट गहराने लगता है। पीएचई विभाग के अधिकारी और ठेकेदार मामलें को लेकर गंभीर नही है। सर्रागोंदी मे बनाई गई पानी टंकी के निर्माण में गुणवत्ता ठीक न होने के आरोप भी ग्रामीणो ने लगाए हैं। टंकी निर्माण के लिये दो साल पहले लगाए गए बांस बल्ली को ठेकेदार ने अब तक नहीं हटाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पानी टंकी निर्माण मे लापरवाही बरतने के कारण टंकी अभी से तिरछी हो गई है। निर्माण कार्य को पूर्ण कराने, गांव मे जलजीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने ग्रामीण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण कई बार पीएचईअधिकारियों और स्थानीय प्रशासन को मांग और शिकायत कर चुके हैं, लेकिन ठप्प पड़ी जलजीवन मिशन योजना को शुरू कराने कोई कार्यवाही नहीं की गई।

महापौर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड 14 व 15 में विकास कार्य कराने निगम पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। महापौर ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल, वार्ड 14 के पार्षद सतीश मसीह, वार्ड 15 के पार्षद प्रमोद झंझाडिया, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पूर्व पार्षद शैल यादव, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुरंजेकर के साथ वार्ड 14 में अधोसंरचना मद अंतर्गत लगभग 35 लाख रुपये की लागत से स्टेशन रोड डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। आई.टी.बी.पी. के उप महानिरीक्षक अनवर ईलाही, द्वितीय कमान मनोज कुमार बहुबुडा, उप सेनानी जीथ जेम्स व इस्पेक्टर अजय कुमार यादव के साथ वार्ड 15 में अधोसंरचना मद अंतर्गत 9.50 लाख रुपये की लागत से बल्देवबाग में आई.टी.बी.पी. कार्यालय के पास सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। महापौर ने विधायक निधि अंतर्गत 7 लाख रुपये की लागत से पं. किशोरी लाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में इंटरलाकिंग कार्य कराने भूमिपूजन किया। इस मौके पर कालेज के अध्यक्ष सुरेश एच लाल, उपाध्यक्ष श्रीकिशन खण्डेलवाल, सचिव अनिल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष कमलेश उभरानी, उप सचिव उमेश अग्रवाल, प्रशासक आरएन सिंग, प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा की उपस्थित रहे। भूमिपूजन अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन

सिंह और सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शहर में विकास कार्य कराये जा रहे है। विधायक व सांसद द्वारा वार्डो में विकास कार्य कराने विधायक सांसद निधि के अलावा अन्य मद में अनुशंसा कर राशि दिलाई गई है। शासन के सहयोग से मूलभूत सुविधा रोड, नाली निर्माण के अलावा अन्य कार्य कराये जा रहे है। स्टेशन रोड में डामरीकरण के अलावा स्वागत द्वार व डिवाईडर का सौदर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है।

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 20260310390008/अ-6/सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

मोरीद प.ह.न. 00005 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- प्रफुल्ल कुमार शर्मा/अनावेदक पक्षकार- हिमांशु शर्मा

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है की आवेदक प्रफुल्ल कुमार शर्मा पिता-स्व. कपिल नारायण शर्मा निवासी प्रतिक पैलेस जामुल तह. भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम मोरिद प.ह.नं.05 रा.नि.म. व.तह. भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित दर्ज भूमि 246 247/1, 247/2, 1909 रकबा 0.150, 0.060, 0.010, 0.850 कुल रकबा 1.070 हे. भूमि के भूस्वामी सुधांशु शर्मा एवं हिमांशु शर्मा पिता स्व. मोहित शर्मा का नाम भूस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक के चाचा मोहित शर्मा चची सुषमा शर्मा एवं चचेरे भाई हिमांशु एवं सुधांशु शर्मा के निर्वसीयत निधन होने के कारण व्यव्हार न्यायालय भिलाई-3 के व्यव्हार वाद क्र.4-अ/2025/अति निर्णय दिनांक 13.12.2025 को उभय पक्ष के स्वत्व एवं अधिपत्य का भूमि होने से घोषित किया है जिसके कारण राजस्व अभिलेख में फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पते प्रस्तुत किया गया है । प्रकरण दर्ज।

अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर लिखित रूप में इस न्यायालय में नियत दिनांक 25.03.2026 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.03.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202602101200042 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक रविकांत आ. अर्जुन सिंह निवासी गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग) के द्वारा ग्राम चंदखुरी तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा न. 433/25 रकबा 0.021 हे. भूमि जो कि माता भगवंतीन ध.प. अर्जुन सिंह के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी भगवंतीन की मृत्यु दिनांक 07.11.2025 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै कु. प्रतिभा चौधरी (KM. PRATIBHA CHOUDHARY) उम्र 33 वर्ष, पति अमित चौधरी निवासी ब्लाक 5/बी, सड़क नं. 12, वार्ड नं. 46, सेक्टर 06 भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं। मेरे शालेय अभिलेखो मे मेरा नाम कु प्रतिभा (KM PRATIBHA) पिता राम नक्षत्र प्रसाद दर्ज है तथा मेरे नाम से जारी आधार कार्ड (आधार नं. 2274 69317254), पेन कार्ड, बैंक पासबुक, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड, रोजगार पजीयन एवं अन्य दस्तावेजो मे मेरा नाम प्रतिभा चौधरी (PRATIBHA CHOUDHARY) पति अमित चौधरी है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड, रोजगार पजीयन एवं अन्य दस्तावेजो मे मेरा नाम जहां कही भी प्रतिभा चौधरी (PRATIBHA CHOUDHARY) पति अमित चौधरी दर्ज हो वहां पर कुं प्रतिभा (KM PRATIBHA) पति अमित चौधरी अंकित हो।

शपथकर्ता
प्रतिभा चौधरी पति अमित चौधरी
निवासी ब्लाक 5/बी, सड़क नं. 12, वार्ड नं. 46, सेक्टर 06 भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं यमन कुमार देवांगन (YAMAN KUMAR DEVANGAN) आत्मज अमर सिंह देवांगन (AMAR SINGH DEVANGAN) उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम व पोस्ट-कुथरेल, थाना अण्डा, तह0 व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। मेरा आधार कार्ड क्रमांक 4827 3634 9575 एवं जन्मतिथि 09.08.1993 है जो कि सत्य व सहीं है। मेरे मतदाता परिचय पत्र, बैंक पास बुक, पेन कार्ड आधार कार्ड में नाम यमन कुमार देवांगन (YAMAN KUMAR DEVANGAN) आत्मज अमर सिंह देवांगन (AMAR SINGH DEVANGAN) है जबकि शैक्षणिक दस्तावेजों सहित अंकसूची में यमन कुमार (YAMAN KUMAR) आत्मज अमर सिंह (AMAR SINGH) है, जो मेरे नाम के आगे उपनाम देवांगन (DEVANGAN) त्रुटिवश छूट गया है तथा अब मैं अपने परिवर्तित नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता हूं। अत: शैक्षणिक अभिलेखों / दस्तावेजों में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम यमन कुमार (YAMAN KUMAR) आत्मज अमर सिंह (AMAR SINGH) के स्थान पर आगे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों/ दस्तावेजों में अपना संपूर्ण अभिलेखों में परिवर्तित/ संशोधित नाम यमन कुमार देवांगन (YAMAN KUMAR DEVANGAN) आत्मज अमर सिंह देवांगन (AMAR SINGH DEVANGAN) एवं जन्मतिथि भी त्रुटिवश छूट गया है एवं मेरे आधार कार्ड में यमन कुमार देवगन (YAMAN KUMAR DEVANGAN) आत्मज अमर सिंघ देवगन (AMAR SINGH DEVANGAN) त्रुटिवश दर्ज किया गया है जिसे सुधार कर आगे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, पर्सनल रिकार्ड एवं अन्य अभिलेखों/दस्तावेजों में अपना संपूर्ण अभिलेखों में परिवर्तित / संशोधित नाम यमन कुमार देवांगन (YAMAN KUMAR DEVANGAN) आत्मज अमर सिंह देवांगन (AMAR SINGH DEVANGAN) लिखना चाहता हूं। मेरे परिचय पत्र, आधार कार्ड में, पेन कार्ड में त्रुटिपूर्ण जन्मतिथि को भी सुधार कर मार्कशीट के आधार पर 09.08.21993 दर्ज करवाना चाहता हूं।

जयप्रकाश निर्मलकर
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9340825124

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 20260310390007/अ-6/सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

सिरसाकला प.ह.न. 00007 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- प्रफुल्ल कुमार शर्मा/ अनावेदक पक्षकार- सुधांशु शर्मा, हिमांशु शर्मा

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है की आवेदक प्रफुल्ल कुमार शर्मा पिता स्व. कपिल नारायण शर्मा निवासी प्रतिक पैलेस जामुल तह. भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम सिरसाकला प.ह.नं.07 रा.नि.म.चरोदा तह. भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित दर्ज भूमि खसरा नं. 166/5 167/18, 303, 1119/37, 1374/2, 1400 1401,1404 रकबा 0.060, 0.34, 0.22, 0.1821, 0.28, 0.24,0.270, 0.100 कुल रकबा 1.6921 हेक्टे0 भूमि के भूस्वामी सुधांशु शर्मा एवं हिमांशु शर्मा पिता-स्व. मोहित शर्मा का नाम भूस्वामी हक में दर्ज है है। आवेदक के चाचा मोहित शर्मा चची सुषमा शर्मा एवं चचेरे भाई हिमांशु एवं सुधांशु शर्मा के निर्वसीयत निधन होने के कारण व्यव्हार न्यायालय भिलाई -3 के व्यव्हार वाद क्र.4-अ/2025 / अति निर्णय दिनांक 13.12.2025 को उभय पक्ष के स्वत्व एवं अधिपत्य का भूमि होने से घोषित किया है जिसके कारण राजस्व अभिलेख में फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पते प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण दर्ज।

अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर लिखित रूप में इस न्यायालय में नियत दिनांक 25.03.2026 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.03.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202602100700148 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती सावित्री यादव पति लिलेन्द्र कुमार यादव निवासी पचरीपारा अस्पताल वार्ड नं.-29 दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 64/75 रकबा 0.010 हे. 1140 वर्गफीट 105.94 वर्गमीटर लगान अभिलेखानुसार भूमि बयनामा कीमत तथा बाजार मूल्य 24,00,000/- रूपये भूमि को विक्रेता युवराज कुमार उमरे पिता देवीदीन उमरे निवासी म.नं.-10, पचरीपारा स्टेशन रोड, वार्ड नं.-28 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 17/01/2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर केता के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तनुश्री (TANNU SHREE) आत्मज हेमशंकर नागवंशी (HEMSHANKER NAGVANSHI) उम्र 18 वर्ष, स्थायी निवासी मकान नंबर-175, वार्ड नंबर-17, मौहाभांठा राजनांदगांव, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) वर्तमान निवासी आदर्श नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरा आधार कार्ड क्रमांक 7483 1315 7335 एवं जन्मतिथि 30.05.2007 है जो कि सत्य व सहीं है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों सहित अंकसूची में सहीं व वास्तविक नाम तनुश्री (TANNU SHREE) आत्मज हेमशंकर (HEMSHANKER) है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरे नाम के अंग्रेजी नाम के अंग्रेजी अक्षर में तनुश्री (TAHNUSRI) पिता के सरनेम नाग वंशी (NAGA VAMSHI) अंकित है तथा अब मैं अपने परिवर्तित नाम तनुश्री (TANNU SHREE) आत्मज हेमशंकर नागवंशी (HEMSHANKER NAGVANSHI) से जानी, पहचानी एवं पुकारी जाती हूं। अत: आधार कार्ड में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम के अंग्रेजी नाम के अंग्रेजी अक्षर में तनुश्री (TAHNUSRI) पिता के सरनेम नाग वंशी (NAGA VAMSHI) दर्ज के स्थान पर आगे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों / दस्तावेजों में अपना संपूर्ण अभिलेखों में परिवर्तित / संशोधित नाम तनुश्री (TANNU SHREE) आत्मज हेमशंकर नागवंशी (HEMSHANKER NAGVANSHI) लिखना चाहती हूं।

जयप्रकाश निर्मलकर
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9340825124

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- भिलाई-3 प.ह.न. 00009 चरोदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430300400047

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00009 के अंतर्गत ग्राम चरोदा के वर्तमान भूमिस्वामी बलजीत कौर पिता/पति सुरजीत सिंह पता सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 297/21(0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सुरजीत सिंह पिता/पति ध्यान सिंह पता जीई रोड ज्योति विद्यालय के पास भिलाई-3 चरोदा, हरमिक पिता/पति सुरजीत सिंह पता जीई रोड ज्योति विद्यालय के पास भिलाई-3 चरोदा, मनजीत सिंह पिता/पति सुरजीत सिंह पता जीई रोड ज्योति विद्यालय के पास भिलाई-3 चरोदा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.03.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104700046

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी शांतीबाई यादव पिता/पति राधिका रमण यादव पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 340/71(0.0150) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अन्नपूर्णा यादव पिता/पति राधिका रमन यादव पता कन्हैयापुरी चौक कसारीडीह दुर्ग, आकाश कुमार यादव पिता/पति राधिका रमन यादव पता कन्हैयापुरी चौक कसारीडीह दुर्ग, प्रकाश कुमार यादव पिता/पति राधिका रमन यादव पता कन्हैयापुरी चौक कसारीडीह दुर्ग, राधिका रमन यादव पिता/पति बिसाहूराम यादव पता कन्हैयापुरी चौक कसारीडीह दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202602100800030 /अ-27/वर्ष 2025-26
ग्राम पेंडरी, प.ह.न. 09

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सुरेश पिता स्व. गजराज एवं अन्य 04 निवासी ग्राम पेंडरी (रूहा) तहसील धमधा जिला-दुर्ग द्वारा खाता विभाजन बटवारा का आवेदन पेश किया गया है, कि मौजा ग्राम पेंडरी, प.ह.नं. 09, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग स्थित खसरा नंबर क्रमशः 68, 207, 216 364, 369 रकबा क्रमशः 0.08, 0. 20, 0.17, 0.20, 0.26 हे. भूमि कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.91 हे. वादग्रस्त भूमि आवेदकगण 1. सुरेश पिता स्व. गजाराज पटेल, 2. राम्हीन पति स्व. गजाराज पटेल, 3. राहुल पिता स्व. भानुप्रताप पटेल, 4. मेघराज पिता स्व. भानुप्रताप पटेल, 5. सती बाई पति स्व. भानुप्रताप एवं अनावेदकगण 1. युवराज पटेल पिता स्व. धनेश, 2. संतोषी पिता स्व. धनेश, 3. गायत्री पिता स्व. धनेश, 4. धनवती पिता स्व. धनेश, 5. यशोदा बाई पटेल पति स्व. धनेश, 6. रमेश पटेल पिता स्व. गजराज, 7. नटवर पटेल पिता स्व. गजराज, 8. जागेश्वरी पिता स्व. भानुप्रताप, 9. कुसुम पिता स्व. भानुप्रताप, 10. श्रीमती चन्दा बाई पति स्व. भानुप्रताप, के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जो कि उक्त भूमि पर आवेदकगण एवं अनावेदकगण के विरुद्ध वाद विवाद होना लेख कर किया जाकर आवेदकगण द्वारा उक्त वादग्रस्त भूमि का खाता विभाजन (बटवारा) भूमिस्वामी माता राम्हीन एवं पांच पुत्र सहित छः हिस्सेदार के रूप में आवेदन पत्र वास्ते खाता विभाजन स्वीकार कर प्रत्येक हिस्सेदार के हिस्से रकबा 0.1516 हे. कृषि वाद भूमि दर्ज किये जाने का आदेश पारित किये जानें का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था / समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 08.04.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता यशवंत पटेल पिता स्व रामखिलावन पटेल उम्र 33 वर्ष निवासी हेमु किराना स्टोर्स के पास पटेल पारा छावनी तह व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ निम्नकथन प्रस्तुत करता हूं कि :- यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में कुमारी लीशिका पटेल भुलवंश दर्ज किया गया है जो कि गलत है।

यह कि मेरी पुत्री का सही नाम लीशिका पटेल है जो कि सत्य एवं सही है।

यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम दर्ज है एवं स्कूल शैक्षणिक दस्तावेज में तथा राशन कार्ड में गलत नाम कुमारी लीशिका पटेल है।

यह कि मेरी पुत्री का सही नाम लीशिका पटेल है तथा सही नाम व दोनो नाम एक ही व्यक्ति होने के समर्थन में यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
यशवंत पटेल
पिता स्व रामखिलावन पटेल
निवासी हेमु किराना स्टोर्स के पास
पटेल पारा छावनी
तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला राजनांदगांव तहसील-घुमका प.ह.न. 00013 उपरवाह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण सी.टी. 202526421204400016

तहसील घुमका के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम उपरवाह के वर्तमान भूमिस्वामी अहिल्या पिता/पति धननु पता सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 843(0.1980) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आशा यादव पिता/पति छन्नूलाल यदु पता, अविनाश कुमार यदु पिता/पति छन्नूलाल यदु पता, अशोक कुमार यदु पिता/पति छन्नूलाल यदु पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
घुमका राजनांदगांव

न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला राजनांदगांव तहसील-घुमका प.ह.न. 00013 उपरवाह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण सी.टी. 202526421204400017

तहसील घुमका के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम उपरवाह के वर्तमान भूमिस्वामी युगलकिशोर पिता/पति चैनू पता सा. कुटेलाभाठा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 844(0.1940) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आशा यादव पिता/पति छन्नूलाल यदु पता, अविनाश कुमार यदु पिता/पति छन्नूलाल यदु पता, अशोक कुमार यदु पिता/पति छन्नूलाल यदु पता, आयुष यदु पिता/पति अशोक कुमार यदु पता, अनिकेत यदु पिता/पति अविनाश यदु पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
घुमका राजनांदगांव

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 26/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक सुनील कुमार ठाकुर आ. स्व. शिव कुमार ठाकुर निवासी वैगापारा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 28 सी भूखण्ड कं. 49 क्षेत्रफल 178 वर्गमीटर भूमि धारक पुनाराम, जंगली सिंह आ. जोधी, इंदिरा बाई आ.मंगलु गोंड के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक पूनाराम आ. जोधी की मृत्यु दिनांक 17.02.1978 को एवं जंगली सिंह आ. जोधी की मृत्यु दिनांक 07.12.1978 व इंदिरा बाई आ. मंगलु गोंड की मृत्यु दिनांक 17.02.1986 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा उक्त प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक सहधारको का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर वारिसानों का नाम दर्ज कर फौती नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.03.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

चार माह से पेंशन बंद, बागबाहरा के 1450 हितग्राही परेशान

नगर पालिका अध्यक्ष ने शासन को लिखा गया पत्र

बागबाहरा/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को पिछले चार माह से पेंशन राशि नहीं मिलने के कारण गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने शासन को पत्र लिखकर बकाया पेंशन राशि तत्काल जारी करने की मांग की है।

नगरपालिका अध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका बागबाहरा क्षेत्र में बड़ी संख्या में बुजुर्ग, विधवा एवं दिव्यांगजन पेंशन योजनाओं पर आश्रित हैं। वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 234, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 337, सुखद सहारा योजना के 558 तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 310 हितग्राही पंजीकृत हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री पेंशन योजना के 177, दिव्यांग पेंशन योजना के 7 तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 16 हितग्राही भी शामिल हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 1450 हितग्राही ऐसे हैं जिनकी आजीविका का मुख्य सहारा पेंशन ही है।

उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2025 के बाद से इन योजनाओं की पेंशन राशि का भुगतान नहीं हुआ है, जिसके कारण हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कई बुजुर्ग और जरूरतमंद लोग प्रतिदिन नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर पेंशन के बारे में जानकारी लेते हैं, लेकिन राशि जारी नहीं होने की सूचना मिलने पर निराश होकर वापस लौटना पड़ता है।

पेंशन बंद होने से बुजुर्गों को दवा, राशन और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कई हितग्राही ऐसे हैं जिनकी पूरी आजीविका इसी पेंशन पर निर्भर है, लेकिन महीनों से राशि नहीं मिलने के कारण वे आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं और उन्हें दूसरों पर निर्भर होना पड़ रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि लगातार पेंशन नहीं मिलने से लोगों में असंतोष बढ़ रहा है और सरकार की घोषणाओं पर से भरोसा भी कम होता जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि पेंशन योजनाओं की लंबित राशि शीघ्र जारी कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की जाए, ताकि बुजुर्गों और जरूरतमंदों को राहत मिल सके।

न्यूज गैलरी

जल यात्रा के साथ पंच दिवसीय अखण्ड रामायण सम्पन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विकासखंड के ग्राम गुड़ाघाट में हरि किर्तन भजन कर विशाल कलश जलयात्रा निकाला गया जिसमें काफी बड़ी संख्या में ग्रामवासी व श्रद्धालुगण शामिल हुए।वही मंगलवार को श्रधारा स्नान के साथ अखण्ड नवधा रामायण का पंच दिवसीय कार्यक्रम का समापन भी हुआ । इस नवधा कार्यक्रम में अनेक रामायण मंडलो में अपनी भागीदारी निभाई जिसको देखने और सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही वही आयोजको ने सभी मंडली एवं श्रद्धालुओं व सहयोगियों के प्रति आभार प्रगट किया ।

भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जयंती पर आज निकलेगी रथ यात्रा

भाटापारा/नवप्रदेश। भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जयंती

रथ यात्रा महोत्सव का आज नगर में भव्य आयोजन होगा। इस दौरान प्रातः 6:30 बजे श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में भगवान का मंगल अभिषेक ,शांति धारा ,आरती संपन्न होगी । आरती के पश्चात श्री जी की रथ यात्रा प्रारंभ हो जाएगी ,जो मंदिर से निकलकर कृषि उपज मंडी ,सचदेवा साइकिल , महासती मंदिर , सदर बाजार होते हुए रामसत्ता चौक ,जय स्तंभ चौक, डॉक्टर आड़ील हॉस्पिटल होते हुए वापस कृषि उपज मंडी रोड स्थित मंदिर की में संपन्न होगी ।आदिनाथ जैन मंदिर के अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने बतलाया मंदिर के कार्यक्रम के पश्चात वर्मा छात्रावास ,स्कूल , कृषि उपज मंडी रोड में सम्मान समारोह आयोजित है, इसमें छत्तीसगढ़ जैन समाज के 69 मंदिर के पदाधिकारी पहुंचेंगे। इस वर्ष सामाजिक रचनात्मक एवं धार्मिक कार्यों पर जिन महानुभावों ने विशेष कार्य संपन्न किए हैं उनका सम्मान मंच के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास निगम मंडल के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा,राष्ट्रीयअल्पसंख्यकआयोग एडवाइजरी पैनल सदस्य प्रकाश मोदी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी में आज स्नेह मिलन का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन ÷ वंदे मातरम- स्वर्णिम भारत÷ विषय पर स्थानीय संस्था भाग्य विधाता भवन एल आई सी ऑफिस के पीछे नरसिंह विहार कॉलोनी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा में स्नेह मिलन का आयोजन आज 12 मार्च को सायं काल 5:00 बजे से आयोजित है। उक्त कार्यक्रम में प्रेरणादायक उद्बोधन, मधुर संगीत, मेडिटेशन, आदि की प्रस्तुति होगी।राजयोग शिक्षिका बी के मंजू दीदी ने बताया कि वर्तमान विश्व में भौतिक विकास अपने चरम पर है, लेकिन मनुष्य का जीवन अनेक तनाव, उलझन, चिताओं, परेशानियों, से युक्त है घर परिवार में आज सुख के साधन अधिक संख्या में मौजूद है, पर सच्चा सुख, खुशी नहीं है। महिला परिवार की धुरी है, उसकी मनः स्थिति घर परिवार के वातावरण को अधिक प्रभावित करती है। समस्याएं तो जीवन में आती रहती है, समस्या मुक्त जीवन संभव नहीं है पर इन सबके बीच रहते हुए भी खुशनुमा जीवन जीना एक कला है, यदि महिलाएं स्वयं इस कला में पारंगत हो जाए तो परिवार को भी खुशहाल रख सकती है।उन्होंने स्नेह मिलन ÷ वंदे मातरम- स्वर्णिम भारत÷ कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

महतारी वंदन योजना ने श्यामा बाई की बदली किस्मत

गरियाबंद, / नवप्रदेश। गरियाबंद जिला जनजाति बाहूल्य एवं

वनांचल क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। यहां कमार, भुंजिया, गोंड़ सहित अन्य जनजाति सदस्य निवासरत है। साथ ही बांसशिल्प को अपने आजीविका का माध्यम मानने वाले कंडरा जनजाति के लोग भी इस जिले में निवास करते है। शासन द्वारा जनजाति सदस्यों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे उन्हें आगे बढ़ने में मदद मिल रही है। जिले के कुरूद गांव की रहने वाली कंडरा जनजाति सदस्य श्रीमती श्यामा बाई और उनके परिवार का जीवन पहले काफी कठिनाइयों से भरा था। खेतों में मजदूरी करके दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल था। उनके पास कोई स्थायी आय का स्रोत नहीं था। शासन द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन में आशा की एक नई किरण लाई। महतारी वंदन योजना उनके जीवन के विकास में सहायक हो रही है। श्रीमती कंडरा संघर्ष और स्वाभिमान की मिसाल बन चुकी हैं। उनका परिवार, जो कभी भूमिहीन मजदूर था, आज अपनी मेहनत और परंपरागत कौशल के दम पर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रहा है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने समन्वित कार्य पर दिया जोर

कलेक्टर ने कृषि एवं समवर्गीय विभागों की ली संयुक्त समीक्षा बैठक

गरियाबंद / नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री बी.एस. उइके की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, रेशम, क्रेड़ा, बीज निगम, मछलीपालन विभागो सहित बैंक, मंडी, सहकारी संस्थाओं की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और मछलीपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए सभी विभागों का आपस में समन्वय होना बहुत जरूरी है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग को मिलकर जिले में अच्छे से कार्य करना होगा। उन्होंने पीएम किसान की समीक्षा करते हुए ईकेवाईसी, लैण्ड सिडिंग, आधार सिडिंग, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, एग्रीस्टेक पंजीयन के लक्ष्य पुर्ति के प्रगति के संबंध में विकासखण्डवार विस्तार पूर्वक जानकारी ली।

उन्होंने कृषि सीजन के समय किसानों को उन्नत बीज, खाद एवं कीटनाशक समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने फसल विविधीकरण, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली एवं जैविक खेती के विस्तार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में किसानों को जैविक खेती, दलहन-तिलहन एवं उन्नत खेती से जोड़ा जाए। इस दौरान बैठक में उप संचालक कृषि श्री चंदन रॉय, पशु चिकित्सा सेवाएं के उप संचालक श्री ओ.पी तिवारी, सहायक संचालक मत्स्य श्री एमएस कमल, क्रेड़ा के सहायक अभियंता श्री तुलसीराम ध्रुव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने गौधाम के सुचारु संचालन, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, तथा टीकाकरण अभियान की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पशु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन ग्राम स्तर पर नियमित रूप से किया जाए ताकि पशुपालकों को तत्काल सुविधा मिल सके। उन्होंने 21 पशु संगणना, कृत्रिम गर्भाधान एवं वत्सोत्पादन, पशुओं के टीकाकरण, मोबाईल वेटनरी युनिट के कार्यो, व्यक्तिमूलक योजना जैसे- बैकयार्ड कुक्कुट, सूकरत्रयी, सांड, बकरा वितरण, उन्नत मादा वत्स पालन की जानकारी लेते हुए निर्धारित समय पर लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मछलीपालन विभाग की समीक्षा में तालाब एवं जलाशय का पट्टा वितरण, मत्स्य बीज संवर्धन केंद्रों की स्थिति और मत्स्य पालकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली। मत्स्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले के चयनित मत्स्य पालक किसानों को अध्ययन भ्रमण के लिए आंध्रप्रदेश भेजा गया है। कलेक्टर ने कहा कि मछलीपालकों को शासन की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, केसीसी का अधिकतम लाभ दिलाया जाए।

कुकेरा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब: गौ माता के चरणों में अर्पित हुआ छप्पन भोग

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कुकेरा के पावन धरा पर आयोजित आठ दिवसीय ÷श्रीमद् गौ भागवत कथा÷ के पांचवें दिन श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ा। श्रीराम गौ सेवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित इस कथा में प्रख्यात कथावाचक महाराज श्री सुरभि दास जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।गौ चारण और माखन चोरी लीला का आनंद कथा के दौरान महाराज श्री ने भगवान कृष्ण की मनमोहक 'माखन चोरी' और 'रास लीला' का वर्णन करते हुए बताया कि प्रभु ने गौ माता के रक्षण के लिए ही अवतार लिया था। जब कान्हा अपनी सखा मंडली के साथ गौ चारण (गायें चराने) के लिए जाते थे, तो वह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि जीव मात्र के प्रति प्रेम का संदेश था। माखन चोरी की लीला के माध्यम से उन्होंने यह सिखाया कि प्रेम पर सबका समान अधिकार है।गोवर्धन पूजा और गौ माता का सम्मान भक्तिमय माहौल के बीच 'गोवर्धन पूजा' का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कथा स्थल पर गोवर्धन पर्वत की झांकी सजाई गई और छप्पन भोग अर्पित किए गए।

महाराज श्री ने जोर देकर कहा:÷गौ माता केवल एक पशु नहीं, बल्कि साक्षात राष्ट्रमाता हैं। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति और गौ धन के संरक्षण की प्रेरणा देती है। यदि हम गौ माता को सम्मान देंगे, तो समस्त देवी-देवता स्वतः ही प्रसन्न हो जाएंगे।गौ सम्मान आव्हान अभियान इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'गौ सम्मान आव्हान अभियान' का प्रचार-प्रसार करना है।

कारखानों के एसिड उत्सर्जन से क्षेत्र में हो रहे जल प्रदूषण पर

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। धरसीवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने आज विधानसभा सदन में धरसीवा क्षेत्र के जल स्त्रोतों में कारखानों द्वारा किए जा रहे खतरनाक एसिड उत्सर्जन के मुद्दे को गंभीरता से उठाया। विधायक ने इस गंभीर समस्या पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर चिंता व्यक्त की।

विधायक श्रीं शर्मा ने सदन को अवगत कराया कि क्षेत्र की

औद्योगिक कारख़ानों द्वारा बिना किसी उपचार के अपशिष्ट पदार्थों को भूमिगत कर दिया जा रहा है साथ ही जल स्त्रोतों में एसिड युक्त अपशिष्ट बहाया जा रहा है, जिससे भूमिगत जल जहरीला हो गया है।एसिड युक्त पानी के कारण न केवल स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं हो रही हैं, बल्कि यह क्षेत्र की कृषि भूमि और पशुधन के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है।इस संबंध में क्षेत्र के लोगो से अनेकों शिकायते प्राप्त हुई है।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि धरसीवा के नागरिकों का स्वास्थ्य और जल संसाधनों की शुद्धता मेरी प्राथमिकता है। कारखानों की मनमानी के कारण हमारे जल स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

स्टेट बैंक के सहयोग से चैंबर ने किया सिक्का का वितरण

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि शादी सीजन को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों को चिल्लर की समस्या से राहत देने के उद्देश्य से चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई भाटापारा द्वारा स्टेट बैंक ऑफइंडिया, भाटापारा शाखा के सहयोग से हटरी बाजार स्थित छाबड़िया किराना में सिक्का वितरण कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप में बैंक के ब्रांच मैनेजर सुबोध सिंह के सहयोग से हटरी बाजार, सदर बाजार,सुभाष बाजार सहित नगर के अनेक व्यापारियों को ?10 के सिक्कों का वितरण किया गया। अमरजीत सलूजा ने बताया कि कुछ ही घंटों में लाखों रुपये के सिक्के व्यापारियों को वितरित कर दिए गए, जिससे व्यापारियों को काफी राहत मिली।

चिल्लर पैसों की लगातार आ रही समस्या को

देखते हुए यह पहल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीचंद छाबड़िया, अमरजीत सिंह सलूजा उपाध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स, के द्वारा की गई।इस अवसर पर प्रमुख रूप से गिरधर गोविंदानी, सुरेश गोदवानी, मुकेश थारानी, सुरेश भानुशाली, मुकेश सोनी, लक्ष्मी नारायण सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

जिले में घरेलू एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता

कलेक्टर ने एलपीज़ी वितरकों के साथ की बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था हेतु बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के घरेलु एलपीज़ी गैस वितरकों के साथ बैठक कर जिले में रसोई गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सभी एजेंसियो में उपभोक्ताओं सामन्य रूप से व प्रचलित मूल्य पर

एलपीज़ी गैस उपलब्ध कराएं। कहीं पर भी एजेंसी के द्वारा शॉर्टेज की स्थिति निर्मित न हो। कालाबाजारी या अधिक मूल्य पर बेचने की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी वितरक एलपीज़ी भण्डारण एवं वितरण की पंजी संधारित करें और विभागीय अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराएं।

नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं सिकल सेल परीक्षण शिविर का आयोजन

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा में दिनाँक 11.03.2026 को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं सिकल सेल परीक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय की रेड क्रास इकाई द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ एवं उनके अभिभावक सहित लगभग 475 लाभान्वित हुए। डॉक्टरों की टीम में डॉ. सीमा शुक्ला (स्पेशलिस्ट मेडिकल आफिसर), द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएँ जैसे बालों का झड़ना,

रूसी, पिम्पल, त्वचा संबंधी विकार, कब्ज, गैस्टिक, खून की कमी, माहवारी संबंधी समस्याएँ, माइग्रेन कमजोरी इत्यादि का निदान कर दवाइयों का निशुल्क वितरण भी किया गया। डॉ. अदिती सतपथी (फिजियोथेरेपिस्ट एवं पोषण आहार विशेषज्ञ), द्वारा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया जिसमें गर्दन दर्द, कमर दर्द, पिम्पल्स, कमजोरी, वजन कम/ज्यादा से संबंधित सलाह , थायरॉइड एवं कम उम्र में खान-पान के साथ मोबाइल के अधिक उपयोग से उत्पन्न होने वाले सिरदर्द आदि तकलीफों के बारे में सुझाव एवं पोषण आहार संबंधी परामर्श दिया गया। डॉ. रवि चंद्राकर एवं रोशनी रात्रे आयुष चिकित्सा अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं को मुंह के छाले, एनीमिया, दंत रोग, हाइपरटेंशन, स्किन डिसीज, कमजोरी, आदि से संबंधित स्वास्थ्य परीक्षण कर मार्गदर्शन एवं आवश्यक दवाओं का वितरण किया।

प्रथम पेज का शेष

13 साल से कोमा में बेटा...

लिए अपनी संपत्ति तक बेच दी, लेकिन अब आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। बेटे की तकलीफ भी नहीं देखी जाती। फैसले पर पिता अशोक ने कहा- हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था।

बस्तर में एक किलो...

के 7 जिलों के एसपी और डीजीपी मौजूद रहे। ये सभी नक्सली दंडकारण्य इलाके में सक्रिय थे। आत्मसमर्पण करने वालों में 44 महिला नक्सली भी शामिल हैं। बता दें कि सरकार ने बस्तर सहित छत्तीसगढ़ को 31 मार्च तक नक्सलमुक्त घोषित करने की डेडलाइन तय की है।

कई बड़े नक्सली नेताओं ने भी डाले हथियार

आत्मसमर्पण करने वालों में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के कई बड़े कैडर भी शामिल हैं। इनमें पश्चिम बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम राहुल तेलाम, पंडरु कोवासी और झितरु ओयाम, पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी के डीवीसीएम रामधर उर्फ बीरु, उत्तर बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम मल्लेश, पीएलजीए बटालियन नंबर-01 के सीपीसी कमांडर मुचाकी और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर के डीवीसीएम कोसा मंडावी जैसे नाम शामिल हैं।

देशभर में एलपीजी की...

हैं। कैटरर्स का कहना है कि ये इमरजेंसी जैसी स्थिति है।

उत्तर प्रदेश: पुलिस सुरक्षा में बंट रहे सिलेंडर: उत्तर प्रदेश में बुकिंग के 4 से 5 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। गैस एजेंसियों के बाहर लाइनें लगने लगी हैं। गोरखपुर-सिद्धार्थनगर में पुलिस सुरक्षा में सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। एजेंसियों पर तड़के 3 बजे से ही लोग लाइन लगाने पहुंच रहे हैं। घंटों इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। वजह- सिलेंडर कम हैं और लेने वालों की संख्या ज्यादा।

बिना टेंडर जंबूरी, ऐसी...

लगी, कब-कब लगी और काम शुरू होने से पहले क्या प्रक्रिया पूरी हुई थी। इस पर मंत्री गजेंद्र यादव के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट कर दिया, जिससे सदन में हंगामा मच गया।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के मुताबिक पहला टेंडर तकनीकी कारणों से निरस्त हुआ और नियमों में बदलाव के बाद 23 दिसंबर को फिर से जारी किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नहीं हुआ और नियमों में बदलाव नेशनल स्काउट गाइड परिषद की अनुमति से किए गए।

दुर्ग के सभी फॉर्म-हाउस...

जेसीबी, हार्वेस्टर, बाइक, 7 बोरी डोडा, कृषि उपकरण और सीसीटीवी कैमरे समेत कई सामान जब्त किए हैं।

पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया है कि उसने समोदा गांव में अफीम की खेती की और करीब 150 ग्राम अफीम दुर्ग से राजस्थान अपने गांव भी ले गया था। इस मामले में पुलिस ने भाजपा नेता विनायक ताम्रकार, विकास विश्नोई और मनीष ठाकुर को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

फूलों की खेती करना...

बताकर अफीम की खेती करने लगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि, अफीम की खेती करने वाला सरगना गांव में नहीं आता था। अफीम की खेती की देखभाल के लिए झारखंड से लोग बुलाए गए थे। खेती की निगरानी जिरमल राम करता था।

राष्ट्रपति के अपमान पर साय...

अपनी पीड़ा सार्वजनिक करनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति देश के लोकतांत्रिक इतिहास में अत्यंत चिंताजनक है और इससे पश्चिम बंगाल जैसे प्रतिष्ठित राज्य की छवि को भी ठेस पहुंची है।

समाज से क्षमा मांगते हुए अपनी भूल स्वीकार करें : मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने पत्र में संदेशखाली की घटना का भी उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भी जनजातीय समाज की महिलाओं के साथ हुई घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उन्होंने कहा कि वंचित और जनजातीय समाज के साथ इस प्रकार का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुश्री ममता बनर्जी से आग्रह किया है कि वे इस विषय पर देश और समाज से क्षमा मांगते हुए अपनी भूल स्वीकार करें तथा भविष्य में लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक पदों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए देश को आश्वस्त करें।

छत्तीसगढ़ में तैनात...

लगाई है। दोनों बच्चे दूसरे रूम में आराम कर रहे थे। सुबह सबसे पहले नौकरानी ने देखकर पुलिस को सूचना दी। पत्नी से विवाद के बाद आत्महत्या की आशंका है। पत्नी भी पहले एयरफोर्स में काम करती थी। 2014 में दोनों की लव मैरिज हुई थी। पत्नी अभी आईटी सेक्टर में काम करती है, जिसकी वजह से वह दिल्ली गई हुई है।

उड़ीसा में द्रोणिका सक्रिय, बादल छाए, एक-दो दिनों में बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण झारखंड और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण झारखंड और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से मराठवाड़ा तक अंदरुनी उड़ीसा छत्तीसगढ़ और विदर्भ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 12 मार्च को मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है।

प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु अधिकतम तापमान में (बस्तर संभाग को छोड़कर) हल्की वृद्धि होने की संभावना बना हुआ है। बस्तर संभाग में दक्षिण से वातावरण के निम्न स्तर पर आने वाली नमी युक्त हवाओं के कारण हल्के बादल छाए हुए हैं तथा अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हो रहा है। प्रदेश में 13-16 मार्च से बस्तर संभाग से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। 14 से 16 मार्च को मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में भी हल्की वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में इस अवधि में गरज चमक के साथ एक दो स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है।

शुष्क हवाओं का प्रभाव

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार प्रदेश में आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का प्रभाव कमजोर पड़ने से न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि 14 से 26 मार्च को हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि इसके बाद मौसम के शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि अधिकतम तापमान में भी हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

14 से 16 मार्च के बीच बारिश की संभावना

गर्मी का सीजन शुरू होने से पहले पहली बार आसमान पर बादल नजर आए। बादलों के असर से 24 घंटे में दिन व रात के तापमान में बदलाव हुआ। अधिकतम तापमान जहां डेढ़ डिग्री घट गया, वहीं रात का तापमान 3.7 डिग्री चढ़ा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के असर से 14 से 16 मार्च को बारिश हो सकती है। धीरे-धीरे मौसम में बदलाव हो रहा था। गर्मी बढ़ रही थी लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिन के तापमान में कमी आई है। सुबह से ही आसमान पर बादलों का असर रहा और धूप की तीव्रता कम रही। दोपहर बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे शाम के समय हल्की ठंड का अहसास हुआ। इससे पहले एक दिन पूर्व न्यूनतम तापमान 15 डिग्री था, जो सामान्य से 1.7 डिग्री कम था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण हुआ है। एचपी चंद्रा के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर राजस्थान और उससे लगे पंजाब व हरियाणा के ऊपर 3.1 से 7.6 किमी की ऊंचाई तक सक्रिय है।

न्यूज गैलरी

आम फलों की नीलामी 15 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय उद्यान रोपणी करगीकलॉ विकासखण्ड कोटा में स्थित आम के मातृ वृक्षों में लगे फलों की नीलामी 15 मार्च को दोपहर 11.30 बजे से 2 बजे तक होगी। उद्यान अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार नीलामी प्रक्रिया बंद लिफाफा पद्धति से संपन्न होगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति नीलामी की तिथि के पूर्व किसी भी दिवस आम के पौधों में लगे फलों का अवलोकन कर सकते हैं। नीलामी शर्तों की विस्तृत जानकारी उद्यान अधीक्षक कार्यालय करगीकलॉ, विकासखण्ड कोटा से प्राप्त की जा सकती है।

अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 1 अप्रैल तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय थल सेना (अग्निवीर) में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवाओं से 1 अप्रैल 2026 तक ऑनलाईन आवेदन मंगाये गये है। पुरूष अभ्यर्थी जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमैन एवं महिला अभ्यर्थी सेना पुलिस तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 17.5 से 22 वर्ष एवं आवेदन शुल्क 250 रूपए निर्धारित किया गया है। आवेदन वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर किये जा सकते है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून 2026 तक होने की संभावना है। विस्तृत जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 एवं जिला रोजगार कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर ने जिले के युवाओं से अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

एसएसपी ने 130 पुलिसकर्मियों का किया तबादला

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक फेरबदल की एक बड़ी सूची जारी की है। जारी आदेश के तहत जिले के विभिन्न थानों और इकाइयों में पदस्थ कुल 130 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया गया है। तबादला सूची में उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक , प्रधान आरक्षक और आरक्षक स्तर के कर्मचारी शामिल हैं। शहर के प्रमुख थानेः सिविल लाइन, सरकंडा, सिटी कोतवाली और तोरवा। ग्रामीण एवं बाहरी क्षेत्रः सकरी, रतनपुर, चकरभाठा, कोनी, हिर्री, तखतपुर और पचपेड़ी। पुलिस प्रशासन का मानना है कि एक ही स्थान पर लंबे समय से जमे पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव से नई ऊर्जा के साथ काम होगा।

मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक

यात्री सुविधाओं का विस्तार, ट्रेनों के ठहराव के साथ विकास से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के मंडल सभाकक्ष में आज 11 मार्च को प्रातः 11:30 बजे मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) के. श्रीनिवास, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के शाखाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा समिति के सदस्य अखिलेश सोनथालिया (बिलासपुर), जी. रविकुमार (बिलासपुर), अजय कुमार भट्ट (बिलासपुर), अखिल अग्रवाल (कोरबा), अनुज सेन (उमरिया), राकेश गुप्ता (शहडोल),जितेंद्र कुमार गुप्ता(उमरिया), प्रांजल संजय तामस्कर (रायगढ़) तथा विकास कुमार अग्रवाल (बेलपहाड़) के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए। समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर मंडल प्रशासन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आवश्यकतानुसार समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक में विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, ट्रेनों के ठहराव, यात्री अनुकूल सुविधाओं की वृद्धि सहित रेलवे विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के स्वागत अभिभाषण एवं सदस्यों के परिचय के साथ हुई। इसके पश्चात दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं, विभिन्न विकासात्मक कार्यों, अमृत भारत स्टेशन योजना, रेल सेवाओं के डिजिटलीकरण, स्वच्छता, सुरक्षा, खानपान सेवाओं तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतीकरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

मंडल में चल रहे विकास कार्यों व सुविधाओं की सराहना

बैठक के दौरान समिति के सदस्यों द्वारा पूर्व में भेजे गए एजेंडा बिंदुओं एवं सुझावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सम्माननीय सदस्यों ने मंडल में चल रहे विकास कार्यों तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं की सराहना की। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी स्थानीय समस्याओं और जन अपेक्षाओं से अवगत कराते हुए विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार से संबंधित सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने समिति के सदस्यों के सहयोग एवं सुझावों के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति यात्रियों की अपेक्षाओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को रेलवे प्रशासन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण मंच है।

कलेक्ट्रेट-एसपी ऑफिस के बाहर ट्रांसफार्मर में आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज दोपहर कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही आसपास के कई सरकारी दफ्तरों की बिजली आपूर्ति बंद हो गई, जिससे कुछ समय के लिए कामकाज प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में बुधवार दोपहर अचानक आग भड़क उठी। ट्रांसफार्मर से धुआं और लपटें निकलते ही वहां मौजूद कर्मचारियों और लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। आग लगते ही आसपास स्थित सरकारी दफ्तरों की बिजली आपूर्ति तत्काल बंद हो गई। इसके कारण कलेक्ट्रेट परिसर सहित आसपास के कार्यालयों में कुछ समय के लिए कामकाज प्रभावित रहा। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने स्थिति का जायजा लेने के बाद आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की और कड़ी मशक्कत के बाद ट्रांसफार्मर में लगी आग पर काबू पा लिया। इसी दौरान नेहरू नगर बिजली केंद्र के अधिकारी बी.बी. नेताम भी मौके पर पहुंचे और पूरी स्थिति का जायजा लिया।

गरिमा ने तहसीलदार का कार्यभार संभाला

सीपत/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तहसीलदार के रूप में पदस्थ गरिमा ठाकुर ने मंगलवार को सीपत तहसील पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर के आदेश के पश्चात उन्होंने सीपत तहसील कार्यालय में कार्यभार संभालते ही क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों को सुचारू और जनहितकारी ढंग से संचालित करने की प्रतिबद्धता जताई। पदभार ग्रहण के अवसर पर तहसील कार्यालय का वातावरण आत्मीयता और उत्साह से भरा नजर आया। तहसील के कर्मचारियों, अधिवक्ताओं तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने श्रीमती ठाकुर का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में तहसील क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों की गति और पारदर्शिता और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर तहसीलदार श्रीमती गरिमा ठाकुर ने कहा कि सीपत क्षेत्र की जनता को समय पर और निष्पक्ष प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा राजस्व संबंधी मामलों का त्वरित और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करना उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ0ग0)

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र.- बी-121/2025-26
ग्राम :- गाताडीह प.ह.नं.- 15
जारी दिनांक- 27/02/2026
पेशी दिनांक- 16/03/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नान्हू निषाद पति/पिता पंचराम निषाद जाति केंवट निवासी गाताडीह तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि अपने भाई संतोष निषाद का मृत्यु दिनांक- 13.03.2012 को ग्राम गाताडीह में होने के कारण उनके जन्म पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र जन्म और मृत्यु रजिस्ट्री अधिनियम अन्तर्गत 13 (3) की धारा 1 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी ईच्छुक व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्ति करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में ठोस दस्तावेज के साथ दावा/आपत्ति नियत दिनांक 16/03/2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई प्रकार की विचार/स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक- 27/02/2026 को न्यायालय में पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ0ग0)

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र.- बी-121/2025-26
ग्राम :- गाताडीह प.ह.नं.- 15
जारी दिनांक- 27/02/2026
पेशी दिनांक- 16/03/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नान्हू निषाद पति/पिता पंचराम निषाद जाति केंवट निवासी गाताडीह तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि अपने मां तिरिथबाई का मृत्यु दिनांक- 10/08/2019 को ग्राम गाताडीह में होने के कारण उनके जन्म पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र जन्म और मृत्यु रजिस्ट्री अधिनियम अन्तर्गत 13 (3) की धारा 1 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी ईच्छुक व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्ति करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में ठोस दस्तावेज के साथ दावा/आपत्ति नियत दिनांक 16/03/2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई प्रकार की विचार/स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक- 27/02/2026 को न्यायालय में पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा

// शपथ-पत्र //

मैं सुनील बघेल उम्र 57 वर्ष पिता स्व. श्री मनीराम बघेल जाति कुर्मी निवासी ग्राम करही पोस्ट मोपर थाना व तहसील सुहेला विकास खण्ड सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ0ग0 जो कि शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं कि -

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सही एवं सत्य है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुनील बघेल पिता मनीराम बघेल अंकित है।
3. यह कि मेरे ड्रायविंग लाईसेंस, पैन कार्ड, बैंक पासबुक में मेरा नाम सुनील कुमार बघेल पिता मनीराम बघेल अंकित है ।
4. यह कि आधार कार्ड दर्ज नाम सुनील बघेल पिता मनीराम बघेल एवं ड्रायविंग लाईसेंस, पैन कार्ड, बैंक पासबुक में दर्ज नाम सुनील कुमार बघेल पिता मनीराम बघेल एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरा / शपथकर्ता का ही नाम है अन्य किसी व्यक्ति का नाम नही है%।
5. यह कि मैं सुनील बघेल एवं सुनील कुमार बघेल दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। उपरोक्त सभी कथन सही एवं सत्य होने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

// सत्यापन //

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में वर्णित तथ्य सत्य व सही है। किसी भी तथ्य को नही छिपाया गया है। जिसे पढ़कर सुनकर समझकर आज दिनांक ... को स्थान सुहेला में अपना हस्ताक्षर / अंगुठा निशानी कर सत्यापित किया।

सत्यापनकर्ता
सुनील बघेल

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी रायपुर छ.ग.
शपथ-पत्र

मै मेजर सिंह गोंदारा MAJOR SINGH GONDARA उम्र 86 वर्ष, पिता स्व. श्री सरबन सिंह , स्थाई निवासी- कोठागुरू भटिंडा जिला भटिंडा पंजाब, निवासी- सी.एच. नंबर -352, वीर सावरकर नगर गुरुद्वारा के पास, हीरापुर टाटीबंध रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि-

01 यह कि, मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
02 यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मेजर सिंह MAJOR SINGH दर्ज है।
03 यह कि, मेरे उक्त आधार कार्ड में मेरा सरनेम गोंदारा त्रुटिवश अंकित नही है।
04 यह कि, मेरा मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरा नाम मेजर सिंह गोंदारा MAJOR SINGH GONDARA दर्ज है जो कि सत्य व सही है परंतु मेरे स्वयं के आधार कार्ड में मेजर सिंह MAJOR SINGH ही अंकित है।
05 यह कि, मेजर सिंह गोंदारा MAJOR SINGH GONDARA एवं मेजर सिंह MAJOR SINGH दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात मेरे स्वयं का नाम है व मुझे उक्त दोनो नामो से ही जाना पहचाना व पुकारा जाता है जिसकी सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन - मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में वर्णित कथन मेरी निजी जानकारी एवं विश्वास के अनसार सत्य व सही है, अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

शपथकर्ता
मेजर सिंह गोंदारा

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी रायपुर छ.ग.
शपथ-पत्र

मै गुरसेवक सिंह गोंदारा उम्र 64 वर्ष, पिता श्री मेजर सिंह गोंदारा, निवासी सी.एच. नंबर -352, वीर सावरकर नगर गुरुद्वारा के पास, हीरापुर टाटीबंध रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि-

01 यह कि, मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
02 यह कि, मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश गुरूसेवक सिंह GURUSEWAK SINGH दर्ज है। व मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गुरसेवक सिंह गोंदारा GURSEWAK SINGH GONDARA दर्ज है।
03 यह कि, जो मेरे आधार कार्ड में नाम गुरसेवक सिंह गोंदारा GURSEWAK SINGH GONDARA दर्ज है वह सत्य व सही है।
04 यह कि, मुझे गुरसेवक सिंह गोंदारा GURSEWAK SINGH GONDARA एवं GURUSEWAK SINGH दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात मेरा ही नाम है मुझे उपरोक्त दोनो नामो से जाना एवं पहचाना जाता है।
05 यह कि, मेरा आधार कार्ड में दर्ज नाम गुरसेवक सिंह गोंदारा GURSEWAK SINGH GONDARA जो कि सत्य एवं सही है उपरोक्त कथनो के सत्यता में यह शपथ-पत्र संबंधित विभाग के सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

सत्यापन - मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में वर्णित कथन मेरी निजी जानकारी एवं विश्वास के अनसार सत्य व सही है, अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

शपथकर्ता
गुरसेवक सिंह गोंदारा

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 08)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 29260 दिनांक 06.03.2026
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR568K00280 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती NAVIN KUMAR KUNDU पिता / पति श्री/ श्रीमती LATE SHRI NIKHIL KUNDU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. SAPNA THARANI W/O MAHENDRA THARANI 2. MAHENDRA KUMAR THARANI S/O LT. PAHLAD THARANI पिता /पति श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस ।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **30/03/2026** को **11.00 बजे** से दोपहर **4.00 बजे** तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा । आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। **बयाना राशि** प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी **30/03/2026, 3.00 बजे** के पूर्व सुनिश्चित की गई है। **ई-नीलामी की तिथि व समय- 30/03/2026** को सुबह **11.00 बजे** से उपरान्ह **4.00 बजे** तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ ।

संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 27/02/2026 एवं ई-नीलामी की तिथि: 30/03/2026

क्र. सं.	शाखा का नाम/ संपर्क विवरण	ऋणी एवं गारंटर का नाम	बकाया राशि / कब्जा का प्रकार	मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य व बयाना राशि
01	Bhilai Sector-I Mr. Shubhash 9805510068	श्रीमती नेहा मिश्रा एवं स्वप्निल मिश्रा	₹ 17.41 Lakh + उस पर लागू ब्याज / भौतिक कब्जा	25.05.2024 / 07.08.2025	स्वामित्व- नेहा मिश्रा पत्नी स्वप्निल मिश्रा, ख.नं. 9296, प.ह.नं. 14/19, सोनिया रेसिडेंसी, रामनगर, अम्बेडकर नगर वार्ड, कोहका, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग, फ्लैट नं. 204 द्वितीय तल) में स्थित आवासीय फ्लैट । क्षेत्रफल- 598 वर्गफीट	18,72,000/- / 1,87,200/- / 25,000/-
02	Maroda Branch Mr. Jaywardhan Hota (9937017346)	श्रेया सिन्हा	₹ 36.31 Lakh / भौतिक कब्जा	13.04.2023 / 15.06.2023	संपत्ति के मालिकः श्री मलय चन्द्र पुत्र- श्री लालजी प्रसाद, ख.नं. 316, प.ह.नं. 15/21, भूतल, ब्लॉक नं. इ4, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित फ्लैट नं. 03. क्षेत्रफल- 1195 वर्गफीट.	25,70,000/- / 2,57,000/- / 25000/-
03	Naya Raipur Branch Mr. Nilesh Kumar (9572735565)	श्री कुलदीप सिंह गिल	₹ 19.85 Lakh + उस पर लागू ब्याज / सांकेतिक कब्जा	09.04.2024 / 29.06.2024	संपत्ति के मालिक- श्री कुलदीप सिंह गिल, ब्लॉक 3, एमआईजी फ्लैट हिमालयन हाइट्स (फेस-1), तीसरी मंजिल, जनरल आवास, डुमरतराई, रायपुर (छ.ग.) में स्थित फ्लैट नं. एमआईजी 58, क्षेत्रफल- 774.74 वर्गफीट	14,40,000/- / 1,44,000/- / 25000/-

ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 30/03/2026, सुबह 11:00 बजे से शाम 4.00 बजे तक एवं **संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समयः 27/03/2026, दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे** तक । बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** पर दिए गए लिंक को देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए ऊपर बताए गए शाखा प्रमुख से संपर्क कर सकते हैं । बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी प्रक्रिया को स्वीकार/अस्वीकार/रद्द करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रखता है और इस संबंध में किसी भी प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा ।

यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 15 दिनों की नोटिस भी है ।

दिनांक : 11.03.2026 स्थान : रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)

"छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग"
धमतरी वनमंडल धमतरी
काष्ठागार धमतरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत **धमतरी काष्ठागार** में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/ वन काष्ठागार धमतरी से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 16 मार्च 2026
नीलाम समय - प्रातः 9.00 बजे से

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

प्रजाति	नया वनोपज		अविक्रित वनोपज		योग वनोपज	
	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/खूंटा नग में	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/खूंटा नग में	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/खूंटा नग में
1	2	3	4	5	6	7
सागौन	80.487	4318	102.767	3880	183.254	8198
साल	13.711	02	28.289	-	42.000	2
बीजा	17.948	-	10.608	-	28.556	-
शीशम	-	-	1.247	-	1.247	-
हल्दू/मुण्डी	1.122	13	16.644	-	17.766	13
साजा	12.185	07	32.145	11	44.330	18
धावड़ा	2.382	-	19.139	-	21521	-
पापड़ा	-	-	2.102	-	2.102	-
नीलगिरी	-	-	-	95	-	95
अन्य	49.737	769	62.985	-	112.722	769
योग-	**177.572**	**5109**	**275.926**	**3986**	**453.498**	**9095**

जलाऊ

प्रजाति	काष्ठागार धमतरी
	नया
सागौन	**30** चट्टा
अन्य	**98** चट्टा
योगः-	**128** चट्टा

टीप- - (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई- कॉर्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
(4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट मे अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

फोन - 07722-238371, फैक्स- 07722-236137

जी- 252607120/4

वनमंडलाधिकारी
धमतरी वनमंडल धमतरी

पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद बना आजीविका का साधन, पहले महिलाएं केवल घरेलू कामकाज तक सीमित थीं

स्व सहायता समूह से जुड़कर कांसाबेल की महिलाओं ने स्वरोजगार की राह अपनाई

रायपुर/नवप्रदेश। पारंपरिक कौशल, जैसे मिट्टी के बर्तन, कढ़ाई और लकड़ी का काम, स्थानीय सामग्रियों का उपयोग कर पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के माध्यम से न केवल रोजगार प्रदान करता है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित करता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ङ्क बिहान योजना के तहत जशपुर जिले की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की

मिसाल गढ़ रही हैं। कांसाबेल विकासखंड के ग्राम सेम्हर कछार की हरियाली स्व-सहायता समूह की 11 महिलाओं ने छिंद कासा से आकर्षक टोकरी और अन्य पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद तैयार कर अपनी आजीविका को मजबूत किया है। समूह की सदस्य श्रीमती बालमुनि भगत ने बताया कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिला। पहले महिलाएं केवल घरेलू कामकाज तक सीमित थीं, लेकिन अब वे अच्छी कमाई कर रही हैं। यह कार्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी दे रहा है। उन्होंने बताया कि यह न केवल एक व्यवसाय है, बल्कि यह परंपराओं, कौशल और सांस्कृतिक विरासत को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाता है। समूह की दीदियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से हम सशक्त और आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

बताया बिहान योजना ने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया

महिलाओं ने बताया कि बिहान योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। समूह के माध्यम से प्रशिक्षण, सहयोग और विपणन सुविधा मिलने से उनका उत्पाद अब स्थानीय हाट-बाजार और मेलों में लोकप्रिय हो चुका है। महिलाएं कहती हैं कि अब वे सिर्फघर तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि अपनी पहचान खुद बना रही हैं।

न्यूज गैलरी

'आ बैल मुझे मार' की विजेता बनीं रोहिणी और गौरी

रायपुर/नवप्रदेश। महिलाएं एक स्थान पर जुटें और रोचक गेम न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। मनोरंजक खेल से भरा नजारा सोमवार, 9 मार्च को महाराष्ट्र मंडल की चौबे कालोनी महिला केंद्र की मासिक बैठक के साथ मनाए गए होली मिलन समारोह में देखने को मिला। इस दौरान केंद्र की सदस्यों ने हास- परिहास से परिपूर्ण 'आ बैल मुझे मार' गेम खेला। इसमें बैल शब्द किसी को बोलना नहीं था, बैल शब्द के लिए स्थान पर एक्सप्रेशन देना था। सभी को 30 सेकंड का समय दिया गया। जिसने भी बिना बैल बोले सर्वाधिक बार 'आ बैल मुझे मार' बोला। उसे विजेता घोषित किया गया। केंद्र की संयोजिका अक्षता पंडित ने बताया कि मासिक बैठक के साथ अंतरराष्?ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन भी मनाया गया। सभी सदस्यों को होली पर टाइटल दिए गए। फिर उपहार के रूप में चॉकलेट्स और गिफ्ट भी बांटे गए। होली के गीतों पर सभी ने जमकर मस्ती की। 'आ बैल मुझे मार' प्रतियोगिता में रोहिणी नेने और गौरी मोकासदार संयुक्त विजेता रहीं। वहीं अंजलि वैद्य रनरअप बनीं। वरिष्ठ सदस्य अपर्णा कालेले ने बताया कि बैठक में आगामी दिनों में चैत्र गौरी हल्दी-कुंकू और मठा वितरण कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इसे लेकर सदस्यों के बीच कार्यों का विभाजन कर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई, ताकि कार्यक्रम में अधिकाधिक महिलाओं को जुटाकर उसे सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर मनीषा वरवंडकर, सुनीता कुलकर्णी, गौरी क्षीरसागर, अवंती अग्निहोत्री, सेजल शाह, मनीषा बिस्सा, रंजना चोपकर, सीमा गनोदवाले, सुनंदा बेंद्रे, मनीषा मुकादम, पल्लवी मुकादम, अनुपमा बोधनकर, संगीता निमोणकर, प्राची डोनगांवकर, स्वाति डबली सहित अनेक सभासद उपस्थित रहीं।

कलेक्टर ने ली एलपीजी डीलर्स की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज जिले के सभी ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों और डीलर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में ऐसी व्यवस्था करें कि एलपीजी गैस की आपूर्ती में दिक्कत न हो, आम उपभोक्ताओं को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। बुकिंग होने के पश्चात् समय पर गैस सिलेण्डर की अनिवार्य रूप से आपूर्ति करें। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी की शिकायत पायी जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1995 (एस्मा) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान सिंह राठौर ने कहा कि एलपीजी गैस का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में है, उन्होंने आग्रह किया कि आम उपभोक्ता पैनिक न हों। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर कलेक्टर कॉल सेंटर के नम्बर 9977222564, 9977222574, 9977222584 एवं 9977222594 पर सम्पर्क करें। बैठक में ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि वर्तमान व्यवस्था के तहत गैस सिलेण्डर की दूसरी बुकिंग डिलिवरी के 25 दिन बाद ही होगी, सभी उपभोक्ता डिलिवरी के समय डिलिवरी ऑथेंटिक कोड बताएं, बुकिंग के लिए आईवीआरएस, व्हाट्सएप, कॉल एवं मैसेज का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही उन्हीं उपभोक्ताओं को सिलेण्डर दिया जाएगा जिनकी ई-केवायसी हुई है। बैठक में खाद्य नियंत्रक श्री भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि सभी डीलर प्रति सप्ताह गैस कंपनी से प्राप्त घरेलू और व्यावसायिक सिलेण्डर के आवक-जावक और बचत की जानकारी खाद्य विभाग को देंगे।

दिव्यांगता भी नहीं रोक सकी सायरा बनो का हौसला

रायपुर/नवप्रदेश। धमतरी जिले की सायरा बानो ने यह साबित कर दिया है कि यदि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का जज़्बा हो, तो कोई भी कठिन परिस्थिति सफलता की राह नहीं रोक सकती। शारीरिक दिव्यांगता और अत्यंत कमजोर आर्थिक स्थिति के बावजूद सायरा बानो आजआत्मनिर्भरता की प्रेरक

मिसाल बनकर सामने आई हैं। कुछ समय पहले तक सायरा बानो का जीवन आर्थिक तंगी में गुजर रहा था। रोजगार के अभाव में उनके लिए रोज़मर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी बड़ी चुनौती बन गया था। लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया और रोजगार के लिए जिला प्रशासन से सहायता की मांग की। सायरा बानो की परिस्थितियों और उनके मजबूत इरादों को देखते हुए प्रशासन ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया। उनके मार्गदर्शन में सायरा बानो को बड़ौदा आरसेटी, धमतरी में ई-रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने पूरी लगन और मेहनत के साथ ई-रिक्शा चलाने की तकनीक सीखी। साथ ही उन्हें स्व-रोजगार से जुड़ी जरूरी जानकारी भी दी गई तथा पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद समाज कल्याण विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से सक्षम प्रोजेक्ट के अंतर्गत सायरा बानो को ई-रिक्शा उपलब्ध कराया गया।

बड़े राज्यों को पछाड़कर बना नंबर-वन, सीएम साय और मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने दी बधाई

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में छत्तीसगढ़ पूरे देश में अव्वल

रायपुर/नवप्रदेश। महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन की फरवरी 2026 की स्टेट-वाइज राष्ट्रीय रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने बड़े राज्यों की श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है।

राज्य ने अन्य बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। जारी रैंकिंग के अनुसार छत्तीसगढ़ ने 93.37 प्रतिशत नामांकन, 83.87 प्रतिशत स्वीकृति दर और 93.95 प्रतिशत शिकायतों के त्वरित समाधान के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं 30 दिनों से अधिक लंबित प्रकरणों की दर मात्र 7.07 प्रतिशत और लंबित शिकायत दर 4.96 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो योजना के प्रभावी और पारदर्शी

क्रियान्वयन को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ने पिछले माह की तुलना में 6 स्थानों की छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया है।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मैदानी अमले को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है और छत्तीसगढ़ का प्रथम स्थान इस दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए विभागीय टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही छत्तीसगढ़ आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग भविष्य में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए इस प्रथम स्थान को बनाए रखेगा तथा प्रदेश की प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला तक योजना का लाभ समय पर पहुंचाएगा। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्रदेश में 1,86,586 गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत पंजीकरण किया जा चुका है।

प्रोजेक्ट दधीचि से जुड़कर पशु परिचारक ने लिया अंगदान का संकल्प

कलेक्टर ने किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दक्षिचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बैरन बाजार स्थित जिला वेटनरी हॉस्पिटल में पशु परिचारक श्रीमती हेमा ठाकुर ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले में संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के अंतर्गत उन्होंने अंग दान के लिए पंजीयन कर जनजागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की तथा कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। श्रीमती ठाकुर ने अपने संकल्प के बारे में कहा कि ÷मेरे जाने के बाद यदि मेरे अंगों से किसी को स्वस्थ जीवन मिल सके, तो इससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती।÷ उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत अब तक 90 से अधिक लोगों ने अंग एवं संपूर्ण शरीर दान का संकल्प लिया है।

महतारी वंदन की राशि से गीता मरावी ने खरीदी सिलाई मशीन, बनी आत्मनिर्भर

■ सिलाई कर प्रतिमाह कमा रही 3 हजार रुपए

रायपुर/नवप्रदेश। शासन की फ्लैगशिप महतारी वंदन योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने व्यवसायों को सशक्त बना सकें और अपने परिवारों के लिए समृद्धि ला सकें। इस योजना की राशि का उपयोग महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कर रही हैं, जिससे वे समाज में सशक्त हो रही हैं और आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं। इसी कड़ी में लोरमी विकासखण्ड के ग्राम खुड़िया की गीता मरावी ने महतारी वंदन योजना के तहत शासन से प्रतिमाह मिलने वाली 01 हजार रूपए की सहायता राशि से मिलाई मशीन खरीदा और उससे कपड़ों की सिलाई कर प्रतिमाह 03 हजार रूपए कमा रही हैं। गीता मरावी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप उन्हें हर महीने 01 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त होती है। इस राशि को उन्होंने केवल खर्च करने के बजाय एक नई शुरुआत का माध्यम बनाया। कुछ महीनों की सहायता राशि को जोड़कर उन्होंने एक सिलाई मशीन खरीदी। सिलाई मशीन

मिलने के बाद गीता ने अपने घर पर ही सिलाई का कार्य शुरू किया। धीरे-धीरे आसपास के लोगों से कपड़ों की सिलाई का काम मिलने लगा। अब वे नियमित रूप से सिलाई कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। उन्होंने बताया कि सिलाई के काम से होने वाली आय से वे अपने बच्चों की पढ़ाई और घर के अन्य खर्चों में सहयोग कर पा रही हैं। इससे उन्हें न केवल आर्थिक मजबूती मिली है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

पुस्तकालय योजना में बढ़ती जा रही जनभागीदारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जिले में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना जनभागीदारी का प्रेरक उदाहरण बनती जा रही है। इस पहल के माध्यम से लोग स्वेच्छा से पुस्तकें और इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट दान कर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में आज रायपुर के सत्ती बाजार स्थित अग्रवाल ट्रेडर्स एंड पब्लिशर्स के संचालक संतोष अग्रवाल ने इंजीनियरिंग, कंप्यूटर सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित लगभग 2000 पुस्तकें जिला प्रशासन को दान कीं।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। अग्रवाल ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से मिली। उन्होंने कहा कि समाज के लिए कुछ सकारात्मक करने की भावना से उन्होंने पुस्तक दान का निर्णय लिया। उन्हें खुशी है कि इन पुस्तकों से जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत अब तक 10 हजार एक सौ से अधिक पुस्तकें और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स दान किए जा चुके हैं। इन संसाधनों का लाभ लेकर अनेक विद्यार्थी अपनी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को नई दिशा दे रहे हैं। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे भी इस पुनीत पहल से जुड़कर ज्ञान के दान में भागीदार बनें और युवाओं के सपनों को साकार करने में सहयोग दें। पुस्तक अथवा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दान करने के इच्छुक नागरिक श्री प्रभात सक्सेना (94060 49000) एवं श्री केदार पटेल (94255 02970) से संपर्क कर सकते हैं।

कोल लेवी घोटाला मामला में एसीबी-ईओडब्ल्यू ने रायपुर की विशेष अदालत में पेश की चौथी चार्जशीट

■ 12 पेज का चालान, शेल कंपनियों में घुमायी गई बड़ी रकम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोल लेवी घोटाले में जांच ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। एसीबी-ईओडब्ल्यू ने मंगलवार को रायपुर की विशेष अदालत में इस मामले का चौथा पूरक चालान पेश कर दिया। यह चालान आरोपी राकेश जैन के खिलाफ करीब 1200 पेज का है, जिसमें कई गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। राकेश जैन पर आरोप है कि उसने कई शेल कंपनियों के जरिए करीब 40 करोड़ रुपये की रकम को बैंकिंग चैनलों में घुमाया। फर्जी बिलिंग, अलग-अलग फर्मों के नाम पर भुगतान और कई खातों में पैसे ट्रांसफर कर असली स्रोत छिपाने की कोशिश की गई। जांच एजेंसियों का दावा है कि बाद में यह रकम धीरे-धीरे नकद में निकालकर कथित मास्टरमाइंड सूर्यकांत तिवारी तक पहुंचाई जाती थी। इस पूरे खेल में कई फर्मों के नाम भी सामने आए हैं, जिनके खातों का इस्तेमाल रकम घुमाने के लिए किया गया।

राकेश जैन इस पूरे नेटवर्क की अहम कड़ी

जांच में सामने आया है कि अवैध कोल लेवी का पूरा खेल बेहद सुनियोजित तरीके से चल रहा था। ज्यादातर रकम नकद में वसूली जाती थी। लेकिन जिन लोगों के पास तुरंत कैश नहीं होता था, उनके लिए भी अलग इंतजाम था। आरोप है कि शेल कंपनियों और फर्जी फर्मों के जरिए पैसे को बैंक खातों में घुमाकर उसे वैध दिखाने की कोशिश की जाती थी। एसीबी-ईओडब्ल्यू की जांच के मुताबिक राकेश जैन इस पूरे नेटवर्क की अहम कड़ी था।

कलेक्टर ने ली समय-सीमा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज समय-सीमा की महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से डीईएएफ्रीपी एवं निष्क्रिय खातों,लंबित राजस्व प्रकरणों, कॉल सेंटर से प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में चल रहे सभी निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने नए वित्तीय वर्ष के लिए विभागवार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा कि सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का जल्द निराकरण करें, इसके साथ ही कॉल सेंटर एवं अन्य लंबित शिकायतों का भी समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे DEAF एवं Inoperative बैंक खातों के निराकरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें।

हिंदू नववर्ष: धर्मगुरु ही राजा, यह 'रौद्र' संवत्सर, सालभर दिखाएगा प्रभाव

19 मार्च से नवरात्रि: इसी दिन प्रारंभ होगा नव संवत्सर विक्रम संवत 2083

रायपुर/नवप्रदेश। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च से होगी। इस बार ग्रहों का बहुत ही शुभ योग संयोग बनने वाला है। पंचांग की गणना के अनुसार, नव वर्ष की शुरुआत में गुरु का गोचर मिथुन राशि में रहेगा, जबकि साल के मध्य में गुरु का गोचर कर्क राशि से होगा और साल के अंत में सिंह राशि में संचार करेंगे। साथ ही राहु और केतु भी इस संवत के अंतिम भाग में राशि परिवर्तन करेंगे, जबकि शनि इस संवत् में मीन राशि में संचार करेंगे। हिंदू नव वर्ष के राजा गुरु होंगे। नव संवत्सर के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से होगी। समापन 27 मार्च को होगा। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष

प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा। इसीलिए इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, विक्रम संवत 2083 का नाम 'रौद्र' संवत्सर है, जिसका प्रभाव साल भर देखने को मिलेगा। इस साल चैत्र नवरात्र कुछ खास ज्योतिषीय संयोग में शुरू होंगे। प्रतिपदा तिथि अमावस्या में मिलने के कारण पहली तिथि टूटने का योग बन रहा है, लेकिन इसके बावजूद नवरात्र पूरे नौ दिनों के ही रहेंगे। प्रतिपदा तिथि 19 को सूर्योदय के बाद प्रारंभ होगी और अगले दिन 20 मार्च को सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी। शास्त्रों के अनुसार जिस दिन प्रतिपदा तिथि होती है, उसी दिन नवरात्र घटस्थापना करना श्रेष्ठ माना गया है।

नवरात्रि के पहले दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है। इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर सुबह 10 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। यदि इस मुहूर्त में घट (कलश) स्थापना न कर पाएं तो घटस्थापना का मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में भी रहेगा, जिसका मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 52 मिनट से लेकर 12 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश (घट) को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानि उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है।

प्रतिपदा पर बनेंगे विशेष योग

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन यानी 19 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इसके साथ ही शुक्ल योग और ब्रह्म योग का भी संयोग रहेगा। शुक्ल योग प्रातः काल से रात 1:17 बजे तक रहेगा, इसके बाद ब्रह्म योग प्रारंभ होगा। सर्वार्थ सिद्धि योग 20 मार्च को सुबह 4:05 बजे से 6:25 बजे तक रहेगा। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन राहुकाल दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा। इस समय शुभ कार्य करने से बचना चाहिए।

गोफनी नाला में स्टॉपडेम निर्माण कार्य के लिए 3.80 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बस्तर जिले के विकासखण्ड-बस्तर के गोफनी नाला में स्टॉपडेम निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 80 लाख 59 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्य के पूर्ण होने के उपरांत जल संवर्धन, निस्तारी, पेयजल एवं कृषकों के द्वारा स्वयं के साधन से 80 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। योजना के कार्य को कराने मुख्य अभियंता गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग जगदलपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

दुबई एयरपोर्ट के पास ड्रोन हमला भारतीय समेत चार लोग घायल

दुबई। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दुबई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दुबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास दो ड्रोन गिराए जाने की घटना सामने आई है। इस घटना में एक भारतीय नागरिक सहित कुल चार लोग घायल हो गए। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास उड़ रहे दो ड्रोन को मार गिराया। इसके बाद ये ड्रोन एयरपोर्ट के पास गिर गए, जिससे आसपास मौजूद लोगों को चोटें आईं। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में दो घाना के नागरिकों और एक बांग्लादेशी नागरिक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक भारतीय नागरिक को मध्यम स्तर की चोटें लगी हैं। घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इसके साथ ही दुबई प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस घटना के बावजूद एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन सामान्य रूप से जारी है और यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि ये ड्रोन कहां से आए और इन्हें किस उद्देश्य से उड़ाया गया था।

केरल को मलयाली नाम मिला, इसकी खुशी चेहरों पर दिख रही : मोदी

चेन्नई/कोच्चि। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केरलम (केरल) दौरे पर हैं। वे बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे।

वहां से हेलीकॉप्टर से नौसैनिक अड्डे गए। फिर सड़क मार्ग से मरीन ड्राइव में अखिल केरल धीवर सभा के गोल्डन जुबली समारोह में शामिल हुए। पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केरल का नाम बदलकर 'केरलम' किए जाने का फैसला मलयाली लोगों के लिए खुशी का पल है। मेरे मलयाली भाइयों और बहनों का लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। मलयाली संस्कृति के अनुसार इस खूबसूरत राज्य को उसका उचित नाम मिला है। केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कोच्चि में रोड शो भी किया। वे जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित करीब 300 मीटर लंबे रोड शो के दौरान उन्होंने कार की सनरूफ से लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

मिडिल ईस्ट में जंग और भड़की, होर्मुज स्ट्रेट में थाई कार्गो शिप पर हमला 28 भारतीय जहाज फंसे

नई दिल्ली (ए.)। वेस्ट एशिया में जारी संघर्ष के बीच होर्मुज स्ट्रेट के पास मर्चेंट जहाजों पर हुई घटनाओं में दो भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति अभी भी लापता है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण 770 से अधिक भारतीय नाविकों के साथ 28 भारतीय झंडे वाले जहाज फिलहाल इस इलाके से गुजर रहे हैं या वहीं मौजूद हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और भारतीय नागरिकों व नाविकों की सुरक्षा के लिए संबंधित एजेंसियों और जहाज मालिकों के साथ समन्वय किया जा रहा है। भारत सरकार प्रभावित भारतीयों को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।

अमेरिका में 50 साल बाद खुलेगी नई ऑयल रिफाइनरी, ट्रंप का दावा- रिलायंस इंस्ट्रीज भी करेगी निवेश

नई दिल्ली (ए.)। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंस्ट्रीज अमेरिका में बनने वाली ऑयल रिफाइनरी में निवेश करेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका दावा किया है। इसके लिउ उन्होंने रिलायंस को धन्यवाद भी दिया। अमेरिका में यह ऑयल रिफाइनरी 50 साल बाद बनने जा रही है। यह प्रोजेक्ट करीब 300 अरब डॉलर का है।

इस रिफाइनरी को टेक्सास के पोर्ट ऑफ ब्राउन्सविल में बनाया जाएगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए इसे अमेरिका के इतिहास की सबसे बड़ी इन्वेस्टमेंट डील बताया। उन्होंने लिखा कि अमेरिका के इतिहास का यह सबसे बड़ा सौदा है।

50 साल बाद कोई नई रिफाइनरी: ट्रंप के मुताबिक, इस रिफाइनरी का निर्माण अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग द्वारा किया जाएगा। इसमें भारत की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज निवेश करेगी। रिफाइनरी को लेकर ट्रंप ने लिखा, 'आज मुझे यह घोषणा करते हुएगर्व हो रहा है कि टेक्सास के ब्राउन्सविल में 50 वर्षों बाद अमेरिका की पहली नई ऑयल रिफाइनरी खोल रही है।'

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का किया शंखनाद

लखनऊ। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने लखनऊ में शंखनाद कर गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद कर दिया। आशियाना के कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक उपवन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-धर्माचार्य और समर्थक मौजूद रहे।

कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग जगहों से धर्माचार्य और गो रक्षक मंगलवार को ही लखनऊ में जुट गए। गो रक्षा आंदोलन को लेकर शंकराचार्य इन दिनों चर्चा में हैं और गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं।

इस आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने एक दिन पहले ही तैयारी शुरू कर दी और सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध कार्यक्रम में भाग लेने मंगलवार को लखनऊ पहुंचे राष्ट्रीय संत सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतगुरु आचार्य देव मुरारी बापू ने अमर उजाला से बातचीत में कहा कि इस कार्यक्रम को रुकवाने की बहुत कोशिशें की गईं जो निरर्थक साबित हुईं। प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए कई शर्तों के साथ अनुमति दी है।

गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के समर्थन में जुटीं महिलाएं

फैजुल्लागंज क्षेत्र में बुधवार को गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के समर्थन में दर्जनों सनातनी महिलाएं एकत्रित हुईं। इस दौरान महिलाओं ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग उठाते हुए आंदोलन को मजबूती देने का आह्वान किया। सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने कहा कि सनातन संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान रहा है, लेकिन वर्तमान समय में लोग इससे दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूजा-पाठ में शुद्धता और परंपराओं का पालन जरूरी है। साथ ही उन्होंने लोगों से गौ संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की।

उन्होंने कहा कि गौ, गंगा और गायत्री भारतीय संस्कृति का मूल आधार हैं। यदि देश गो-बध मुक्त बनता है तो भारत पुनः विश्व गुरु के स्वरूप की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में कर्मों के आधार पर फल मिलने की मान्यता है, इसलिए प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है कि वह गौ रक्षा के लिए अपना योगदान दे। कार्यक्रम में अखिलेश अवस्थी ने कहा कि राजस्व अभिलेखों में प्रत्येक गांव में गोचर भूमि दर्ज है, लेकिन अब अधिकांश स्थानों पर यह भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है। इसके कारण गौवंश सड़कों और बाजारों में भटकने को मजबूर है।

दलजीत कौर ने कहा कि हर सनातनी को गौ रक्षा के लिए आगे आना चाहिए और जहां भी संभव हो, गौ प्रतिष्ठा आंदोलन का समर्थन करना चाहिए। इस दौरान मौजूद लोगों ने गौ माता के समर्थन में जयकारे लगाए और आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

अविश्वास पर हारा विपक्ष, ओम पर विश्वास बरकरार

अमित शाह बोले- आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे, विपक्ष ने माफी मांगो के नारे लगाए

नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक प्रस्ताव पर सरकार की तरफ से जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

शाह ने कहा कि 18वीं लोकसभा में कांग्रेस सांसदों को बोलने के लिए भाजपा से दो गुना ज्यादा समय मिला। फिर भी विपक्ष के नेता कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। जब बोलने का मौका आता है तो वे जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं।

शाह ने कहा- एक तो वे बोलना नहीं चाहते हैं। जब बोलना चाहते हैं तो नियम के अनुसार नहीं बोलना चाहते हैं। ये सदन नियम से चलेगा। स्पीकर को नियमों के उल्लंघन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उसका माइक बंद ही होगा। गृह मंत्री ने आगे कहा- राहुल सदन में प्रधानमंत्री मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं।

फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। ये स्पीकर के आचरण पर सवाल करते हैं। अपने आचरण पर भी तो सवाल करिए। शाह के जवाब के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और 'अमित शाह माफी मांगो' के नारे लगाए।

अमित शाह ने गिनाया, कांग्रेस और राहुल को सदन में कितना समय मिला

कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे

18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। मगर बोलने का मौका आता है तो जर्मनी में होते हैं इंग्लैंड में होते हैं। फिर शिकायत करते हैं। 18वीं लोकसभा में 157 घंटे 55 मिनट कांग्रेस के सदस्य बोले। मैं विपक्ष नेता से पूछना चाहता हूं कि आप तब क्यों नहीं बोले। किसने रोका था। वो तो आपका अधिकार है कि आपकी पार्टी से कौन बोलेगा।

विपक्ष के नेता स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर भी कुछ नहीं बोलते। फिर प्रस्ताव लाते क्यों है। एक तो बोलना नहीं चाहते हैं। बोलना चाहते हैं तो नियम अनुसार नहीं बोलना चाहते।

वक्फ संशोधन‌धारा 370 जैसी चर्चाओं से राहुल गायब रहे। स्ढ्रक्र पर चर्चा थी। विपक्ष के नेता को बोला गया कि आप बोलिए। नहीं बोले। उन्होंने सदन डिस्टर्ब किया। उनको अचानक एक आइडिया आया कि मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा हो। आपके परनाना से लेकर आपकी दादी से पिता जी तक, बड़े बड़े नेता के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बहस नहीं हुई।

16वीं लोकसभा में राहुल गांधी ने 2014, 2015, 2017 और 2018 में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भाग नहीं लिया। उन्होंने 16वीं लोकसभा में केंद्रीय बजट पर किसी भी चर्चा में भी हिस्सा नहीं लिया।

उन्होंने किसी भी सरकारी विधेयक पर चर्चा में भाग नहीं लिया। 16वें, 17वें, 19वें, 20वें और 21वें सत्रों में उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग नहीं लिया। 19वें, 20वें, 22वें और 23वें सत्रों में उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग नहीं लिया और एक विधेयक को छोड़कर किसी अन्य विधायी चर्चा में भी भाग नहीं लिया। 18वीं लोकसभा में उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग नहीं लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा के आदेश

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है कि उसने एनसीईआरटी को सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि एनसीईआरटी से ऐसा करने के लिए कहने के बजाय, अगर केंद्र पाठ्यक्रम की समीक्षा करने के लिए एक विशेषज्ञ कमिटी बनाता तो अच्छा होता। सुप्रीम कोर्ट एनसीईआरटी की क्लास आठ की सोशल साइंस की किताब से जुड़े एक सुओ मोटो केस की सुनवाई कर रहा था, जिसमें ज्यूडिशियरी में को लेकर आपत्तिजनक कंटेंट प्रकाशित किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने एनसीईआरटी से सिर्फ कक्षा आठ की नहीं, बल्कि सभी क्लास की टेक्स्टबुक्स का समीक्षा करने को कहा है। उन्होंने बेंच को भरोसा दिलाया कि पाठ्यक्रम की जांच के लिए डोमेन विशेषज्ञ का एक पैनल बनाया जाएगा।

पति-पत्नी लंबे समय से अलग रह रहे और सुलह की कोई संभावना न बची हो तो अलग रहना ही ठीक : हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक मामले में दंपति के बीच सुलह की संभावनाओं के खत्म होने और दो बेटियों के भविष्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने पति-पत्नी के बीच आपसी सहमति से तलाक को मंजूरी दी है। मध्यस्थता केंद्र में हुए समझौते के तहत पति ने पत्नी को 51 लाख रुपए गुजारा भत्ता और अपनी दोनों बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए 15-15 लाख रुपए की एफडी कराने पर सहमति जताई है। महाराष्ट्र के राजोली निवासी व्यक्ति की शादी छत्तीसगढ़ निवासी महिला के 21 मई 2006 को हिंदू रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। उनकी दो बेटियां हैं। विवाह के कुछ सालों बाद ही दोनों के बीच वैचारिक मतभेद शुरू हो गए, जिसके कारण वे अक्टूबर 2018 से अलग रहने लगे थे। पति ने पहले क्रूरता के आधार पर तलाक के लिए फैमिली कोर्ट में याचिका लगाई थी। फैमिली कोर्ट ने क्रूरता साबित नहीं होने का हवाला देते हुए इसे 6 जुलाई 2024 को खारिज कर दिया था।

Chhattisgarh State Co-operative Marketing Federation Ltd, 6th Floor, C Tower, Commercial Complex, CBD, Sector 21, Head office, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur - 492002
Tel No 0771-2425420, 2425421
E-mail: mf_ctrlroom_raipur@gov.in, Website:www.markfed.cg.nic.in
Markfed/Audit/2025-26/
/Nava Raipur Atal Nagar, Dated 11.03.2026

Expression of Interest (EOI)

Kind attention to all that with respect to EOI **BID Nummber -** GEM/2026/B/7257943, MARKFED has invited applications for doing statutory audit work for FY 2025-26 and 2026-27 which has been cancelled. Thus fresh applications are again invited from Chartered Accountant firms having Head office in Chhattisgarh and branch office in Raipur and empanelled with Registrar Co-operative Societies for doing Statutory Audit under Chhattisgarh Co-operative Act, 1960 for the financial year 2025-26 & 2026-27, Interested C.A.firm may submit prescribed application form as per below schedule:

BID Nummber - GEM/2026/B/7343457
Last date of submission of EOI – 21.03.2026 Time 12.00 pm
Date of opening of EOI - 21.03.2026 Time- 12.30 pm
Any modification/amendment, if any, will be published in website only.
Detail information can be seen in official website i.e. https:/gem.gov.in

S - 47159/3 **Chief Accounts Officer / FC**

यूको बैंक UCO BANK
शाखा : सेक्टर-1, भिलाई (छ.ग.)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक, शाखा- सेक्टर-1, भिलाई (छ.ग.)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है। उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर एवं बंधककर्ता का नाम	अचल संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि	मांग सूचना तिथि को बकाया राशि
1.	श्रीमती डोरिसी नाग पत्नी श्री जय शंकर एवं श्री जय शंकर पुत्र स्व. श्री तेज बहादुर, पताः फ्लैट नं. 05, प्रथम तल, ब्लॉक नं. E6, चौहान ग्रीन वैली, फेज-II, जुनवानी रोड, स्मृति नगर, वार्ड नं. 02, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.)	फ्लैट नं. 05, प्रथम तल, ब्लॉक नं. E6, चौहान ग्रीन वैली, फेज-II, जुनवानी रोड, स्मृति नगर, वार्ड नं. 02, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) चौहद्दीः उत्तर- खुला आसमान, दक्षिण- लॉबी से फ्लैट नं. E6-4, पूर्व- फ्लैट नं. E6-06, पश्चिम- खुला आसमन।	15/12/2025 11/03/2026 सांकेतिक कब्जा	₹ 16,52,672.92 + 29/11/2025 से अप्रयुक्त ब्याज

दिनांकः 11.03.2026 स्थान- भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी- मुख्य प्रबंधक/ यूको बैंक

यूको बैंक UCO BANK
ट्राई जंक्शन शाखा, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / कब्जा के प्रकार	बकाया राशि
1.	ऋणी- श्री आयुश कुमार शुक्ला पिता भूपेंद्र कुमार शुक्ला एवं श्रीमती योगिता शुक्ला पति आयुश कुमार शुक्ला	फ्लैट नं. 503, राधिका पैलेस अपार्टमेंट, पांचवी मंजिल, 1245 वर्गफीट, शांति नगर, कोहका, भिलाई (छ.ग.) चौहद्दीः उत्तर- फ्लैट नं. 504, दक्षिण- खुला आसमान, पूर्व- सिढ़ी एवं लिफ्ट, पश्चिम- खुला आसमान।	01/10/2025 09/03/2026 सांकेतिक कब्जा	₹ 14,36,090.20 + ब्याज देय और अन्य खर्च।

दिनांकः 11.03.2026 स्थान- भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक

सड़कों पर मवेशी का राज, सिस्टम लाचार, कागजों पर सिमटी सरकारी योजनाएं

लगातार हो रहे सड़क हादसे से जनता बेहाल और किसान परेशान, हाईकोर्ट की फटकार का भी असर नहीं

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली जिले में मौत बनकर घूम रहे है बेसहारा पशु हर चैराहों पर पशुओं का कब्जा प्रशासन बेबस नजर आ रहा है और इन अव्यवस्थाओं की लापरवाही का खामयाजा आम जनता भुगत रही है, हाई कोर्ट के फटकार के बाद भी हालत में कोई सुधार नहीं, छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम लागू होने के बावजूद धरातल पर निगरानी तंत्र पूरी तरह ध्वस्त है। राज्य में गोवंश के अवैध परिवहन और तस्करी की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं।

बेसहारा मवेशियों को मिले सहारा-जिले में बेसहारा मवेशियों की बढ़ती संख्या के कारण सड़क हादसों में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थिति यह है कि सड़कों पर ट्रैफिक सिग्नल की बजाय आवारा गोवंश का राज चल रहा है। नगर पालिका और प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद मुख्य मार्गों से लेकर तंग गलियों तक में मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। हार्न बजाने पर भी ये मवेशी टस से मस नहीं होते, जिससे यातायात बाधित हो रहा है।

हाई कोर्ट ने भी इस समस्या पर चिंता जताते हुए प्रशासन को कई बार फटकार लगाई है, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। पड़ताल में यह सामने आया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी गोवंश के झुंड बैठे रहते हैं। जिससे राहगीर और मवेशी दोनों हादसों का शिकार हो रहे हैं। हाईवे पर मवेशियों की उपस्थिति से मौत का खतरा बढ़ गया है। मुंगेली-बिलासपुर, मुंगेली-रायपुर और मुंगेली-कवर्धा राजमार्ग पर मवेशियों के कारण रोजाना हादसे हो रहे हैं। रात के अंधेरे में सड़क पर बैठे काले मवेशी दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। रिंग रोड़ पर भी यात्रियों को इन पशुओं के बीच से निकलने में कठिनाई हो रही है। पशुओं के सड़कों पर आने का मुख्यकारण चारागाह भूमि का खत्म होना है। जिले में गौधाम योजना के तहत लगभग 5 गोठान पंजीकृत हैं, जिनकी क्षमता लगभग 1200 पशुओं की है, लेकिन वर्तमान में केवल तीन गौधाम क्रियाशील हैं, जहां क्षमता से अधिक पशुओं को आश्रय मिला है।

मवेशियों के चलते फसल बर्बाद-मवेशियों की बढ़ती संख्या का सबसे बुरा असर रबी की फसलों पर पड़ रहा है। दलहन और तिलहन की फसलें आवारा मवेशियों की भेंट चढ़ रही हैं। गोठानों के बंद होने से किसानों को कड़ाके की ठंड में रातभर खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। ग्रामीण इलाकों से पशुओं को शहर की ओर खदेड़ दिया जाता है और शहर वाले उन्हें सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में छोड़ देते हैं। इस चूहे-बिल्ली के खेल में मवेशी भूख-प्यास से व्याकुल होकर हिंसक हो रहे हैं और रहवासियों पर हमला कर रहे हैं। पशु मालिक अपनी जिम्मेदारी से भागते हैं और मवेशियों को लावारिस छोड़ देते हैं। छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम लागू होने के बावजूद धरातल पर निगरानी तंत्र पूरी तरह ध्वस्त है। राज्य में गोवंश के अवैध परिवहन और तस्करी की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। प्रशासन को अस्थायी आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ानी होगी और स्थानीय निकायों की जवाबदेही तय करनी होगी। राज्य सरकार ने चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की तैयारी शुरू कर दी है अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इस मुहिम का उद्देश्य पशुधन को सड़कों से हटाकर सुरक्षित चरागाह उपलब्ध कराना है।

न्यूज गैलरी

गैस और डीजल-पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक, खाद्य सचिव ने ली बड़ी बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में घरेलू एलपीजी तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के लिए बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में घरेलू एलपीजी गैस तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि, राज्य में संचालित सभी 5 एलपीजी बॉटलिंग प्लांटों में एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। इस अवसर पर संचालक खाद्य एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को राज्य में एलपीजी गैस की दैनिक आपूर्ति और वितरण व्यवस्था पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में ऑयल कंपनी के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि, कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डर वर्तमान में केवल विशेष अत्यावश्यक संस्थाओं, जैसे अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को ही सप्लाई किए जा रहे है। इस पर खाद्य सचिव रीना कंगाले ने निर्देशित किया कि, वर्तमान समय में विद्यार्थियों की परीक्षाएँ चल रही हैं, इसलिए शैक्षणिक संस्थाओं एवं छात्रावासों को गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। खाद्य सचिव श्रीमती कंगाले ने राज्य के उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि, प्रदेश में एलपीजी गैस तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है और इन पेट्रोलियम पदार्थों की किसी प्रकार की कमी या शॉर्टेज नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि, उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के माध्यम से गैस सिलेण्डर की आपूर्ति नियमानुसार नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल फ्री कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 पर संपर्क कर सकते हैं।

महज हजार रुपये बकाया बिल पर बिजली का कनेक्शन कट

रायपुर/नवप्रदेश। आम उपभोक्ताओं से बकाया वसूलने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की मनमर्जी पर बिजली नियामक आयोग भारी खफा है। प्रदेशभर के छोटे बकायेदार जिन पर हजार रुपए का भी बकाया है, तो उनकी बिजली को काट दिया जा रहा है। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से 19 जनवरी को प्रकाशित किया, तो इस मामले को बिजली नियामक आयोग ने गंभीरता से लेते हुए खुद से संज्ञान लेते हुए याचिका दायर कर ली है और पॉवर कंपनी को नोटिस थमा दिया है। अब मामले की आयोग में 17 मार्च को सुनवाई होगी और पॉवर कंपनी को जवाब देना पड़ेगा कि आखिर क्यों एक माह का छोटा सा ही बकाया होने पर उपभोक्ताओं की बिजली कट की जा रही है। एक तरफ जहां आम उपभोक्ताओं की बिजली कट हो रही है, वहीं रसूखदारों की बिजली कट करने में पॉवर कंपनी का पसीना छूट रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने काफी समय से प्रदेश भर में बिजली के बकायेदारों के खिलाफ अभियान चला रखा है। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के हर शहर में बकायेदारों के कनेक्शन कट किए जा रहे हैं। प्रदेश भर में बीस लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिन पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। 20 हजार या इससे ज्यादा के बकायेदारों की संख्या ही दस लाख के करीब है। इन पर ही करीब ढाई हजार करोड़ का बकाया है। इसी के साथ एक लाख से ज्यादा के बकायेदारों की संख्या छह हजार से ज्यादा है।

मखाना की खेती सीखने पहुंचे छत्तीसगढ़ आए एमपी के किसान

रायपुर/नवप्रदेश। धान का कटोरे कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में अब एक नई फसल अपनी पहचान बना रही है। सुपर फूड मखाना, जिसे काला हीरा भी कहा जाता है। स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर मखाने की खेती अब राज्य में आधुनिक तकनीक और नवाचार के साथ हो रही है। मखाना उत्पादन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं अध्यक्ष जनपद सदस्य आरंग, रिंकू चंद्राकर ने की। मध्य प्रदेश के किसानो को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर ने कहा- केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से छत्तीसगढ़ मखाना बोर्ड सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम में शामिल हुआ है। हमारे मुख्य मंत्री विष्णु देव साय और कृषि मंत्री राम विचार नेताम द्वारा मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने विशेष प्रयास किया जा रहा है।

मौसम: सिरदर्द, चक्कर या उल्टी हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाने की सलाह, पर्याप्त मात्रा में पीते रहें पानी

तेज धूप, रायपुर में पारा 38 डिग्री पार स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश राजधानी में मार्च के दूसरे सप्ताह में ही तेज गर्मी का असर दिखने लगा है। तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दोपहर होने से पहले ही वातावरण गर्म हो जा रहा है, जिसके कारण लोग धूप और गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं।

सोमवार दोपहर शास्त्री चौक समेत शहर के कई इलाकों में राहगीर तेज धूप से बचने के लिए चेहरे को स्कॉर्फ से ढंके नजर आए। बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएमएचओ) और सिविल सर्जनों को गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है।

हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती है: स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी में कहा गया है कि सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी या अत्यधिक कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। स्वयं दवा लेने से बचने की सलाह दी गई है। गंभीर स्थिति में जब शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है, तो हीट स्ट्रोक की स्थिति बन जाती है, जिसे मेडिकल इमरजेंसी माना जाता है।

अस्पतालों में तैयारी अधूरी

हालांकि कई अस्पतालों में अभी भी लू के मरीजों के लिए अलग वार्ड तैयार नहीं किए गए हैं। सीजीएमएससी से दवाइयों की नियमित आपूर्ति नहीं होने के कारण आंबेडकर अस्पताल सहित कई जगहों पर लोकल पर्चेस से काम चलाया जा रहा है। आमतौर पर जब मरीज आने लगते हैं तब आनन-फानन में वार्ड तैयार किए जाते हैं या मरीजों को जनरल वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जाता है।

अस्पतालों में तैयारी के निर्देश

प्रदेश के जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में लू के मरीजों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आईवी फ्लूड, जीवनरक्षक दवाइयों और शीतलन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। रायपुर और दुर्ग जिला अस्पताल में सभी सुविधाओं से युक्त ऊष्मा आघात (हीट स्ट्रोक) कक्ष बनाए जा चुके हैं। अन्य जिलों को भी ऐसे कक्ष तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम की राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्मृति देवांगन के अनुसार अत्यधिक तापमान के संपर्क में आने से हीट स्ट्रोक हो सकता है, जिसमें मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर, सिरदर्द, प्यास और उल्टी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

गर्मी में बढ़ता है सांस संबंधी रोगों का खतरा

आंबेडकर अस्पताल के चेस्ट विभाग के एचओडी डॉ. आर.के. पंडा के अनुसार गर्मी के मौसम में अधिक तापमान और उमस के कारण अस्थमा, सीओपीडी और एलर्जी का खतरा बढ़ जाता है। गर्म और शुष्क हवा से सांस की नलियों में जलन, बलगम गाढ़ा होना, सांस फूलना, घरघराहट और सीने में जकड़न जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने सलाह दी कि ऐसे लक्षण होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

लू से बचाव के लिए यह रखें ध्यान

- पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें।
- हल्के और ढीले सूती कपड़े पहनें।
- बाहर निकलते समय सिर को ढंककर रखें।
- नींबू पानी, छाछ और मौसमी फलों का सेवन करें।
- स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और श्रमिकों को गर्मी से अधिक खतरा होता है, इसलिए इनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यदि किसी व्यक्ति में तेज बुखार, बेहोशी, भ्रम, अत्यधिक कमजोरी या पसीना आना बंद होने जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत ठंडी जगह पर ले जाकर 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से चिकित्सा सहायता उपलब्ध करानी चाहिए।

रविशंकर यूनिवर्सिटी में दाखिले के लिए आवेदन शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने अध्ययनशाला में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही छात्रों को प्रवेश दिए जाएंगे। ये परीक्षा ऑफ्लाइन मोड में होगी। ना सिर्फ स्नातक बल्कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी पंजीयन शुरू कर दिए गए है। ऑनलाइन पंजीयन के लिए सामान्य वर्ग को 500 रुपए चुकाने होंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को 400 रुपए देने होंगे। जबकि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए 300 रुपए का भुगतान करेंगे।

गौरतलब है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातकोत्तर के साथ-साथ स्नातक स्तर की परीक्षाएं भी अब सेमेस्टर प्रणाली से आयोजित की जा रही है। नवंबर-दिसंबर से सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ हो जाने के कारण छात्रों को पूर्व की तरह सितंबर-अक्टूबर तक प्रवेश प्रदान किया जाना संभव नहीं है। ऐसे में पंजीयन, प्रवेश परीक्षा सहित अन्य प्रक्रिया पर्याप्त समय पूर्व प्रारंभ की जा रही है। रविवि ने स्पष्ट किया है कि स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन पंजीयन के लिए स्नातक अंतिम वर्ष के परीक्षार्थी जिनका परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है अथवा ऐसे परीक्षार्थी जो वर्तमान में स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे आवेदन कर सकते हैं।

मुक्तिधाम में चल रहा था हाई प्रोफाइल जुए का फड़

सरपंच और नेता के रिश्तेदार समेत 7 जुआरी गिरफ्तार, 1.52 लाख नकद जब्त

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले की पुलिस लगातार जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई कर ग्राम तेलासी में संचालित एक हाई प्रोफाइल जुआ अड्डे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर एक सरपंच और खरोरा क्षेत्र के एक बड़े नेता के रिश्तेदार सहित कुल 7 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए जुआरियों के पास 1 लाख 52 हजार रूपए नकद, 52 पत्ती ताश, 2 मोटरसाइकिल और 7 मोबाइल फोन जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, 10 मार्च की रात समाधान सेल में सूचना प्राप्त हुई थी कि, ग्राम तेलासी स्थित मुक्तिधाम में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही गिधपुरी पुलिस ने घेराबंदी कर मौके पर दबिश देकर दी। पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए जुआरियों के पास से 1 लाख 52 हजार रूपए नकद, 52 पत्ती ताश, 2 मोटरसाइकिल और 7 मोबाइल फोन जब्त किया गया।

आरटीई की रकम डकारने वाले विद्यालय पर डीईओ मेहरबान!

रिकवरी आदेश के बाद भी गबन की रकम अटकी, अफसर कह रहे प्रक्रिया जारी

कोरबा/नवप्रदेश। शहर के तुलसीनगर स्थित गौरव युवा मंडल द्वारा संचालित कौशिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (शाला कोड 332029) एक बार फिर विवादों में आ गया है। आरटीई दावा प्रतिपूर्ति में कथित गड़बड़ी की शिकायत के बाद हुई जांच में वित्तीय अनियमितता के संकेत मिले हैं। आरोप है कि सत्र 2023-24 में नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के नाम पर फर्जी प्रविष्टियां दर्ज कर करीब 11,36,336 रुपये की राशि आहरित कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि जिन विद्यार्थियों के नाम पर राशि निकाली गई, वे वर्तमान में किस संस्था में अध्ययनरत हैं, इसकी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। मामले की जांच के बाद प्राचार्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए 3,27,208 रुपये की वसूली योग्य राशि चालान के माध्यम से शासकीय कोष में जमा कराने के आदेश जारी किए गए थे। हालांकि आदेश जारी होने के बाद भी अब तक उक्त राशि जमा नहीं हो सकी है। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरबा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं और पूरे मामले में विभागीय उदासीनता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। तुलसीनगर स्थित कौशिल विद्यालय के खिलाफ मिली शिकायत की जांच में खुलासा हुआ कि सत्र 2023-24 के लिए विद्यालय ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक कुल 129 विद्यार्थियों की सूची प्रस्तुत की थी, जिनमें 43 विद्यार्थियों को आरटीई के तहत प्रवेशित बताया गया। जबकि आरटीई पोर्टल में उसी सत्र के लिए केवल 56 विद्यार्थियों की स्वीकृति दर्ज थी। रिकॉर्ड मिलान के दौरान 13 विद्यार्थियों की जानकारी सूची में नहीं पाई गई। जांच रिपोर्ट के अनुसार इस अंतर और कथित गलत प्रस्तुतिकरण के कारण शासन को लगभग 11 लाख 36 हजार 336 रुपये की वित्तीय क्षति का उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद आदेश जारी होने के करीब एक माह बाद भी राशि जमा नहीं होने से पूरे प्रकरण में सवाल नहीं और गहरे हो गए हैं।

> तुलसीनगर में संचालित कौशिल विद्यालय के खिलाफ मिली शिकायत की जांच के बाद 11,36,336 रुपये की वसूली योग्य राशि जमा कराने के लिए संचालक को पत्र भेजा जा चुका है। फिलहाल वसूली की प्रक्रिया जारी है।
>
> – टीपी उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी, कोरबा

सूत्रों के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरबा ने मामले में कार्रवाई करते हुए विद्यालय प्रबंधन को स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों की पूरी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इस सूची के आधार पर यह स्पष्ट होना था कि जिन बच्चों के नाम पर आरटीई की राशि आहरित की गई, वे वास्तव में विद्यालय में पढ़ रहे थे या नहीं। हालांकि आदेश जारी होने के बाद भी अब तक विद्यालय प्रबंधन की ओर से अध्ययनरत छात्रों की पूरी सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है।

समस्या: वनांचल ग्राम सांकरी में जल जीवन मिशन का हाल, गांव के आधे घरों मे भी नहीं हुआ नल कनेक्शन

तीन साल बाद भी पानी टंकी के पाए जमीन से ऊपर नहीं आ पाए

खैरागढ़/नवप्रदेश। वनांचल ग्राम गातापार जंगल के आश्रित सांकरी मे पिछले पांच वर्षो मे जलजीवन मिशन की नींव ही खड़ी नही हो पाई है। सांकरी मे पेयजल संकट को देखते तीन साल पहले जलजीवन मिशन के तहत पानीटंकी और पाइपलाइन विस्तार के लिए 50 लाख रू से अधिक की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन मिशन के कार्य विभागीय और ठेकेदार की लापरवाही के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। कार्य के लिए ठेकेदार को भुगतान किए जाने की भी जानकारी सामने आई है।

सांकरी मे जलजीवन मिशन योजना के तहत बनाए जाने वाली पानी टंकी के पाए भी ठीक से खड़े नही किए जा सके। गांव वनांचल क्षेत्र मे बसा है। जहाँ पेयजल संकट की स्थिति हर माह बनी रहती है। पांच साल पहले यहां जलजीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण और घरो मे पाइपलाइन विस्तार किया जाना था। लेकिन आधी अधूरी कार्यवाही के चलते ग्रामीणों को अब तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति नही हो पाई। तीन साल पहले टंकी निर्माण के लिए खड़े किए गए पाए, जमीन से दो फीट ऊपर आने के बाद ज्यों के त्यो पडे है। ग्रामीणो ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होते ही बंद हो गया इसके बाद न तो ठेकेदार गांव मे कार्य झांकने आया न ही विभागीय अधिकारियो ने निर्माण कार्य की सुध ली।

वनविभाग ने बनाई व्यवस्था तो मिल रहा पानी

गांव मे पानी का संकट है। आसानी से बोर से पानी नही निकलता है। कुंए की खुदाई सफल नही होती है। ऐसे मे पुराने बोर और हैंडपंप ही एक मात्र पानी का सहारा है। ग्रामीणो ने बताया कि गांव मे पेयजल संकट से निपटने कुछ माह पहले वनविभाग द्वारा गांव से एक किमी दूर बोर करवाकर पाइपलाइन गांव तक पहुँचा कर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। जिसके कारण गांव के घरो को कुछ हद तक पेयजल नसीब हो रहा है। समय पर वनविभाग ने बोर खनन और पाइपलाइन डलकर आपूर्ति नही कराई होती तो गांव मे पेयजल के लिए अब तक हाहाकार मच चुका होता।

ग्रामीणो ने बताया कि सांकरी मे जलजीवनमिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य शुरू मे अटक गया। पाइपलाइन विस्तार कार्य ठेकेदार ने शुरू कराया लेकिन आधे घरो मे भी नल कनेक्शन नही मिल पाया। आधे अधूरे पाइपलाइन डालकर ठेकेदार काम बंद कर नदारद हो गया है। मामले मे ग्रामीणो ने पंचायत और जनप्रतिनिधियो के माध्यम से पीएचईविभाग सहित प्रशासन को जलजीवन मिशन कार्य पूरा कराने कई बार मांग और ज्ञापन पत्र सौंपा लेकिन जिले मे केवल कागजों मे चल रही जलजीवन मिशन योजना का लाभ अब तक ग्रामीणो को नही मिल पाया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com